

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 विराट आराम लेने में भी चैंपियन...

इमरान के खिलाफ देशद्रोह के मामले पर... 12



वर्ष : 13 | अंक : 60 | नई दिल्ली, रविवार, 17 जुलाई 2022 | श्रावण मास कृष्ण पक्ष, चतुर्थी | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 35.0°C

न्यूनतम तापमान 29.0°C

मौसम विभाग के अनुसार गर्मी से राहत मिलने वाली है साथ-साथ बारिश होने की संभावना है।

**पोल**

'रेवड़ी कल्चर' देश की राजनीति के लिए घातक?

| | |
|---|---|
| हां | 70% |
| नहीं | 20% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 51,955 |
| चांदी | 55,600 |
| सेंसेक्स | 53,760 |
| निफ्टी | 16,049 |

# जगदीप धनखड़ राजग के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार

## अभी वे पश्चिम बंगाल के राज्यपाल, भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में हुआ फैसला

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ देश के अगले उप राष्ट्रपति होंगे। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में इस पर मुहर लगाई गई। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी। भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में पीएम मोदी के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह, बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष और मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान मौजूद रहे। पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ही पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ से मुलाकात की थी।

**रेस थे मुख्तार अब्बास नकवी**

भाजपा ने इस बार भी उप राष्ट्रपति के चुनाव में चौंकाया है। इससे पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के साथ पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और नजमा हेपतुल्ला के नाम भी चर्चा में थी।



**2017 में भी भाजपा ने सबको चौंकाया था**

2017 में पार्टी ने तत्कालीन कैबिनेट मंत्री एम वेंकैया नायडू, पूर्व भाजपा अध्यक्ष और अनुभवी सांसद को अपने उपाध्यक्ष उम्मीदवार के रूप में नामित किया था। भाजपा ने बिहार के तत्कालीन राज्यपाल रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति चुनाव के लिए चुनकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया था। रामनाथ कोविंद और वेंकैया नायडू दोनों ने देश के दो सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर कब्जा करने के लिए आराम से चुनाव जीता था। भाजपा अपने उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए एक बार फिर मजबूत स्थिति में है।

**छह अगस्त को मतदान**

- उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवारों का नामांकन 19 जुलाई तक होगा। इसके बाद 20 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 22 जुलाई तक नामांकन करने वाले उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। वहीं 6 अगस्त को उपराष्ट्रपति चुनाव की वोटिंग होगी।

**राजग के पास पर्याप्त संख्याबल**

- उपराष्ट्रपति चुनाव में अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए भाजपा की अगुवाई वाले राजग के पास पर्याप्त संख्याबल है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रपति चुनाव की तरह इस चुनाव में भी भाजपा को कुछ गैर कांग्रेसी विपक्षी दलों, जैसे बीजेडी और वाईएसआर कांग्रेस का समर्थन मिलने का भरोसा है।

# देश में आपराधिक न्याय प्रणाली में पूरी प्रक्रिया एक तरह की सजा : सीजेआई

**व्यवस्था**

- न्यायिक रिक्तियों को नहीं भरने, बुनियादी ढांचे में सुधार नहीं करने से बड़ी संख्या में मामले लंबित : एनवी रमना





जयपुर, प्रात : किरण संवाददाता

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) एन वी रमना ने न्यायपालिका में बड़ी संख्या में लंबित मामलों के लिए केंद्र सरकार पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा न्यायिक रिक्तियों को न भरना मामलों के लंबित होने का प्रमुख कारण है। मुख्य न्यायाधीश की प्रतिक्रिया जयपुर में अखिल भारतीय कानूनी सेवा प्राधिकरण की बैठक में कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू के संबोधन के बाद आई।

सीजेआई ने देश में अंडर ट्रायल कैदियों की संख्या और अदालतों में लम्बित मुकदमों के निपटारे में तेजी लाने को कहा है। जयपुर में आयोजित 18वें अखिल भारतीय विधिक सेवा प्राधिकरणों के दो दिवसीय सम्मेलन में प्रधान न्यायाधीश रमना ने कहा- हम जहां जाते हैं, लोग हमसे भी लम्बित मुकदमों के बो में सवाल पूछते हैं। मुकदमा कब तक चलेगा? हम सब जानते हैं पेंडेंसी का कारण क्या है? आप सभी जानते हैं कि प्रमुख महत्वपूर्ण कारण न्यायिक रिक्तियों को न भरना और न्यायिक बुनियादी ढांचे में सुधार नहीं करना है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि देश की आपराधिक न्याय प्रणाली की प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा आपराधिक न्याय प्रणाली में पूरी प्रक्रिया एक तरह की सजा है। भेदभावपूर्ण गिरफ्तारी से लेकर जमानत पाने तक और विचाराधीन बंदियों को लंबे समय तक जेल में बंद रखने की समस्या पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है।

> राजनीतिक विरोध का शत्रुता में बदलना स्वस्थ लोकतंत्र का संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि कभी सरकार और विपक्ष के बीच जो आपसी सम्मान हुआ करता था वह अब कम हो रहा है। राजनीतिक विरोध, बैर में नहीं बदलना चाहिए, जैसा हम इन दिनों दुखद रूप से देख रहे हैं। ये स्वस्थ लोकतंत्र के संकेत नहीं हैं। पहले सरकार और विपक्ष के बीच आपसी आदर-भाव हुआ करता था। दुर्भाग्य से विपक्ष के लिए जगह कम होती जा रही है।
>
> -एनवी रमना, प्रधान न्यायाधीश

**जेल में बढ़ी संख्या**

प्रधान न्यायाधीश ने कहा- देश मे इस समय जितने भी कैदी जेलों में हैं, उनमें से 80 प्रतिशत अंडर ट्रायल हैं। जेल में लगातार बढ़ रही कैदियों की आबादी पर चिंता व्यक्त करते हुए, सीजेआई ने कहा, भारत में हमारे पास 1378 जेलों में 6.1 लाख कैदी हैं। वे वास्तव में हमारे समाज के सबसे कमजोर वर्गों में से एक हैं। जेल ब्लैक बॉक्स हैं। कैदी अक्सर अनदेखे, अनसुने नागरिक होते हैं। उन्होंने कहा, जेलों का विभिन्न श्रेणियों के कैदियों पर अलग-अलग प्रभाव पड़ता है।

**कानून मंत्री ने उठाया था पेंडिंग केसों का मुद्दा**

नालसा सम्मेलन में केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने इससे पहले सुप्रीम कोर्ट से लेकर हाईकोर्ट और निचली अदालतों में पेंडिंग चल रहे केसों पर चिंता जताते हुए इनके निबटान में तेजी लाने की जरूरत पर बल दिया था। रिजिजू ने कहा था कि अदालतों में पांच करोड़ मुकदमे लम्बित हैं। देश का कानून मंत्री होने के नाते मैं इन्हें बोझ के तौर पर देखता हूं। इनके निपटारे में तेजी लाने की आवश्यकता है।

## संक्षिप्त खबर

### मेक्सिको नौसेना का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको नौसेना का हेलीकॉप्टर ब्लैक हॉक दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई। मेक्सिकन नौसेना ने बताया कि मेक्सिको के बड़े ड्रग माफिया राफेल कारो क्विनतेरो की गिरफ्तारी और उसे ले जाने के दौरान यह हादसा हुआ। राफेल कारो क्विनतेरो को उत्तरी राज्य सिनालोआ से गिरफ्तार किया गया था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने नौसेना के हवाले से कहा कि अभी तक हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। सैन्य हेलीकॉप्टर में 15 लोग सवार थे, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया।

### राष्ट्रपति चुनाव : आप ने यशवंत सिन्हा को समर्थन देने की घोषणा की

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी राष्ट्रपति पद के चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा का समर्थन करेगी। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को पार्टी की राजनीतिक सलाहकार समिति (पीएसी) की बैठक के बाद यह घोषणा की। राष्ट्रपति पद के चुनाव में सिन्हा और द्रौपदी मुर्मू के बीच मुकाबला है। मुर्मू भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की उम्मीदवार है। सिंह ने कहा, हम द्रौपदी मुर्मू का सम्मान करते हैं लेकिन आप विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा का समर्थन करेगी। बैठक में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा, विधायक आतिशी तथा पीएसी के अन्य सदस्य शामिल हुए। राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान सोमवार को होगा।

# 'रेवड़ी कल्चर' देश के लिए घातक : पीएम मोदी

**मोदी बोले...**

- मुफ्त की सौगात बांटकर वोट बटोरने की संस्कृति को मिटाना है

जालौन (उप्र), प्रात : किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मतदाताओं को लुभाने के लिये जनता में मुफ्त की सौगात बांटने को देश के लिये घातक बताते हुए कहा है कि देश में मुफ्त की रेवड़ी बांट कर वोट बटोरने की परिपाटी पनप रही है, ये रेवड़ी कल्चर देश के लिये घातक है और सभी को मिलकर इस 'रेवड़ी कल्चर' को राजनीति से हटाना है। मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का यहां कैथेरी गांव में लोकार्पण करने के बाद अपने संबोधन में देशवासियों को आगाह किया कि मुफ्त की वस्तुयें बांटकर वोट बटोरने वाली राजनीति से बहुत सावधान रहने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री ने यहां विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, हमारे देश में मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट बटोरने का कल्चर लाने की कोशिश हो रही है। ये रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत घातक है। इस रेवड़ी कल्चर से देश के लोगों को बहुत सावधान रहना है। मोदी ने लोगों से इस परिपाटी को मिटाने का आह्वान करते हुए कहा, रेवड़ी कल्चर वाले कभी आपके लिए नए एक्सप्रेसवे नहीं बनाएंगे, नए एयरपोर्ट या डिफेंस कॉरिडोर नहीं बनाएंगे।



रेवड़ी कल्चर वालों को लगता है कि जनता जनार्दन को मुफ्त की रेवड़ी बांटकर, उन्हें खरीद लेंगे। हमें मिलकर उनकी इस सोच को हराना है, रेवड़ी कल्चर को देश की राजनीति से हटाना है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार मुफ्त की रेवड़ी बांटने का शॉर्टकट नहीं अपना रही, बल्कि मेहनत करके राज्य के भविष्य को बेहतर बनाने में जुटी है।

**अब दबंगों से डरने की जरूरत नहीं : योगी**

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा- बुंदेलखंड में दबंगों की वजह से लोग अपनी पुश्तैनी जमीन पर घर नहीं बना सकते थे। घरौनी योजना की वजह से अब संभव हो पाया है कि जिनके कागज नहीं हैं, अब वे अपना घर बना सकते हैं। आजादी के बाद से बुंदेलखंड की प्रतीक्षा आज खत्म हुई।

**'मुफ्त की रेवड़ी' पर भड़के केजरीवाल**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार की निशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और बिजली की योजनाएं मुफ्त की रेवड़ी नहीं हैं, बल्कि भारत को दुनिया का नंबर एक देश बनाने की नींव रखने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि अगर ईश्वर की इच्छा से वह ऐसा करने की स्थिति में हैं, तो देश में सभी के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं मुफ्त होंगी।

### सत्येंद्र जैन 28 को कोर्ट में तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में भाजपा नेता छैल बिहारी गोस्वामी की ओर से आम आदमी पार्टी (आप) नेताओं के खिलाफ दाखिल आपराधिक मानहानि के मामले में आरोपित दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येन्द्र जैन शनिवार को कोर्ट में पेश नहीं हो सके।

# संसद में पैम्फलेट वितरण व तख्तियों के इस्तेमाल पर रोक

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

संसद के मानसून सत्र के हंगामेदार होने की बानगी नजर आने लगी है। गुरुवार को राज्यसभा सचिवालय की ओर से जारी एक सर्कुलर में संसद परिसर में धरना, विरोध प्रदर्शन, अनसन आदि की अनुमति नहीं होने की बात कही गई है। इस विवाद के बीच लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी किया गया एक और सर्कुलर सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक संसद के मानसून सत्र से पहले आए इस पत्रक में लोकसभा सदस्यों को सलाह दी गई है कि वे सदन में किसी भी पर्चे, पत्रक या तख्ती के वितरण से परहेज करें। एडवाइजरी में कहा गया है कि स्थापित परंपरा के अनुसार, सदन में कोई भी साहित्य, प्रश्नावली, पैम्फलेट, प्रेस नोट या मुद्रित सामग्री माननीय अध्यक्ष की पूर्व अनुमति के बिना वितरित नहीं की जानी चाहिए।

### एलएनजेपी में होगा मंकीपॉक्स का इलाज

**नई दिल्ली।** देश में मंकीपॉक्स के मामले की पुष्टि होने के बाद दिल्ली में भी सतर्कता को लेकर कदम उठाए जा रहे हैं। मंकीपॉक्स संक्रमण को लेकर दिल्ली के सरकारी अस्पताल ने भी तैयारी शुरू कर दी है। संक्रमित मरीजों को दिल्ली के लोकनायक अस्पताल में उपचार मिलेगा। लोकनायक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि मंकीपॉक्स को लेकर अस्पताल में तैयारियां शुरू हो गई हैं। संक्रमित मरीजों के लिए आइसोलेशन वार्ड बनाया जा रहा है। फिलहाल दस बेड की व्यवस्था करेंगे। सोमवार से डॉक्टरों और नर्सिंग कर्मियों का प्रशिक्षण शुरू हो जाएगा।

**और रुलाएगी महंगाई** खाने-पीने के सामान के साथ बढ़ेगा अस्पताल का खर्चा

# सरकार ने जरूरत की वस्तुओं पर बढ़ाई जीएसटी दरें

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

आम आदमी पर महंगाई की मार और पड़ने वाली है। 18 जुलाई से जरूरत की कई चीजें महंगी होने जा रही हैं, जिसकी वजह से आपकी जेब पर और बोझ बढ़ेगा। दही-लस्सी से लेकर अस्पतालों में इलाज के लिए अब लोगों को अधिक पैसे चुकाने पड़ेंगे। जरूरत की तमाम वस्तुओं पर सरकार ने गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) की दरें बढ़ा दी हैं। सरकार ने कई वस्तुओं को पहली बार जीएसटी के दायरे में लाया है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडाइरेक्ट टैक्सेज एंड कस्टम्स (सीबीडीटी) के नए नोटिफिकेशन के मुताबिक सोमवार (18 जुलाई) से इस सिफारिश को लागू किया जा रहा है, जिसके कारण वाले दूध के पैक्ड प्रोडक्ट महंगे हो जाएंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक में दूध के प्रोडक्ट को पहली बार जीएसटी के दायरे में शामिल करने का फैसला किया गया था। जीएसटी काउंसिल की बैठक में टेट्रा पैक वाले दही, लस्सी और बटर मिल्क पर 5 फीसदी जीएसटी लगाने का फैसला किया गया। ब्लेड, पेपर कैंची, पेंसिल शार्पनर, चम्मच, कांटे वाले चम्मच, स्किमर्स और केक-सर्वर्स आदि पर सरकार ने जीएसटी को बढ़ा दिया है। अब इस पर 18 फीसदी की दर से जीएसटी वसूली जाएगी। आईसीयू के बाहर अस्पतालों के ऐसे कमरे, जिनका किराया एक मरीज के लिए 5000 रुपये रोजाना से ज्यादा है, अब सरकार यहां भी 5 फीसदी के दर से जीएसटी वसूलेगी। पहले ये जीएसटी के दायरे से बाहर था। एलईडी लाइट्स और लैंप की कीमतें भी बढ़ सकती हैं, क्योंकि सरकार ने इस पर जीएसटी को 12 फीसदी से बढ़ाकर 18 फीसदी कर दिया है। इसके अलावा बैंकों में भी आपकी जेब का बोझ बढ़ जाएगा, क्योंकि चेक बुक जारी किए जाने पर बैंकों की तरफ से लिए जाने वाले फीस पर अब 18 फीसदी जीएसटी वसूली जाएगी। एटलस सहित मैप और चार्ज पर 12 फीसदी की दर से जीएसटी लगेगा।




**महंगे होटल रूम**

1000 रुपये किराये वाले होटल के कमरे पर भी आपको जीएसटी चुकाना पड़ेगा। अभी तक 1000 रुपये तक के कमरे जीएसटी के दायरे से बाहर थे। इन पर अब 12 फीसदी की दर से जीएसटी लगेगा।

**बढ़ सकती हैं डेयरी प्रोडक्ट्स की कीमत**

प्री-पैकेज्ड और प्री-लेबल्ड दही, लस्सी और छाछ पर लगने वाली जीएसटी का असर डेयरी कंपनियों पर अतिरिक्त लागत के रूप में पड़ेगा और डेयरी कंपनियां इसकी वसूली ग्राहकों से कर सकती हैं। जीएसटी काउंसिल ने ऐसे समय में डेयरी प्रोडक्ट्स को जीएसटी के दायरे में शामिल किया है, जब देश में महंगाई अपने चरम पर है। हाल ही में आए खुदरा महंगाई के आंकड़े रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के तय लक्ष्य से अधिक हैं। जून के महीने में मुद्रास्फीति 7.01 प्रतिशत रही है।




## संक्षिप्त खबरें

### चबूतरे में स्कार्पियो ने मारी टक्कर, बाल बाल बचे लोग

कुर्था अरवल। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के मध्य बिहार ग्रामीण बैंक के निकट शनिवार के अहले सुबह उस समय अफरा तफरी मच गई जब गया कि ओर से आ रही एक स्कार्पियो ने बैंक के समीप बने चबूतरा में ठोकर मार दी जिस बक्त टक्कर मारी गई है उस समय उस चबूतरे पर तीन लोग वहीं पर बैठे हुए अवस्था मे थे गनीमत रही कि किसी को कोई अनहोनी नही हुई हालांकि एक बुजुर्ग ब्यक्ति की हल्की चोटें आई है उक्त घटना पास के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हालांकि इस संबंध में कुर्था थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि उक्त घटना के संबंध में मेरे यहां कोई आवेदन नहीं आया है ऐसा लगता है कि वो लोग आपस में कंपरमाइज कर लिए।

### दो पक्षों में मारपीट, एक दर्जन व्यक्ति घायल

हाजीपुर। करताहां थाना क्षेत्र के घटारो दक्षिणी पंचायत के वार्ड नंबर 2 में दो पक्षों में वर्षा का पानी बहाने के विवाद में जम कर मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्ष से एक दर्जन व्यक्ति घायल हो गए हैं।

# किसी भी भाषा का अधिकाधिक उपयोग उसके विकास के लिए जरूरी : यशपाल

## डीएम ने किया उर्दू भाषी विद्यार्थी प्रोत्साहन वाद-विवाद प्रतियोगिता का उद्घाटन

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



**उद्घाटन**

- मैट्रिक, इंटर और स्नातक समकक्ष उर्दू छात्र-छात्राओं के बीच कराई प्रतियोगिता

जिलाधिकारी यशपाल मीणा ने कहा कि भाषा का महत्व तभी है जब हम अपनी बातों को उसी भाषा में बोल कर या लिख कर संप्रेषित करें। भाषा के विकास में उस भाषा का अधिकाधिक उपयोग किया जाना जरूरी है।

उन्होंने यह बातें राज्य की द्वितीय राजभाषा उर्दू के विकास और उसके प्रचार-प्रसार के लिए उर्दू निदेशालय मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग बिहार एवं जिला उर्दू कोषांग वैशाली के तत्वाधान में आयोजित उर्दू भाषी विद्यार्थी प्रोत्साहन वाद-विवाद प्रतियोगिता का समाहरणालय सभागार में दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए कही। जिलाधिकारी ने उपस्थित गणमान्य, निर्णायक मंडली एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि जीत-हार की भावना से ऊपर उठकर बच्चे इस प्रतियोगिता में बेहतर रूप से अपनी बातों को रखेंगे। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से भी आह्वान किया कि बच्चों को अच्छी तालीम दिलवाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की परवरिश पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रतियोगिता अपनी जगह है परंतु अच्छी तालीम का कोई तोड़ नही है। अच्छी तालीम मिलेगी तो बच्चे जीवन में निरंतर आगे बढ़ेंगे। जिलाधिकारी ने वैशाली की गंगा-यमुना तहजीब का भी उल्लेख किया और कहा कि यह मिसाल बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन और पब्लिक रेल की दो पटरियां है। प्रशासन हर समय आपके सहयोग के लिए है और आप भी जहां जरूरत है वहां सहयोग करें। यह सद्भाव बनी रहे परंतु इस सभी का आधार अच्छा तालीम है। कार्यक्रम में मैट्रिक, इंटर और स्नातक समकक्ष उर्दू छात्र-छात्राओं के बीच तीन विषयों तालीम की अहमियत, उर्दू जबान की अहमियत, उर्दू गजल की लोकप्रियता पर आधारित वाद-विवाद प्रतियोगिता कराई गई। इस अवसर पर डा. आदिल रशीद विभागाध्यक्ष उर्दू आरएन कालेज हाजीपुर, डा. शफीउज्जमा प्रधानाध्यापक पीआरएस इंटर स्कूल जहांगीरपुर राघोपुर, मौलाना शमीम अहमद शमसी प्रभारी प्राचार्य मदरसा अहमदिया अबाबकरपुर चेहराकला, मो. सदरे आलम नदवी शिक्षक जीपीएस इस्माइलपुर गोरौल, मौलाना नेयाज अहमद कासमी प्राचार्य मदरसा इस्लामिया अंजुमन फलाहुल मुस्लेमीन हाजीपुर निर्णायक मंडल के सदस्य थे।

संपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना सैयद मुजाहिर आलम शमसी ने की। मुख्य अतिथि मो. अजीमुद्दीन अंसारी तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. हसन रजा उपस्थित थे। इस अवसर पर अपर समाहर्ता जितेंद्र प्रसाद साह, उप विकास आयुक्त चित्रगुप्त कुमार, जिला नजारत उप समाहर्ता अरुण कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर अरुण कुमार, डीसीएलआर हाजीपुर स्वप्निल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अनियंत्रित कार ने बाइक सवार पिता-पुत्र को मारी ठोकर, पिता की मौत

**हाजीपुर।** नगर थाना क्षेत्र के हाजीपुर लालगंज मुख्य मार्ग के हथसारगंज मोहल्ले के पास बीती रात अनियंत्रित लग्जरी कार ने बाइक सवार को ठोकर मार दीया जिससे बाइक सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा पिता पुत्र को इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने पिता को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल पुत्र को इलाज के लिए जोहरी बाजार स्थित निजी नर्सिंग होम में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार सोनपुर थाना क्षेत्र के इस्माइल चक गांव निवासी स्वर्गीय राधो पांडे का 43 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार पांडे अपने 22 वर्षीय पुत्र शुभम कुमार के साथ हाजीपुर नगर के चंद्रालय अपने बेटी के यहां गया था बताया गया कि बेटी के यहां बर्थडे पार्टी था उसी मौके पर पिता-पुत्र गए थे और वहां से लौट रहे थे उसी दौरान अनियंत्रित लग्जरी कार ने ठोकर मार दिया। घटना में लग्जरी कार बाइक को ठोकर मारते और बाइक को घसीटते हुए मंदिर में जा घुसा जिससे बाइक और लग्जरी कार बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया।

# पुलिस ने ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब को किया बरामद

अरवल, प्रात : किरण संवाददाता



कलेर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर दिलावरपुर राजधानी होटल के समीप एक ट्रक से भारी मात्रा में शराब बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक हिमांशु शंकर त्रिवेदी के निर्देश पर कलेर थाना अध्यक्ष धनंजय कुमार और एंटी लिकर टास्क फोर्स प्रभारी अर्जुन प्रसाद सिंह के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था इस दौरान औरंगाबाद की ओर से आ रही लैट्रिन की सीट लादे एक ट्रक को रुकवा कर चालक से पूछताछ की गई तो चालक ने जीरा की भूसी और लैट्रिन की सीट लदे होने की बात कही।

पुलिस के पूछताछ में चालक बार-बार बयान बदल रहा था इसके बाद उसके हाव भाव से पुलिस को संदेह हुआ जिसके बाद ट्रक की तलाशी ली गई तो ट्रक के अंदर बॉक्स बनाकर विदेशी शराब छुपाई गई थी। हालांकि पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर ट्रक को जप्त कर लिया और थाने लाकर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में शराब की गिनती की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अलग-अलग ब्रांड के 353 कार्टून में 56 लाख की शराब बरामद हुई है। जिसमें 375 एमएल के 148 कार्टून 180 एमएल के 86 कार्टून और 750 एमएल के 119 कार्टून विदेशी शराब बरामद हुई, साथ ही चालक जसविंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

शराब दिल्ली से पटना ले जाई जा रही थी। वाहन में लगे जीपीएस के माध्यम से पुलिस वैज्ञानिक अनुसंधान से असली शराब माफिया तक पहुंचने के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस शराब बरामदगी में शामिल थाना अध्यक्ष एएलटीएफ प्रभारी समेत अन्य पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा।

# सिंगल नोडल अकाउंट सिस्टम से मिलेगी टीबी मरीजों को पोषण राशि

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

टीबी विभाग में खर्च करने के लिए बने अलग-अलग मद को समाप्त किया जा रहा है। इसकी जगह पर अब सिंगल नोडल अकाउंट सिस्टम काम करेगा। इस अकाउंट सिस्टम के तहत अब टीबी विभाग के विभिन्न मदों की राशि एक हीं खाते में रहेगी। जिससे खर्च की गयी राशि में पारदर्शिता आएगी।वहीं निक्षय पोषण योजना के तहत दी जाने वाली पांच सौ की राशि भी सिंगल नोडल अकाउंट सिस्टम से ही वितरित की जाएगी।

इसके पहले निक्षय पोषण की राशि डीबीटी के मद से जाती थी। वहीं एक पीओएल फंड भी रहता था। यह बातें जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ श्याम नंदन प्रसाद ने एक बैठक में शनिवार को कही। डॉ प्रसाद ने बताया कि जल्द ही टीबी मरीजों के बकाया निक्षय पोषण योजना की राशि भी उनके खाते में आ जाएगी। सिंगल नोडल सिस्टम को चालू करने के कारण ही टीबी मरीजों के निक्षय पोषण योजना की राशि वितरण में थोड़ी देर हुई है। टीबी के मरीजों और उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं के लिए विभाग हमेशा प्रतिबद्ध है।

सीडीओ डॉ श्यामनंदन प्रसाद ने कहा कि टीबी के नोटिफिकेशन को बढ़ाने और टीबी मुक्त पंचायत के लिए हमने एक नया प्रयोग सहदेई बुजुर्ग के मुरव्वतपुर से किया था। इसमें स्वास्थ्य परामर्शी, आशा और कॉम्युनिटी वोलिंटियर के साथ 14 वार्डों में टीबी के सक्रिय मरीजों की खोज की जिसमें आठ मरीज पॉजिटिव पाए गए। इस पंचायत में सफलता के बाद इस प्रयोग को पूरे सहदेई ब्लॉक के हर पंचायत में लागू की जाएगी। जिसमें टीबी के सक्रिय मरीजों की खोज की जाएगी। इसके लिए आशा, स्वास्थ्य परामर्शी, कम्युनिटी वालंटियर के साथ विभाग पूरी तरह से तत्पर रहेगी। अगले ही सप्ताह इसकी शुरूआत की जाएगी। डॉ प्रसाद ने बताया कि इस वर्ष जिले में कुल 2 हजार 715 टीबी के नोटिफिकेशन (जून तक) प्राप्त हुए है।

# प्रशिक्षण शिवर सफल आयोजंन के लिए ध्न्यवाद : जिला अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष

**गया।** भाजपा प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर की सफलता पूर्वक संचालित करने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा सहित पूरे जिला कमिटी को धन्यवाद दिया है साथ ही साथ बुद्धा रिसोर्ट के मालिक और एन पी पी के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार को बहुत बहुत धन्यवाद दिया है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में बिहार प्रदेश के करीब 300 प्रमुख कार्यकताओं ने भाग लिया। भाजपा जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा के नेतृत्व में गया जिला ईकाई ने अनेकों विभाग बनाकर कार्यकताओं की टोली को हर क्षेत्र में निगरानी में लगाया गया ताकि आये हुए कार्यकताओं बिना व्यवधान के कार्यक्रम चलता रहे है इस कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाने वाले प्रमुख कार्यकर्ता राजेन्द्र राम, अजय कुमार, डॉ अनुज कुमार, नरेन्द्र सिंह दांगी, राजेश कुमार सिंह, धीरज, प्रशांत कुमार, गोपाल यादव, विनोद सिंह, प्रेम प्रकाश, संतोष ठाकुर, दिनेश कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, धर्मेन्द्र यादव, मुन्ना सिंह, भोला मिश्रा, अन्य लोग मौजूद रहे।

# छेड़खानी करने का विरोध करना महिला को पड़ा महंगा

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



महनार थाना क्षेत्र के बाजितपुर चकउस्मान गांव में एक महिला के साथ छेड़खानी करने और विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर देने का मामला संज्ञान में आया है। घटना को लेकर पीड़ित महिला ने महनार थाना की पुलिस को लिखित शिकायत देकर कानूनी करवाई का आग्रह किया है।

घटना को लेकर महनार थाना क्षेत्र के बाजितपुर चकउस्मान निवासी मुसर्रत खातून ने महनार थाना की पुलिस को दिए गए लिखित शिकायत में कहा है कि वह जब शाम में शौच के लिए बाहर गई थी तो इसी दौरान पहले से घात लगाए हुए मोहम्मद सुल्तान, मोहम्मद एजाज, मोहम्मद कुर्बान, मोहम्मद लुकमान, मोहम्मद हैदर, मोहम्मद शमशेर, मोहम्मद जमशेद, मोहम्मद सज्जाद आदि सहित अन्य लोगों ने बुरी नियत से उसे पकड़ लिया और मुंह बंद कर जमीन पर पटक दिया।जब वह चिल्लाई तो उसकी आवाज सुनकर उसका भाई आसिफ एवं भाभी सूफी खातून दौड़ कर बाहर आई। तो इसी दौरान मोहम्मद लुकमान ने तेज धारदार हथियार से उनके भाई के सर पर जान मारने की नीयत से हमला कर दिया। जिससे उनके भाई का सर फट गया।

आरोप लगाया गया है कि उनकी भाभी के साथ भी मारपीट की गई।लाठी-डंडे, तेज धारदार हथियार आदि से हमला कर मारपीट करने कर घायल करने का आरोप लगाया गया है। बताया गया कि सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र महनार में लाया गया। जहां उनकी चिकित्सा की गई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# अनुशासित कार्यकर्ता की पार्टी है भाजपाः संगठन महामंत्री

गया, प्रात :किरण संवाददाता



- देश की सुरक्षा के लिए सरकार समर्पितः डॉ संजय जयसवाल

भाजपा का तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आज समापन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल के संबोधन से हुआ हैइस समापन के पहले संगठन के विस्तार पर चर्चा करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री भीखु भाई दल सानिया ने कहा कि भाजपा संगठन का विस्तार बुथ तक हो चुका है। आवश्यकता है पार्टी के कार्यक्रम बुथ तक पहुँचाने का है।

आज भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की बदौलत सत्ता में है।. कार्यकताओं को अनुशासित रहते हुए जनहित के कार्य और समाजिक कार्य पर करते रहना चाहिए समापन संबोधन करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने कहा प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गया में शानदार ढंग से संपन्न हो रहा है। प्रेस को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी करीब 1100 मंडलों और संगठन के दृष्ट कोण से 45 जिला में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हो चुका था अभी गया में बिहार प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है प्रशिक्षण शिविर में बिहार भाजपा के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री, प्रदेश मोर्चा अध्यक्ष, प्रदेश प्रकोष्ठ के संयोजक सहित करीब 322 प्रतिनिधि को भाग लेना था। लेकिन करीब 285 प्रतिनिधि ने इस प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित हुए सभी प्रतिनिधि अनुशासन का पालन करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कियाहै। प्रशिक्षण के उपरांत अब और अच्छे ढंग से संगठन का कर सकेगें। एक प्रशन के उत्तर में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में राष्ट्र विरोधी ताकतों की गिरफ्तारी हुई है, देश की सुरक्षा के सरकार आवश्यक कदम उठा रही है. जो गलत कामों संलग्न है उसे सरकार कानूनी रूप से नीपटने का काम करेगी. इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मृत्युंजय क्षा, प्रशिक्षण शिविर प्रदेश संयोजक सह पूर्व विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह, प्रदेश मंत्री सह प्रशिक्षण शिविर के प्रभारी अजय यादव, प्रदेश प्रशिक्षण सह संयोजक आनंद पाठक अन्य लोग मौजूद रहे।

# हाजीपुर : प्रखंड के सभी विद्यालयों में अमृत महोत्सव मनाने का निर्णय

**हाजीपुर।** आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रखण्ड के सभी विद्यालयों में विद्यालय स्तर पर अमृत महोत्सव मनाने का निर्णय राष्ट्रीय शैक्षिक संगठन की बैठक में लिया गया। बिदुपुर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय पकौली के प्रांगण में राष्ट्रीय शैक्षिक संगठन की बैठक में उपस्थित शिक्षकों ने निर्णय लिया कि आगामी 01 अगस्त को प्रखण्ड के सभी विद्यालयों में पूरे उत्साह एवम उमंग के साथ भारत माता का पूजन किया जाएगा। वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि विद्यालय के पोषक क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले स्वतंत्रता सेनानी या शहीदों के परिवार को विद्यालय में आमंत्रित कर सम्मानित किया जाए। बैठक में आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता राजेश कुमार सुमन एवम संचालन राणा रंजीत कुमार ने किया। बैठक को सम्बोधित करने वालो में जिला संरक्षक अरुण कुमार सिंह, जिला संगठन मंत्री राजेश कुमार, प्रखण्ड अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, परिमल श्रीवास्तव, राजेश, रमेश, आदि थे।

# प्रखंड प्रमुख संतोष कुमार ने विद्यालयों का किया निरीक्षण



कैमूर , प्रात : किरण संवाददाता

रामगढ़ के प्रखंड प्रमुख संतोष कुमार ने प्रखंड के विभिन्न विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। वही प्रखंड प्रमुख के द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान स्कूल में पाई गई कमियों को सुधारने के लिए प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

वही प्रखंड प्रमुख ने कहा कि विद्यालय में पठन-पाठन में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी सभी शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचे एवं बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का कार्य करें। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख ने बताया कि प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसके तहत महुआरी, कलानी, ऊपरी, विदामनचक, इमिलिया, जल्दहा इत्यादि विद्यालय का निरीक्षण किया गया कुछ कमियां थी उसे सुधारने के लिए प्रधानाध्यापक को कई दिशा निर्देश दिया गया। इस मौके पर सुनील सिंह, विनय कुमार सिंह इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# लूट के घटना के 5 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अपराधियों को पकड़ने में नाकाम

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

राघोपुर थाना क्षेत्र के चांदपुरा पंचायत के एक रसिया मठ के पास मंगलवार की शाम बाइक सवार दो लुटेरों ने पिस्तौल का भय दिखाकर सहीन क्रेडिट केयर लिमिटेड फतुहा के फील्ड स्टाफ से बैग में रखा 71465 रूपय नगद , आधार कार्ड, , ड्राइविंग लाइसेंस, रेडमी का मोबाइल तथा गाड़ी की चाबी लूट कर भाग गया। घटना के बाद फाइनेंस कर्मी सराय थाना क्षेत्र के सिसौनी प्रबोधि स्वर्गीय जलेश्वर सिंह के पुत्र शंभू कुमार सिंह ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ राघोपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार राघोपुर थाना की पुलिस टीम मामले की जांच में जुटी है। इस संबंध में पूछे जाने पर राघोपुर थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार पुष्पेंद्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घटना के संबंध में फाइनेंस कर्मी शंभू कुमार सिंह ने बताया कि मैं सेटिंग क्रेडिट नेटवर्क लिमिटेड फतुहा में फील्ड स्टाफ के रूप में काम करता हूं। बीते मंगलवार को राघोपुर पहाड़पुर से समूह का कलेक्शन करके मोटरसाइकिल से लौट रहा था । कलेक्शन के विभिन्न समूह का करीब 71465 रूपए मेरे पास था। पैसा लेकर मैं फतुहा अपने ब्रांच लौट रहा था। इसी दौरान राघोपुर चांदपुरा पंचायत के एक रसिया मठ के पास पल्सर मोटरसाइकिल पर दो युवक सवार आया और पिस्तौल के बल पर बैग छीनकर राघोपुर की तरफ फरार हो गया । बताया जाता है कि बदमाशों ने कलेक्शन का 71465 रूपया के अलावा मेरे बाइक का चाबी तथा रेडमी कंपनी का मोबाइल, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड समेत अन्य कागजात लूट लिए । फाइनेंस कंपनी को घटना की जानकारी किसी दूसरे के मोबाइल से अपने ब्रांच मैनेजर अजय कुमार को दी। सूचना पर पहुंचे ब्रांच मैनेजर एक अन्य कर्मियों के साथ राघोपुर थाना पहुंचकर घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी यहां घटना घटित हो चुकी है । राघोपुर थाना क्षेत्र के चांदपुरा पंचायत के एक रसिया मठ के पास विगत कई वर्ष पहले बदमाशों ने किराना व्यापारी एवं एयर एजेंट से लूटपाट के दौरान गोली मार दी थी । ऐसे स्थान पर आधा दर्जन से अधिक लूट की घटनाएं घट चुकी है। पुलिस द्वारा बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं करने के कारण इस स्थान पर एक के बाद एक घटना घट रही है। इस घटना के बाद से व्यवसायियों में भय व्याप्त है तथा इस रास्ते से जान जोखिम में डालकर व्यवसाई वर्ग आते जाते हैं लेकिन पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का कोई इंतजाम नहीं किया जा रहा है। जिससे इस रास्ते से गुजरने वाले व्यवसायियों में पुलिस प्रशासन के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त है।

# डीएम ने की समीक्षात्मक बैठक

जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

- कहा, कुल 554 मामलों में 259 मामलों का किया गया है अनुपालन

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में मुख्यमंत्री जनता दरबार में प्राप्त मामलों के अनुपालन प्रतिवेदन को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री जनता दरबार में जिले से संबंधित कुल 554 मामलें है, जिसमें 259 मामलों का अनुपालन कर दिया गया है।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री जनता दरबार में पंचायत एवं सामान्य प्रशासन से संबंधित मामलों के त्वरित रूप से अनुपालन निष्पादन हेतु नोडल पदाधिकारी के रूप में जिला पंचायत राज पदाधिकारी को नामित किया है। साथ हीं उक्त कार्य के अनुपालन के लिए एक लिपिक तथा एक कम्प्यूटर ऑपरेटर का प्रतिनियुक्ति करने का निदेश दिया। बैठक में बताया गया कि राजस्व एवं भूमि सुधार से संबंधित कुल 100 मामले है, जिसमें 52 का अनुपालन कर दिया गया है, शेष पर कार्रवाई की जा रही है, जिसमें सबसे ज्यादा मामले सदर अंचल एवं मखदुमपुर अंचल का पाया गया, जिसे शीघ्र अनुपालन करने का निदेश अंचलाधिकारी को दिया गया। सामान्य प्रशासन से संबंधित 49 मामले है, जिसमें 07 का निष्पादन कर दिया गया है तथा शेष अन्य विभागों से संबंधित है, जिसके लिए जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यालय को भेजने का निदेश दिया। गृह विभाग से संबंधित 32 मामले है, जिसमें एक भी अनुपालन नहीं किया गया है, जिसके लिए असंतोष प्रकट करते हुए शीघ्र मामले का अनुपालन करने का निदेश दिया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के पदाधिकारियों को निदेश दिया कि मुख्यमंत्री जनता दरबार से संबंधित मामले का शीघ्र अनुपालन किया जाए तथा जो मामले जिस विभाग से संबंधित है उसे अविलम्ब हस्तांतरण किया जाए, ताकि संबंधित विभाग से इसका निष्पादन किया जा सके।

# पालीगंज में पेयजल के लिए मचा हाहाकार नल जल योजना साबित हो रही हाथी के दो दांत

पालीगंज, प्रात : किरण संवाददाता



- ग्रामीणों ने गिरती जल स्तर बचाने के लिए पम्प सेट बन्द कराने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

प्रखण्ड सह अनुमंडल क्षेत्र के सभी इलाके में पेयजल के लिए हाहाकार मची हुई है। एक तरह सरकार की नल जल योजना हाथी के दो दाँत की तरह दिखावा साबित हो रही है तो दूसरी ओर जल स्तर में हो रही लगातार गिरावट के कारण हैंडपम्प भी पशुओं को बांधने के लिए मात्र खूंटे का काम कर रही है। जिसको देखते हुए शनिवार को पालीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव के ग्रामीणों ने पम्प सेट बन्द करवा गिरती जल स्तर बचाने की मांग को लेकर हैंडपम्प में बकरी बांधकर व हाथों में खाली बाल्टी व बर्तन लिए जमकर प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार एक ओर इलाके में पड़ रही भीषण गर्मी व वर्षा नही होने के कारण भूमिगत जल स्तर में काफी कमी हो गयी है तो दूसरी ओर खेतो की सिंचाई को लेकर पम्प सेटों से भूमिगत जल का अधिक दोहन किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में पालीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के रघुनाथपुर, कौरी दहिया व निरखपुर सहित कई गांव के लगभग अधिकांश हैंडपम्प पानी देना बंद कर दिया है। जबकि प्रखण्ड व अनुमंडल क्षेत्र के अधिकांश वार्ड क्षेत्र में नल जल योजना मात्र दिखावे की वस्तु बनकर रह गयी है। कई वार्डो में नल जल का टँकी लगा ही नही तो कुछ वार्डो में लगा भी तो पानी ही सप्लाई नही हो रही है। यह योजना मात्र हाथी के दो दांत की तरह दिखावा साबित हो रही है। जिसे देखते हुए रघुनाथपुर गांव के ग्रामीणों का गुस्सा शनिवार को अचानक फुट पड़ा व सूखे हैंडपम्प में बकरी बांध हाथों में खाली बाल्टी व बरतने लेकर भूमिगत जल स्तर बचाने के लिए पम्पसेटों को बन्द कराने तथा नल जल योजना का पानी उपलब्ध कराने की मांग को लेकर जमकर प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का कहना था कि हमलोग पालीगंज प्रखण्ड के मेरा पतौना पंचायत स्थित रघुनाथपुर गांव स्थित वार्ड संख्या 8 के निवासी हूँ। जहां नल जल योजना लगाई गई है। जबकि बगल के वार्ड संख्या 7 में नल जल योजना नही लगाई गई है। लेकिन वर्तमान वार्ड संख्या 8 के वार्ड सदस्य ने वार्ड संख्या 7 में लोगो को नल जल का कनेक्शन कर पानी सप्लाई कर रहे जिसके कारण वार्ड संख्या 8 में हमसभी को पेयजल नही मिल रही है। वही जल स्तर में कमी के कारण अपनी निजी हैंडपम्प भी पानी नही दे रही है। वही किसान खेतो की सिंचाई को लेकर दिन रात पम्पसेट चला रहे है। जिन्हें मना करने पर भी मानने को तैयार नही है। वही ग्रामीणों ने पम्पसेट बन्द करवाने व नल जल योजना का पानी मुहैया कराने की मांग करते हुए पालीगंज एसडीओ मुकेश कुमार को आवेदन सौंपा है।

# अतिक्रमणकारियों व नगर परिषद के बीच हुई जमकर झड़प

**हाजीपुर।** जिलें के मुख्यालय हाजीपुर शहर को जाम से मुक्त कराने में पहुंची नगर परिषद और अतिक्रमणकारियों के बीच जमकर झड़प हो गया। बताया गया कि हाजीपुर शहर को जाम से मुक्त करने के लिए अतिक्रमणकारियों को कई बार नगर परिषद के द्वारा हिदायत दी गई थी। बार-बार नगर परिषद के द्वारा कहने के बावजूद अतिक्रमण को नहीं हटाया जा रहा था। जिससे शहर में लगातार जाम की समस्या उत्पन हो रही थी। इसी को लेकर नगर परिषद के कर्मियों ने बल प्रयोग कर अतिक्रमण हटाओ अभियान में लगी थी इसी बीच फूटपाटी दुकानदारों का सामान हटाना शुरू कर दिया। तभी फूटपाटी दुकानदार ने हटाने से मना कर दिया और विरोध करने लगा। नगर परिषद के कर्मी आपस में उलझ गए और जमकर बवाल किया। इसी दौरान नगर परिषद के कर्मियों ने फूटपाटी दुकानदारो का सामान फेंकना शुरू कर दिया। इस बीच दोनों में झड़प हुई और कहासुनी हो गई। तभी लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत करवाया।

# डीएम ने जिला सृजन दिवस की तैयारी को ले पदाधिकारियों के साथ की समीक्षात्मक बैठक

जहानाबाद,प्रात : किरण संवाददाता



- 25 जुलाई से एक अगस्त तक व्यापक स्तर पर किया जाएगा पौधरोपणः रिची

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला सृजन दिवस की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक किया गया। जिला सृजन दिवस के अवसर पर जिले में सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, ताकि जिला सृजन दिवस कार्यक्रम को मनोहर और आकर्षक बनाया जा सके।

जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को रक्तदान शिविर तथा स्वास्थ्य शिविर लगाने का निदेश दिया। साथ हीं बराबर और काको में पर्यटन को बढ़वा देने के उदेश्य से जिला सृजन दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराने का निदेश दिया। बैठक में जिला नियोजन पदाधिकारी को जॉब कैम्प लगाकर जिले के युवाओं को रोजगार देने का निदेश दिया। साथ हीं साईकिल रैली, वृक्षारोपन, नये मतदाताओं का ई-पिक कार्ड वितरण तथा ओपेन एयर स्टेज में नुक्कड़-नाटक का प्रदर्शन करने का निदेश दिया गया।

समाहरणालय परिसर में रंगोली बनवाने का निदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया। जिलाधिकारी ने जिला सृजन दिवस के अवसर पर स्मारिका, कॉफी टेबुल बुक के प्रकाशन पर बल देते हुए सभी विभागों के पदाधिकारियों को निदेश दिया कि अपने-अपने विभागों से संबंधित उपलब्धी शीघ्र जिला जनसम्पर्क कार्यालय में जमा करें। साथ हीं प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा को जिले का डॉक्यूमेंट्री तैयार करने का निदेश दिया। जिला सृजन दिवस के अवसर पर अब्दुलबारी नगर भवन में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में केक काटवाने का निदेश दिया।

जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि जिला सृजन दिवस के अवसर पर 25 जुलाई से 01 अगस्त तक व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण सरकारी भवनों, सार्वजनिक स्थलों, सड़कों के किनारे, नहर, पईन, तालाब के किनारे किया जाए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए., प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में गिरी दीवार, साइट का ठेकेदार और सुपरवाइजर गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि, जिस निर्माण स्थल की दीवार गिरने से पांच लोगों की मौत हुई थी, उसके ठेकेदार और पर्यवेक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान ठेकेदार सिकंदर और सुपरवाइजर सतीश के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि तीसरा आरोपी शक्ति सिंह अभी फरार है। शुक्रवार दोपहर नरेला क्षेत्र के चौहान धर्मकांता के पास बकोली गांव में हुई इस घटना में एक निमाणाधीन गोदाम की चारदीवारी, जो लगभग 100 फीट लंबी और 15 फीट ऊंची थी उन पर गिर पड़ी, चपेट में आने से पांच मजदूरों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। मजदूर दीवार से सटे एक नींव खोद रहे थे, और मलबे के नीचे दब गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोगों की मौत पर दुख जताया था।

### निगम सफाई कर्मियों का सामान हो रहा है खराब, संज्ञान ले निगमायुक्त

नई दिल्ली। दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य ने दिल्ली नगर निगम के आयुक्त ज्ञानेश भारती को स्वच्छता में प्रयोग होने वाले सामान को लेकर पत्र लिखा है। पत्र में सदस्य रविशंकर ने कहा है कि आयोग के संज्ञान में आया है कि रघुबीर नगर में लंबे समय से सेनेटरी का सामान (रिक्शा, झाड़ू डंडे, झाड़ू, व्हीलबेरो) पर्याप्त संख्या में स्टोर में रखा गया है और खराब होने का खतरा है। आयुक्त को कहा है कि इस सामान को खराब न होने दें। अन्य क्षेत्रों में भी इस तरह की अनियमितताएं बताई गई है जिनकी तत्काल जांच की जानी चाहिए। इस माह, 14 जुलाई को लिखे पत्र में सदस्य ने कहा है कि इस मामले को गंभीरता से देखें और सात दिनों में इस मामले पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट सौंपे। इसके अलावा सदस्य रवि शंकर ने बताया कि सेंट्रल जोन में कचरा उठाने का ठेका डीडीएसआईएल कंपनी को दिया गया है, जिसे इस काम के लिए अपने सफाई कर्मियों की व्यवस्था करनी है, लेकिन यह पाया गया है कि निगम के सफाई कर्मियों से ही सफाई का कार्य लिया जा रहा हैं। जो कि आपत्तिजनक हैं। सदस्य रवि शंकर ने कहा कि यह सभी जानते हैं कि सफाई कर्मचारी अस्वच्छ स्थिति में काम करते हैं और वे अग्रिम पंक्ति के योद्धा थे और उनमें से कुछ ने इस अवधि में अपनी जान गंवा दी।

### नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस को नोटिस जारी

नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग को एक 15 साल की लड़की के बलात्कार और हत्या के प्रयास की शिकायत मिली। लड़की के पिता ने आयोग को बताया कि वह मजदूर है और अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहता है। उनकी 15 साल की बेटी एक जूता फैक्ट्री में काम करती थी। एक दिन जूता फैक्ट्री का एक ठेकेदार अपनी पत्नी की बीमारी के बहाने उसकी बेटी को अपने घर ले गया और उसके साथ बलात्कार किया। आयोग ने इस शिकायत पर पुलिस को नोटिस जारी किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि 5 जुलाई 2022 को आरोपी ने उनकी बेटी को जबरन तेजाब पिला दिया। लड़की फिलहाल गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने मामले में दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर दर्ज प्राथमिकी और गिरफ्तार आरोपियों का ब्योरा मांगा है। आयोग ने पुलिस से कहा है कि पीड़िता का बयान तुरंत अस्पताल में ही मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज किया जाए। क्योंकि बच्ची की हालत बेहद गंभीर है।

### प्लास्टिक पाबंदी पर निगरानी के लिए कंट्रोल रूम तैयार

नई दिल्ली। एकल उपयोग प्लास्टिक से बनने वाली 19 चीजों पर लगे प्रतिबंध को लागू कराने के लिए दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने कंट्रोल रूम तैयार किया है। इसके जरिए अलग-अलग संस्थाओं द्वारा पाबंदी को लागू कराने के लिए चलाए जाने वाले अभियान की निगरानी की जाएगी। प्लास्टिक कचरे की रोकथाम करने के लिए केंद्र सरकार ने एकल उपयोग प्लास्टिक से बनने वाली 19 चीजों पर देश भर में ही पाबंदी लगा दी है। एक जुलाई से लागू होने वाली इस पाबंदी के बाद इन चीजों का उत्पादन, खरीद, बिक्री, स्टोरेज, इस्तेमाल सभी कुछ पर रोक है। दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग ने इसके लिए 33 और दिल्ली प्रदूषण समिति ने 15 टीमों का गठन किया है। इसके अलावा, स्थानीय निकायों को भी इसके खिलाफ अभियान चलाने का जिम्मा सौंपा गया है। इन सभी संस्थाओं द्वारा चलाए जाने वाले अभियान की निगरानी के लिए दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने कंट्रोल रूप तैयार किया है।

# अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर कैलाश गहलोत ने कार्यक्रम में लिया हिस्सा

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

दिल्ली के महिला एवं बाल विकास मंत्री कैलाश गहलोत ने आज विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर पूर्वोत्तर जिले के संस्कार आश्रम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बच्चों के साथ बातचीत की और उन्हें शैक्षिक किट के साथ स्कूल बैग भेंट किए। उन्होंने संस्कार आश्रम में बच्चों के अकादमिक प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि परिवारों से बिछड़े या अनाथ हुए बच्चों को उनके विकास और स्वस्थ पालन-पोषण के अधिकारों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। संस्कार आश्रम परिसर में स्थित बाल गृह में बाल कल्याण समिति के आदेश से 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों और लड़कों को रखा गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने दिल्ली भर में 26 ऐसे बाल देखभाल संस्थानों (सीसीआई) की स्थापना की है और उनके रखरखाव का इंतजाम किया है। महिला एवं बाल विकास



विभाग ने दिल्ली भर में ऐसे कम से कम 74 गैर सरकारी संगठनों द्वारा संचालित संस्थानों को पंजीकरण दिया है। 30.06.2022 तक इन संस्थानों में बच्चों की उपस्थिति 3104 थी। वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल 7132 बच्चों को इन चाइल्ड केयर संस्थानों में भर्ती कराया गया था, जिनमें से 5805 बच्चों को रिहा कर उनके परिवारों को सौंप दिया गया है। इस तरह के सरकारी संस्थान लाजपत नगर, हरि नगर, अलीपुर, किंग्सवे कैंप, दिल्ली गेट, मजनू का टीला और दिलशाद गार्डन में सात अलग-अलग स्थानों पर स्थित हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री कैलाश गहलोत ने इन परिसरों में संस्थागत भवनों की ढांचागत अपर्याप्तता और रखरखाव पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सभी सीसीआई का ढांचागत मूल्यांकन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में रखे गए बच्चों को घर जैसा महसूस हो और जब तक परिवार या गोद लेने के लिए कोई नहीं मिल जाता है, तब तक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार उनके अभिभावक के रूप में सभी जिम्मेदारियों को उपचारात्मक देखभाल प्रदान करेगी और उनकी रक्षा करेगी। उन्होंने किशोर न्याय प्रणाली के तहत बच्चों के लिए एकीकृत कल्याण परिसर विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आगे कहा कि संस्थागत देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए अत्याधुनिक एकीकृत परिसर की योजना विशेषज्ञों, वास्तुकारों और पीडब्ल्यूडी के परामर्श से तैयार की जानी चाहिए ताकि इसे देश में एक मॉडल के रूप में विकसित किया जा सके। महिला एवं बाल विकास मंत्री कैलाश गहलोत ने उत्तर-पूर्व और शाहदरा जिले के 17 ऐसे अनाथ बच्चों को राशन और शैक्षिक किट के साथ स्कूल बैग का उपहार दिया। इन बच्चों को देखभाल करने वाले परिवारों के बोझ को कम करने और उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रायोजन सहायता भी प्रदान की गई है। अंतर्राष्ट्रीय न्याय के लिए अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस हर साल 17 जुलाई को दुनिया भर में अपराध के पीड़ितों के अधिकारों और पुनर्स्थापनात्मक न्याय को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। किशोर न्याय प्रणाली के तहत आने वाले बच्चे ज्यादातर अपराध के शिकार पाए जाते हैं, वे अक्सर कठिन परिस्थितियों का अनुभव करते हैं और उपेक्षा, शोषण और अभाव के शिकार होते हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री कैलाश गहलोत ने विभाग के अधिकारियों एवं जिलाधिकारी को हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिये कि कोई भी बच्चा जो कठिन परिस्थिति में पाया जाता है, उसे सुरक्षा दिया जाए। उन्होंने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट जिले में नोडल प्राधिकरण हैं और उन्हें भेद्यता को कम करने और बच्चों के हितों की रक्षा करने का प्रयास करना चाहिए।

# राजधानी में कमर तोड़कर बिजली मुफ्त का झूठ बेचता है एक 'आम आदमी'

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**





पूर्वी दिल्ली के भाजपा सांसद और क्रिकेटर गौतम गंभीर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। उन्होंने शनिवार को एक साथ तीन ट्वीट किए और केजरीवाल सरकार पर लोगों को लूटने का आरोप लगाया है। गौतम गंभीर ने ट्वीट कर कहा कि दिल्ली का काला सच! दिल्ली के 11 लाख घरों की कमर तोड़कर एक आम आदमी बिजली मुफ्त का झूठ बेचता है। सच यही है कि दिल्ली में भ्रष्टाचार कम नहीं हुआ है, टैक्सपेयर को फायदा नहीं हुआ। सिर्फ एक ठग गरीबों के स्कूल, अस्पताल, फ्लाईओवर का पैसा कुर्सी के लिए लुटा रहा है। उन्होंने कहा 'मैं दिल्ली की जनता, खास तौर पर उन 11 लाख घरों से पूछना चाहता हूं। क्या आप दिन रात इसलिए मेहनत करते हैं, खून पसीना बहाते हैं ताकि एक ठग कुर्सी पर बैठा रहे? दिल्ली के बिजली उपभोक्ताओं वसूला जाएगा दो से छह प्रतिशत तक पीपीएसी बिजली वितरण कंपनियां (डिस्काम) उपभोक्ताओं से दो से छह प्रतिशत तक बिजली खरीद समायोजन लागत (पीपीएसी) शुल्क वसूलेंगी। दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) ने उन्हें पीपीएसी वसूलने की अनुमति दे दी है। डीईआरसी के इस फैसले से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ेगा। सबसे ज्यादा मार पूर्वी दिल्ली के उपभोक्ताओं पर पड़ेगी। घाटे का हवाला देकर डिस्काम ने की थी मांग बांबे सबअर्बन इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई (बीएसईएस) यमुना प्राइवेट लिमिटेड (बीवाईपीएल) ने 17.16 प्रतिशत, बीईएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) ने 20.22 प्रतिशत और टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल) ने डीईआरसी से 25 प्रतिशत पीपीएसी की मांग की थी। उनका तर्क है कि आयातित कोयले व गैस की कीमत बढ़ने से उन्हें बिजली संयंत्रों से महंगी बिजली मिल रही है।

# पिता की पिटाई का लिया बदला, नाबालिग ने युवक की आंख में मारी गोली

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में एक नाबालिग लड़के ने अपने पिता की पिटाई का बदला लेने के लिए शख्स को गोली मार दी। घटना के समय पीड़ित पार्क के पास बैठा हुआ था। तभी तीन नाबालिग लड़के उसके पास आए। इनमें से एक ने उसे गोली मारी और फरार हो गए। गोली पीड़ित की आंख में लगी है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत स्थिर है। घटना का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार शाम 5.15 बजे जहांगीरपुरी पुलिस स्टेशन जहांगीरपुरी पुलिस स्टेशन में पीसीआर कॉल आई। इसमें बताया गया कि एक शख्स को गोली लगी है। पीड़ित का नाम जावेद है जो जहांगीरपुरी के एच-4 ब्लॉक में रहता है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। घायल को बीजेआरएम अस्पताल ले जाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे उच्च केंद्र भेज दिया गया। पूछताछ करने पर पता चला कि एच-4 ब्लॉक में रहने वाले अंसार अहमद के 36 साल



के बेटे जावेद की दाहिनी आंख में गोली लगी है। पीड़ित ने बताया कि शाम करीब 4.45 बजे वह एच-3 ब्लॉक में पार्क के पास बैठा था। इस दौरान उसके परिचित तीन नाबालिग लड़के वहां आए। उनमें से एक ने उसके चेहरे पर गोली मारी और सभी वहां से भाग गए। फिलहाल पीड़ित की हालत स्थिर है।पुलिस ने इस संबंध में जहांगीरपुरी थाने में आईपीसी की धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और विशेष स्टाफ की टीम द्वारा 4 सीसीएल को गिरफ्तार किया गया है। उत्तर पश्चिम जिला एवं अपराध में इस्तेमाल की गई एक देशी पिस्टल बरामद की है। उन्होंने खुलासा किया कि पीड़ित ने लगभग सात महीने पहले पकड़े गए एक नाबालिग लड़के के पिता को पीटा था और आज सभी उससे बदला लेने आए थे।

## आनन्द विहार में लगाया गया स्वास्थ्य जांच शिविर

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी आनन्द विहार मण्डल द्वारा स्वास्थ्य चेक अप कैम्प का आयोजन राम मंदिर आनंद विहार में किया गया जिसमें मैक्स हॉस्पिटल के डॉक्टर्स द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, आंखों की जांच, ईसीजी, कोलेस्ट्रॉल इत्यादि की जाँच की गई। चेक अप कैम्प में लगभग 150 लोगों ने अपनी जांच करवाई। कैम्प में भारतीय जनता पार्टी शहादरा जिला के महामंत्री श्री दीपक गाबा, जिला महामंत्री श्री अनिल शर्मा, प्रदेश महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती मोनिका पंत, प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती सारिका जैन जी मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्तिथ रहे। दीपक गाबा ने इस कार्यक्रम के लिए मण्डल की पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि ये भाजपा के कार्यकर्ता ही हैं जो इस प्रकार से जनता की सेवा में हमेशा तत्पर रहते है। कार्यक्रम के संयोजक मण्डल अध्यक्ष हितेश आर्य ने बताया कि क्षेत्र की जनता के लिए इस प्रकार के आयोजन मण्डल द्वारा किये जाते है। कार्यक्रम में मण्डल महामंत्री अमिताभ बंसल, राजित चड्ढा,राकेश राजपूत, करण सिंह कल्याण एवम मण्डल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मंकीपॉक्स का केस आते ही केजरीवाल ने एलएनजेपी अस्पताल को बनाया नोडल केंद्र

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

- कोरोना महामारी को हराया है उसी तरह इस बीमारी से भी लोगों को बचाएंगे
- 14 जुलाई को केरल के कोल्लम जिले से देश का पहला मंकीपाक्स केस सामने आया
- दिल्ली सरकार की ओर से कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए विशेष इंतजाम किया गया था।

देश में मंकीपॉक्स का मामला सामने आते ही दिल्ली की केजरीवाल सरकार भी एलर्ट हो गई है। दुर्लभ किस्म के संकरण से निपटने के लिए दिल्ली सरकार की ओर से एलएनजेपी अस्पताल को नोडल केंद्र बनाया है। यहां पर मंकीपाक्स के मामले आने पर इलाज किया जाएगा।

फिलहाल, इस घातक संक्रमण के इलाज के लिए दिल्ली में डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने का काम शुरू हो गया है। दरअसल, केरल में मंकीपॉक्स का पहला मामला सामने आया था। इस पर दिल्ली सरकार सतर्क हो गई और दिल्ली में भी इस बीमारी की रोकथाम के लिए नोडल केंद्र बनाया गया है।

दिल्ली सरकार ने लोगों से अपील की है कि मंकी पाक्स से घबराने की जरूरत नहीं है। जैसे कोरोना महामारी को हराया है उसी तरह इस बीमारी से भी लोगों को बचाएंगे। इसके लिए लोगों को सहयोग करने की जरूरत है।

कोविड के लिए भी रहा है मुख्य केंद्र



इससे पहले एलएनजेपी अस्पताल को कोविड महामारी की रोकथाम के लिए इस अस्पताल को मुख्य केंद्र बनाया गया था। यहां पर दिल्ली सरकार की ओर से कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए विशेष इंतजाम किया गया था। इसी का परिणाम है कि समय रहते दिल्ली सरकार ने कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए विशेष प्लानिंग की थी।

14 जुलाई को केरल के कोल्लम जिले से देश का पहला मंकीपाक्स केस सामने आया। मरीज हाल ही में वअए से केरल लौटा था। दुनिया में अब तक मंकीपॉक्स के 11 हजार से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। भारत में इस वायरस के मिलने से टेंशन बढ़ गई है। वर्ल्ड हेल्थ आगेर्नाइजेशन के मुताबिक, चेचक, खसरा, बैक्टीरियल स्किन इंफेक्शन, खुजली, और दवाओं से होने वाली एलर्जी मंकीपाक्स से अलग होती है। साथ ही मंकीपाक्स में लिंफ नोड्स में सूजन होती है, जबकि चेचक में ऐसा नहीं होता है। इसका इनक्यूबेशन पीरियड (इंफेक्शन से सिम्प्टम्स तक का समय) आमतौर पर 7-14 दिनों का होता है, लेकिन यह 5-21 दिनों का भी हो सकता है।

## पौधरोपण अभियान की शुरूआत

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने शनिवार को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की। इस दौरान सालभर में अस्पताल में एक हजार पेड़ लगाने का संकल्प जताया गया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पीढ़ियों के लिए पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए जाने की जरूरत है। खासतौर पर ऐसे पेड़ों को लगाने पर बल दिया गया जो न केवल भविष्य में फल दें, बल्कि लोगों को छाया भी प्रदान करें। इस मौके पर विधायक एवं रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष कुलदीप कुमार भी मौजूद रहे। वहीं, कार्यक्रम में उत्तराखंड में मनाए जाने वाले हरेला उत्सव के महत्व की भी जानकारी दी गई। वहीं, रोहिणी सेक्टर-6 की आरडब्लूए ने वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेक्टर के छोटू राम पार्क में कनेर, पलाश, चंपा, खजूर, फाइकस आदि के पौधे लगाए गए। इस मौके पर अजय सिंघल ने कहा कि पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए कार्य किया जाना चाहिए। महेन्द्र गोयल, कनिका जैन, जैनेन्द्र आहूजा, विनय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# झुग्गी बस्तियों में भाजपा लगाएगी स्वास्थ्य शिविर:आदेश गुप्ता

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

- डा. नेहा विजय, डा. अजय, डा. देव एवं डा. लोकेश विजय सहित अन्य लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली
- यहां पर दुकानदारों के साथ बैठक की जाएगी और उन्हें सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने के लिए प्रेरित किया जाएगा

भाजपा झुग्गी बस्तियों में रहने वालों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाएगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि जनता की सेवा कदिरने के लिए राजधानी के डाक्टर पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ से जुड़ रहे हैं। कोरोना संकट के दौर में चिकित्सा प्रकोष्ठ ने सराहनीय काम किया है। मरीजों की जांच व उपचार करने के साथ ही निशुल्क दवा वितरण किया गया। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार को गरीबों की चिंता नहीं है। स्वास्थ्य सेवा का बुरा हाल है। इस मौके पर डा. सुशील विजय के साथ कई डाक्टरों ने भाजपा की सदस्यता ली। प्रदेश अध्यक्ष ने इनका पार्टी में स्वागत किया। डा. नेहा विजय, डा. अजय, डा. देव एवं डा. लोकेश विजय सहित अन्य लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली।

इधर, सरकार की ओर से सिंगल यूज



प्लास्टिक पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। निगम की ओर से कार्रवाई की जा रही है लेकिन अभी भी कई दुकानदार व ग्राहक ऐसे हैं जो जागरूक नहीं हुए हैं। ऐसे में हम दुकानदारों व ग्राहकों को जागरूक करने का कार्य जल्द शुरू करेंगे। द्वारका सी वार्ड में सेक्टर-8,9 में बाजार स्थित है। यहां पर दुकानदारों के साथ बैठक की जाएगी और उन्हें सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। यह बात पूर्व निगम पार्षद सुषमा गोदारा ने कहीं।

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही बाजारों में ग्राहकों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान कपड़े के थैले उनके बीच वितरित किए जाएंगे। इससे लोगों में जागरूकता आएगी। उन्होंने कहा कि लोगों को यह आदत डालनी होगी कि बाजार जाते समय वे अपने साथ कपड़े का थैला लेकर जाएं। आज के समय में सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचा रहा है। कूड़े के ढेर में हर जगह यह प्लास्टिक दिखाई देती है। इसका निस्तारण नहीं हो पाता है।

# भाजपा शासित एमसीडी ने दोगुना किया हाउस टैक्स

## एक फीसदी शिक्षा सैस भी लगाया, आप की मांग, वापस हो बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

आम आदमी पार्टी ने भाजपा शासित एमसीडी द्वारा हाउस टैक्स दुगना करने को लेकर विरोध जताया है। आप का कहना है कि जो लोग ईमानदारी से समय पर हाउस टैक्स भरते हैं, उन्हें 10 फीसदी छूट मिलती थी, भाजपा ने उसे घटाकर 10% कर दिया है। हाउसिंग सोसाइटीज को 20% छूट मिलती थी, भाजपा ने उसे भी घटाकर 10% कर दिया है। एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि भाजपा शासित एमसीडी की 50-60 गज की प्रॉपर्टीज पर हाउस टैक्स माफ करने की घोषणा झूठी निकली। कल भाजपा ने दुगने हाउस टैक्स का सर्कुलर जारी किया है। इससे भी मन नहीं भरा तो एक फीसदी शिक्षा सैस भी लगा दिया। इस प्रकार दिल्ली में त्राहि-त्राहि मच जाएगी। आम आदमी पार्टी ने भाजपा से हाउस टैक्स बढ़ाने के फैसले को वापस लेने की मांग की है। दुर्गेश पाठक का कहना है कि यदि भाजपा ने ऐसा नहीं किया तो मजबूरन



आम आदमी पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता, राजेंद्र नगर से विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में एक महत्तवपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले पूरी दिल्ली में बधाईयों वाली होर्डिंग्स और पोस्टर्स दिख रहे थे। जिसमें आदेश गुप्ता जी की फोटो के साथ लिखा हुआ था कि 50-60 गज के सभी मकानों पर हाउस टैक्स माफ कर दिया है। आम आदमी पार्टी ने उसी दौरान बता दिया था कि यह सिर्फ एक छलावा है। कल भाजपा ने हमारे एक-एक शब्द को खुद साबित कर दिया। पिछले कुछ दिनों में भाजपा ने कई तरह के टैक्स बढ़ाए हैं। कल भाजपा शासित एमसीडी ने हाउस टैक्स बढ़ाने का फैसला किया है। सभी प्रॉपर्टीज पर दुगना हुआ हाउस टैक्स

दुर्गेश पाठक ने कहा कि एलजी साहब का कहना है कि दिल्लीवाले चोर हैं क्योंकि वह लोग टैक्स नहीं जमा करते हैं। मैं यही कहूंगा कि पहले से जो टैक्स लगे हुए हैं, उन्हें जमा करने की प्रक्रिया क्या होनी चाहिए, सबसे पहले इसका समाधान करना चाहिए। लेकिन भाजपा ने कल एक सर्कुलर निकालकर अनाप-शनाप तरीके से हाउस टैक्स बढ़ा दिया। छोटे-मध्यम व बड़े सभी उद्योंगों, सभी संस्थानों, दुकानों, स्कूलों, कॉलेज, अस्पतालों, नर्सिंग होम, मॉल, बैंक्वेट हॉल, गोडाउन, वेयरहाउस, क्लब आदि सभी प्रॉपर्टीज पर हाउस टैक्स दुगना कर दिया गया है। यहां तक कि यदि आपने अपने घर का कोई भी कमरा किराए पर दिया हुआ है तो उसपर भी दुगना हाउस टैक्स लगेगा।


## केन फिन होम्स लि.

Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS • DEPOSITS Translating Dreams into Reality

**CIN: L85110KA1987PLC008699,** केनरा बैंक के ऊपर, प्रथम तल, प्लॉट नं सी–3, सैक्टर–1, नोएडा पिनकोड–201301

ई–मेल : noida@canfinhomes.com, फोन: 0120–2970164 / 65 / 67 मोबाइल: 7625079126

**कब्जा सूचना [नियम 8(1)] [अचल सम्पत्तियों के लिए]**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने केन फिन होम्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन तथा उक्त अधिनियम और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना निम्नवर्णित तिथियों को जारी की थी जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) / सह–कर्जदारों / गारंटरों से सूचना में वर्णित बकाया राशि तथा अंतिम भुगतान की तिथि तक संविदात्मक दर पर ब्याज का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार तथा गारंटर उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों को विशेष रूप से और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे प्रत्येक कर्जदार के समक्ष वर्णित संपत्ति का कब्जा इसमें आगे वर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।

| क्र. सं. | कर्जदारों तथा गारंटरों का नाम | सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि | बकाया राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती अनु और श्री गगनदीप एवं श्री साहिल दीप | फ्लैट नंबर एस–2, दूसरी मंजिल, प्लॉट नंबर ए–13, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन II, साहिबाबाद, गाजियाबाद, यूपी उत्तरः– रोड, पूर्वः– प्लॉट नंबर 12ए, पश्चिमः– प्लॉट नंबर 14ए, दक्षिणः– सर्विस लेन | 04.05.2022 | रु.17,71,286/- और उस पर ब्याज | 14.07.2022 |
| 2. | श्रीमती दीपा एवं श्री विष्णु गोपाल | हाउस नंबर 246, ब्लॉक–बी खसरा नंबर 1376, पंचकुला कॉलोनी, गांव छपरौला परगना दादरी गौतम नगर यू.पी. 201005 उत्तरः– प्लॉट नंबर 247, पूर्वः– प्लॉट नंबर 259, पश्चिमः– रास्ता 18' चौड़ा, दक्षिणः– प्लॉट नंबर 245 | 01.05.2022 | रु.15,65,139/- और उस पर ब्याज | 14.07.2022 |
| 3. | श्री दीपक सक्सेना एवं श्रीमती शुचि सक्सेना | फ्लैट नं. एफ–1, प्रथम तल, प्लॉट नं. 14ए, केशव कुंज, ग्राम रईसपुर, डासना, गाजियाबाद, उ.प्र. उत्तरः– खुला प्लॉट, पूर्वः– अन्य प्लॉट, पश्चिमः– रास्ता, दक्षिणः– फ्लैट नंबर एफ–2 | 04.05.2022 | रु.14,15,617/- और उस पर ब्याज | 14.07.2022 |
| 4. | श्री राकेश शर्मा एवं श्रीमती गुनवती शर्मा | हाउस नंबर 78, ब्लॉक एन, सेक्टर डेल्टा (डेल्टा ्प् के रूप में जाना जाता है), ग्रेटर नोएडा, यूपी। उत्तरः– साइट योजना के अनुसार, पूर्वः– साइट योजना के अनुसार, पश्चिमः– साइट योजना के अनुसार, दक्षिणः– साइट योजना के अनुसार | 04.05.2022 | रु.1,05,75,202/- और उस पर ब्याज | 14.07.2022 |
| 5. | श्री साजिद चौधरी एवं श्रीमती शबनम चौधरी | एचआईजी फ्लैट नंबर जी–ए1, ग्राउंड फ्लोर (एलएचएस फ्रंट साइड) बिना छत अधिकारी, प्लॉट नंबर 802, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन –1, गाजियाबाद यूपी। उत्तरः– सड़क 60 फीट चौड़ी, पूर्वः– अन्य प्लॉट, पश्चिमः– फ्लैट नंबर जी–ए2, दक्षिणः– प्रवेश / सीढ़ियां और पीछे की ओर फ्लैट | 04.05.2022 | रु.32,79,463/- और उस पर ब्याज | 14.07.2022 |
| 6. | श्री सोनू त्यागी एवं श्री अनुज | प्लॉट नंबर जी–65, फ्लैट नंबर एसएफ–1 दूसरी मंजिल, एलएचएस खसरा नंबर 1548, केशव कुंज कॉलोनी, रईसपुर, गोविंदपुरम गाजियाबाद, यूपी–201005 उत्तर–पूर्वः गली, दक्षिण–पश्चिमः अन्य प्लॉट, उत्तर–पश्चिमः खुला प्लॉट, दक्षिण–पूर्वः प्लॉट नंबर जी–64 | 01.05.2022 | रु.14,23,905/- और उस पर ब्याज | 14.07.2022 |

कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। विशेष रूप से कर्जदार को तथा सामान्य रूप से जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार सीएफएचएल की प्रत्येक सम्पत्ति के सामने वर्णित बकाया राशि और उस पर पूर्ण भुगतान तक आगे ब्याज के प्रभाराधीन होगा।

तिथि : 16–07–2022
स्थान : नोएडा

हस्ता / –
प्राधिकृत अधिकारी, केन फिन होम्स लिमिटेड


**सुरक्षा** देश बिना महिलाओं और युवाओं के योगदान के नहीं कर सकता तरक्की : विधायक आतिशी

# लड़कियां दूसरों को अपनी सफलता की सीमा न करने दें तय : विधायक आतिशी

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

भारत को विकासशालीन से विकसित देश बनाने के लिए देश की महिलाओं का योगदान अनिवार्य है कालकाजी विधायक आतिशी ने शनिवार को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित अदिति महाविद्यालय के 27वें वार्षिक दिवस समारोह के दौरान ये बातें कही। ग्लोरियस इंडिया की थीम पर आयोजित इस समारोह में विधायक आतिशी ने कहा कि आज केवल भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में महिलाएं उच्च पदों बढ़-चढ़ कर नेतृत्व कर रही है फिर चाहे वो स्पोर्ट्स हो, बिजनेस हो या राजनीति। उन्होंने आगे कहा कि मैं छात्राओं से कहना चाहूंगी कि वे चाहे तो सब कुछ कर सकती है बशर्ते वह किसी को भी अपनी सफलता की सीमा तय न करने दें। इस मौके पर विधायक आतिशी ने कहा कि आज विश्व की सबसे टॉप





कंपनियों का नेतृत्व भारतीय महिलाएं कर रही है और वे उन सभी छात्राओं के लिए प्रेरणा स्रोत जो देश के लिए कुछ करना चाहती है। मुझे उम्मीद है कि छात्राएँ इन सफल महिलाओं से प्रेरित हो कर हर क्षेत्र में बढ़-चढ़ कर अपना प्रतिनिधित्व देंगी और मुख्य भूमिका में आगे आएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी देश बिना महिलाओं और युवाओं के योगदान के तरक्की नहीं कर सकता। निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी और उनके प्रतिनिधित्त्व से समाज में लैंगिक असमानता दूर होगी। जरूरी है कि छात्राएं देश के लिए अपना बढ़-चढ़ कर योगदान और गवर्नेंस से जुड़कर अपनी सक्रिय सहभागिता दें। साथ ही, उन्होंने छात्राओं को अपने भविष्य के निर्णय बिना किसी पर निर्भर हुए खुद सोच-समझ कर लेने की सलाह भी दी। उन्होंने बताया कि लड़कियों के जीवन के जरूरी निर्णय अक्सर उनके परिवार के दूसरें लोग लेते है। छात्राएँ अपनें जीवन के निर्णय स्वयं लेना सीखें ताकि मुश्किल दौर में वे दूसरों को उसके लिए जिम्मेदार ठहराने के बजाय स्वयं उसका डटकर सामना कर पाए। उन्होंने कहा कि देश के लिए योगदान देना, छात्राओं की अहम जिम्मेदारी है। जीवन में चाहे वे जितने भी सफल हो, कभी अपने देश, समाज एवं अपने माता-पिता को ना भूलें क्योंकि ये ही उन्हें इसके काबिल बनाते है कि वे अपने जीवन को अपने मुताबिक जी सकें और देश व समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभा सके। इस समारोह में दिल्ली विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ॰ विकास गुप्ता, गवर्निंग बॉडी के चेयरमैन प्रिंस शर्मा और कॉलेज की प्रिन्सिपल प्रो॰ ममता शर्मा भी मौजूद थी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, रविवार, 17 जुलाई, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### बर्खास्तगी रद्द करने की मांग को लेकर उपराज्यपाल से मिलेंगे दिल्ली के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

नई दिल्ली। आंगनबाडी कार्यकताओं का संघ अपने बर्खास्त कार्यकताओं को बहाल करने की मांग को लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना से शनिवार को मुलाकात करेगा। दिल्ली प्रदेश आंगनवाड़ी कर्मचारी एवं सहायक संघ (डीएसएडब्ल्यूएचयू) के पदाधिकारियों ने बताया कि बर्खास्त किए गए कर्मियों ने उपराज्यपाल के आवास के बाहर बुधवार को प्रदर्शन किया, जिसके बाद उपराज्यपाल डीएसएडब्ल्यूएचयू से मिलने के लिए सहमत हो गए। इससे पहले, संघ के सदस्यों ने मानदेय में बढ़ोतरी तथा बर्खास्त किये गये कर्मचारियों एवं सहायकों को दोबारा बहाल किये जाने की मांग को लेकर बुधवार को यहां उपराज्यपाल के आवास के बाहर धरना दिया था। डीएसएडब्ल्यूएचयू का कहना है कि 39 दिन हड़ताल में शामिल होने के लिए दिल्ली सरकार ने 884 आंगनवाड़ी कर्मियों को बर्खास्त करने का नोटिस तथा 11,942 को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के समर्थन पर फैसला के लिए बैठक करेगी आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) की राजनीतिक सलाहकार समिति (पीएसी) की शनिवार दोपहर में बैठक होगी जिसमें राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार के समर्थन पर फैसला होगा। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। बैठक में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पीएसी के अन्य सदस्य शामिल होंगे, जिनमें उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सांसद संजय सिंह, पंजाब के सांसद राघव चड्ढा और विधायक आतिशी शामिल हैं। आप ने अब तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। पार्टी ने यह खुलासा नहीं किया है कि वह राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करेगी। राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान सोमवार को होगा। आप एकमात्र गैर-भाजपा, गैर-कांग्रेसी पार्टी है जिसकी दो राज्यों- दिल्ली और पंजाब में सरकारें हैं। दोनों राज्यों से आप के 10 राज्यसभा सांसद हैं, जिनमें तीन दिल्ली से हैं। साथ ही, पार्टी के पंजाब में 92, दिल्ली में 62 और गोवा में दो विधायक हैं।

### जन समस्याओं को लेकर बिधूड़ी ने की उपराज्यपाल से मुलाकात

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने राजधानी की कई बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना से शनिवार को एक शिष्टमंडल के साथ मुलाकात की। मुलाकात के बाद बिधूड़ी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्होंने दिल्ली की जनता के कई मुद्दों से उपराज्यपाल को अवगत कराया है। उन्होंने सभी समस्याओं को बड़े गौर से सुना है। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली के गांव जौनापुर में ग्राम-सभा की जमीन पर सरकार की ओर से बनाए जाने वाली वर्ल्ड क्लॉस स्किल्स यूनिवर्सिटी का काम अभी तक शुरू नहीं किया गया है। बिधूड़ी ने कहा कि नजफगढ़ क्षेत्र और रावता आदि दर्जनों गांवों में सैकड़ों एकड़ कृषि योग्य जमीन पर बरसाती पानी के अलावा हरियाणा ड्रेन का गंदा पानी और आस-पास बसी सैकड़ों अनाधिकृत बस्तियों का गंदा पानी भर जाने के कारण किसानों की फसल तबाह हो जाती है।

### प्रेस एवं पत्रिका पंजीकरण विधेयक पेश करने की योजना

नई दिल्ली। केंद्र 155 साल पुराने प्रेस एवं पुस्तक पंजीकरण कानून के स्थान पर एक सरल संस्करण वाले ऐसे विधेयक को पेश करने की योजना बना रहा है, जो विभिन्न मौजूदा कानून के प्रावधानों को अपराध के दायरे से बाहर करता है और डिजिटल मीडिया को भी कानून के दायरे में लाता है। सरकार की सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में प्रेस एवं पत्रिका पंजीकरण विधेयक, 2022 पेश करने की योजना है। संसद को भेजे गए सरकारी संवाद में कहा गया है कि यह विधेयक प्रेस एवं पुस्तक पंजीकरण (पीआरबी) अधिनियम, 1867 के कानून का गैर अपराधीकरण करके उसे प्रतिस्थापित करता है। यह मौजूदा कानून की प्रक्रियाओं को मध्य/लघु प्रकाशकों के नजरिए से सरल बनाता है और प्रेस की स्वतंत्रता के मूल्यों को बरकरार रखता है। सरकार ने सबसे पहले 2017 में प्रेस एवं पत्रिका पंजीकरण विधेयक का मसौदा जारी किया था, जिसमें समाचार पत्रों के पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाने और पीआरबी अधिनियम के तहत दंडात्मक प्रावधानों को समाप्त करने की बात की गई है।

# बीजेपी एमसीडी का भ्रष्टाचार ले रहा लोगों की जान

## बार-बार शिकायत मिलने के बावजूद भाजपा शासित एमसीडी ने नहीं की कोई कार्रवाई- दुर्गेश पाठक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



- खुद क्षेत्र के एसडीएम ने एमसीडी को गोदाम के अवैध निर्माण की जानकारी दी थी, कहा कभी भी हो सकती है अनहोनी- दुर्गेश पाठक
- नरेला जोन डीसी अंजलि सहरावत को फोन करके जानकारी दी, एक्शन लेने की बजाय नंबर ब्लैकलिस्ट में डाला- शरद चौहान
- हादसे में लोगों को जान गंवानी पड़ी इसलिए सभी दोषियों के खिलाफ धारा 302 व 307 का मुकदमा दर्ज हो- दुर्गेश पाठक

नरेला विधानसभा में अवैध गोदाम के ढहने से 5 लोगों की मौत हो गई है और 8 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। आम आदमी पार्टी इस हादसे के लिए भाजपा शासित एमसीडी को जिम्मेदार ठहरा रही है। आप एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि क्षेत्र के एसडीएम ने एमसीडी को गोदाम के अवैध निर्माण की जानकारी दी थी कि कभी भी अनहोनी हो सकती है। लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया गया। आम आदमी पार्टी ने जांच के अलावा दोषियों पर धारा 302 व 307 का मुकदमा दर्द करने की मांग की है। दुर्गेश पाठक ने कहा कि जांच से पोल खुल जाएगी कि अवैध निर्माण के लिए किस नेता ने कितना पैसा खाया है। उधर विधायक शरद चौहान ने कहा कि एलजी से मुलाकात कर लिखित में जानकारी दी थी। नरेला जोन डीसी अंजलि सहरावत को फोन पर जानकारी दी तो उन्होंने मेरा नंबर ब्लैकलिस्ट में डाल दिया।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता, राजेंद्र नगर से विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में एक महत्तवपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान नरेला से ह्यआपह्ण विधायक शरद चौहान भी मौजूद रहे। दुर्गेश पाठक ने कहा कि अभी कुछ दिनों पहले भाजपा शासित एमसीडी के भ्रष्टाचार के कारण मुंडका की एक इमारत में जो आग लगी थी, उसमें कई लोगों की मौत हो गई। दिल्ली वाले उस घटना से अभी उबर भी नहीं पाए थे कि अब भाजपा के भ्रष्टाचार के कारण एक और दुखद घटना घटी है।

घटना की जानकारी देते हुए दुर्गेश पाठक ने कहा कि नरेला विधानसभा के अलीपुर इलाके में एक अवैध गोदाम के गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई और 8 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। खुद विधायक शरद चौहान और स्थानीय नागरिकों ने कई बार इस गोदाम की शिकायत की थी। यहां तक कि खुद क्षेत्र के एसडीएम ने गोदाम की शिकायत करते हुए भाजपा शासित एमसीडी से कहा था कि यह गोदाम गैर-कानूनी है। साथ ही उन्होंने यह भी चेताया था कि गोदाम में कभी भी अनहोनी हो सकती है इसलिए समय से कानूनी कार्रवाई जरूरी है। सभी शिकायतों के बावजूद भाजपा शासित एमसीडी ने कोई भी कार्रवाई नहीं की।

आप नेता ने कहा कि भाजपा शासित एमसीडी से मेरा यही प्रश्न है कि अवैध निर्माणों की जानकारी मिलने के बावजूद कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है? पूरी दिल्ली को पता है कि भाजपा के पार्षद और नेता पूरी दिल्ली में उगाही करते हैं। दिल्ली में कहीं भी घर बनता है तो भाजपा के पार्षद तुरंत उगाही करने पहुंच जाते हैं। आम आदमी पार्टी पूरी घटना की जांच की मांग करती है। मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कहता हूं कि जांच से सारी पोल खुल जाएगी कि भाजपा में किस नेता को कितना पैसा खिलाया गया है। बिना पैसा खिलाए इस गोदाम का निर्माण संभव ही नहीं है। सभी दोषियों के खिलाफ 302 और 307 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

आम आदमी पार्टी से नरेला के विधायक शरद चौहान ने कहा कि कुछ दिनों पहले मेरी एलजी साहब से मुलाकात हुई तो मैंने उन्हें लिखित में शिकायत कर गोदाम को बंद करने का आग्रह किया था। लेकिन उन्होंने कोई एक्शन नहीं लिया। इसके बाद नरेला जोन डीसी अंजलि सहरावत को फोन करके उन्हें बताया कि क्षेत्र में अवैध निर्माण बहुत हो रहे है, कृपया इन्हें रुकवाएं। कोई एक्शन लेने की बजाय अंजलि जी ने मेरा नंबर ब्लैकलिस्ट में डाल दिया। यदि भाजपा शासित एमसीडी में भ्रष्टाचार कम नहीं होगा तो इस प्रकार की घटनाएं बार-बार होती रहेंगी और लोगों की जिंदगी ऐसे ही खतरे में पड़ती रहेगी।

## छावनी अस्पताल में इलाज कराने वाले मरीजों के लिए खुशखबरी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

छावनी अस्पताल में इस साल के अंत तक मरीजों के लिए अतिविशिष्ट स्वास्थ्य सेवाओं को शुरू कर दिया जाएगा। जहां डीजीएचएस दरों पर मरीज अपना इलाज करा सकेंगे। बता दें, क्षेत्र में अभी जनकपुरी स्थित अतिविशिष्ट अस्पताल में ही यह सुविधा उपलब्ध है।

पर यहां डेढ़ दशक के बाद भी संसाधनों की कमी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। उधर, इंदिरा गांधी अतिविशिष्ट अस्पताल में भी अतिविशिष्ट स्वास्थ्य सुविधाओं को शुरू करने की दिशा में लगातार प्रयास जारी है। मरीजों के बढ़ते दबाव को मद्देनजर रखते हुए छावनी परिषद का यह कदम सराहनीय है। प्राथमिक स्तर पर छावनी अस्पताल में कार्डियोलाजी व गैस्ट्रोलाजी विभाग स्थापित किए जाएंगे। साथ ही एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी व दिल में स्टंट डालने के लिए कैथ लैब को स्थापित किया जाएगा। इसके लिए अस्पताल में एक नए तल का निर्माण किया जा रहा है।

अधिकारियों के अनुसार निर्माण कार्य करीब-करीब पूरा हो चुका है। जल्द ही मशीन व अन्य जरूरी सामान के लिए टेंडर निकाला जाएगा। इसके अलावा विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाएगी। हालांकि अभी अस्पताल में इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ईसीजी) की सुविधा उपलब्ध है। आगामी दिनों में इकोकार्डियोग्राफी की सुविधा भी शुरू हो जाएगी। यानि दिल के इलाज के लिए अब छावनी व आसपास के क्षेत्रों के लोगों को सफदरजंग व एम्स अस्पताल का रुख नहीं करना पड़ेगा। 50 बेड के छावनी अस्पताल में अभी आंख, ईएनटी, त्वचा, दांत, जच्चा-बच्चा रोग विशेषज्ञ, टेलीमेडिसिन, आयुर्वेदिक, होम्योपैथी, फिजियोथेरेपी, हड्डी, सर्जरी, मनोचिकित्सा विभाग है। जहां चिकित्सीय परामर्श के लिए नियमित रूप से करीब 700 मरीज पहुंचते है। चिकित्सक मरीज को पर्याप्त समय दे सकें इसके लिए दो शिफ्ट में ओपीडी सर्विस चलाई जा रही है। खराब जीवनशैली के कारण दिल व पेट संबंधी रोग अब आम हो गए, ऐसे में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार जरूरी है। अस्पताल में नए स्वास्थ्य कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया भी जारी है। जैसे ही यह पूरी होगी एक्स-रे व जांच की सुविधा को 24 घंटे चलाया जाएगा, ताकि आपातकाल विभाग में आने वाले मरीजों को सुविधा हो। अस्पताल में करीब एक माह पहले डिजिटल एक्स-रे मशीन लाई गई है, उसमें इकोकार्डियोग्राफी की सुविधा भी उपलब्ध है। विशेषज्ञ नियुक्त होते ही यह सुविधा अस्पताल में शुरू हो जाएगी।

## घर से लाखों के गहने के साथ पिस्टल व कारतूस चोरी

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम जिले के मौर्या एंक्लेव इलाके में चोरों ने एक घर पर उस समय धावा बोल जब परिवार हरिद्वार गया हुआ था। चोर घर से लाखों के सोने चांदी और डायमंड के गहने, पिस्तौल करीब 60 कारतूस, पानी की टोटी एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस वारदात के रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल कर आरोपितों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। कई संदिग्धों से भी पूछताछ की जा रही है। आरोपितों को पकड़ने के लिए स्पेशल स्टाफ की टीम को भी जिम्मा सौंपा गया है। बताया जा रहा है कि चोरी करीब एक से सवा करोड़ के बीच की हुई है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता कुमार देवेश अपनी बेटी के साथ पीतमपुरा इलाके में रहते हैं। उन्होंने अपना एक मकान किराये पर दे रखा है। उन्होंने पुलिस को बताया कि सात जुलाई की सुबह करीब आठ बजे वह बेटी के साथ हरिद्वार गए थे। 14 की रात 11.30 बजे वह वापिस लौटे।

## नरेला में इमारत गिरने पर उठाया निगम का सख्त कदम

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नरेला के बकौली गांव में निर्माणधीन गोदाम की दीवार गिरने पर निगम ने कार्रवाई की है। निगम ने घटना की जांच के आदेश जारी करते हुए नरेला जोन के जूनियर इंजीनयर असिस्टेंट इंजीनियर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निगम के अनुसार निगमायुक्त ज्ञानेश भारती ने घटना का संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई की है। दोनों कर्मचारी जांच पूरी होने तक निलंबित रहेंगे। जांच ना हो प्रभावित निगम के एक अधिकारी ने बताया कि घटना की जांच के आदेश क्षेत्रीय उपायुक्त अंजली सहरावत को दिए गए हैं। जिसमें वह इस पूरी घटना के लिए जिम्मेदार कर्मचारी और अधिकारी की भूमिका को बताएगी। अधिकारी ने बताया कि जांच प्रभावित न हो इसलिए जांच रहने तक दोनों कर्मियों को निलंबित किया गया है। अवैध निर्माण को रोकने के लिए निगम ने दिए थे आदेश घटना के बाद निगम ने कहा था कि उक्त अवैध निर्माण को रोकने के लिए एसडीएम ने भी कार्य रोकने के आदेश दिए थे। इसके साथ ही निगम ने 22 अप्रैल को संबंधित अवैध निर्माण पर कार्रवाई भी की थी। निगम का कहना था कि कार्रवाई के साथ ही एमसीडी ने दिल्ली पुलिस को पत्र लिखकर नजर रखने और दोबारा निर्माण न होने की बात कही थी। वहीं, 13 जुलाई को जेई ने इलाके का निरीक्षण किया था जिसमें फिर से अवैध निर्माण का पता चला था। इसलिए अवैध निर्माण गिराने के लिए बिल्डिंग को चिह्नित कर लिया था और संपत्ति मालिक को नोटिस भी दिया गया था। नरेला में अवैध निर्माण गिरने से कामगारों की मौत पर लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय न करने का मुद्दा दैनिक जागरण ने उठाया था।

## दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



- दिल्ली के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और आस-पास के इलाकों भी बारिश हुई है
- आसमान में छाए बादल कुछ इलाकों में जमकर बरसे तो कहीं पर धीमी बारिश हुई

पिछले तकरीबन एक पखवाड़े के बाद शनिवार को मौसम में बदलाव आया। आसमान में छाए बादल दिल्ली-एनसीआर के ज्यादातर इलाकों में कही धीमे तो कहीं तेज बरसे। इससे गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग के मुताबिक, मौसम में यह बदलाव रविवार को भी जारी रह सकता है। रविवार को हल्की बारिश होने के आसार हैं, जिससे गर्मी से राहत का दौर जारी रह सकता है।

दरअसल, दिल्ली-एनसीआर में सुबह से बादल छाए हुए थे, लेकिन शनिवार दोपहर होते-होते मौसम का मिजाज अचानक बदला गया। आसमान में छाए बादल कुछ इलाकों में जमकर बरसे तो कहीं पर धीमी बारिश हुई। इससे उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। दिल्ली के कुछ इलाकों के साथ नोएडा और गाजियाबाद के अलावा गुरुग्राम, फरीदाबाद और पलवल में भी बारिश हुई।

दिल्ली-एनसीआर में शनिवार सुबह से लेकर दोपहर बाद तक रुक-रुक कर हो रही बारिश ने मौसम सुहाना बना दिया है। बारिश के बाद न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट आई और चल रही ठंडी हवाओं ने शनिवार दोपहर से उमस भरी गर्मी को सलाम-नमस्ते कह दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर के लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। दिल्ली के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और आस-पास के इलाकों भी बारिश हुई है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर में शनिवार सुबह 11 बजे के हल्की बारिश हुई। इससे जहां एक ओर लोगों को गर्मी से राहत मिली, तो वहीं दूसरी ओर सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई इलाकों में दोपहिया वाहन चालक बारिश से बचने के लिए बस स्टैंड पर रुके नजर आए। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि शनिवार को शाम तक बादल छाए रहेंगे। गर्जन वाले बादल बनने और एक दो जगह हल्की वर्षा होने की भी संभावना है। इस दौरान अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 37 एवं 27 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। 21 जुलाई तक ऐसा ही मिलाजुला मौसम बना रहेगा। वहीं, मानसून को दस्तक दिए एक पखवाड़े से अधिक का समय हो चुका है, लेकिन झमाझम बारिश का इंतजार लगातार बढ़ता जा रहा है। बीच-बीच में कभी हल्की तो कभी मध्यम स्तर की बारिश तो हो रही है, लेकिन उमस और गर्मी के आगे बेअसर है। झमाझम बारिश नहीं होने के चलते दिल्ली ही नहीं, बल्कि एनसीआर के शहरों में भी मौसम में उमस लगातार बरकरार है। चूंकि हाल फिलहाल में दिल्ली-एनसीआर में अच्छी वर्षा होने के संकेत नहीं हैं तो राहत मिलने के भी अभी कोई आसार नहीं हैं। आलम यह है कि रोजाना सुबह से लेकर दोपहर और कभी-कभार शाम तक बादल तो छाते हैं, लेकिन दिल्ली-एनसीआर में मानसून की दस्तक के बावजूद झमाझम बारिश नहीं होती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के ताजा पूवार्नुमान के मुताबिक एक सप्ताह तक कमोबेश ऐसा ही मौसम बने रहने के आसार हैं। आगामी 21 जुलाई तक मौसमी उतार-चढ़ाव के बीच कभी-कभी हल्की बारिश होने की संभावना है, लेकिन झमाझम बारिश होने के कोई आसार नहीं हैं। इस बार मानसून ने दिल्ली-एनसीआर में तीन दिन की देरी के साथ 30 जून को दस्तक दी थी।

## जी-20 सम्मेलन से पहले 41 करोड़ की लागत से बदलेगी सड़कों की तस्वीर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी में जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) तैयारी में जुट गई है। एनडीएमसी ने उन 41 सड़कों को इस आयोजन के लिए सजाने की तैयारी की है जिनसे जी-20 सम्मेलन में आने वाले प्रतिनिधि गुजरेंगे। इसके लिए 150 करोड़ रुपये का फंड का भी आवंटन करने की योजना है। इस फंड के जरिए 41 सड़कों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ पर्यावरण के अनुकूल बनाने का कार्य किया जाएगा। इसमें भारतीय विरासत, संस्कृति, कला और मूर्तिकला पर आधारित भारतीय प्रमुख तत्व होंगे।एनडीएमसी के सदस्य कुलजीत चहल ने बताया कि जी-20 सम्मेलन के लिए विस्तृत प्रस्ताव संबंधित विभाग अगामी काउंसिल मीटिंग में रखा जाएगा। इसमें जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर एनडीएमसी क्षेत्र में 41 सड़कों के उन्नयन के लिए रुपये 150 करोड़ रुपये का बजट उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना में भारतीय मूल के पेड़ों, फूलों और सड़क के किनारे लगाए जाने वाले विभिन्न प्रजातियों के पौधों को शामिल किया गया है। ताकि सभी सड़कों को पैदल चलने वालों के लिए एक पर्यावरण के अनुकूल क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा सके।

## दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में फायरिंग से युवक घायल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



राजधानी दिल्ली में पिता की पिटाई का बदला लेने के लिए एक युवक ने फायरिंग कर दी। घटना का एक वीडियो भी है। जिसमें लड़के बैठे हुए युवक पर फायरिंग कर भागते हुए नजर आ रहे हैं। दरअसल, यह घटना जहांगीरपुरी इलाके की है।

इसमें 15 जुलाई को एक शख्स पर फायरिंग करने वाले 4 नाबालिग लड़कों को पकड़ा गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपितों का कहना है कि 7 महीने पहले युवक ने एक नाबालिग के पिता को पीटा था और बदला लेने के लिए फायरिंग कर दी। जानकारी के मुताबिक जहांगीरपुरी के एच-4 ब्लॉक में जावेद नाम के व्यक्ति को गोली मारे जाने की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। दिल्ली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार की शाम करीब 5 बजकर 15 मिनट पर ढउफ कॉल मिली थी। जिसमें कॉल करने वाले ने जानकारी देते हुए बताया था कि जहांगीरपुरी की एच-4 ब्लॉक में जावेद नाम के एक व्यक्ति को गोली लगी है। सूचना पाकर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया। उधर, साइबर व बैंकिंग धोखाधड़ी का शिकार कोई भी हो सकता है। ऐसे में सर्तकता बरतना बेहद जरूरी है। रिजर्व बैंक आफ इंडिया के अधिकारियों ने मटियाला के मंसाराम कालोनी स्थित हरी कृष्ण पब्लिक स्कूल का दौरा किया और वहां बच्चों को वे तमाम जानकारियां दीं, जिसका इस्तेमाल कर वे साइबर व बैंकिंग धोखाधड़ी से बच सकते हैं। साथ ही बच्चो से कहा कि वे पहले खुद सींखे, फिर अपने अभिभावकों, दोस्तों, रिश्तेदारों को भी इन उपायों की जानकारी दें। बच्चों ने बड़े ध्यानपूर्वक अधिकारियों की बातों को सुना और उनको आश्वस्त किया की वे बैंकिंग धोखाधड़ी से लोगों को बचाने के लिए ये सभी जानकारियां अपने परिचितों को जरूर बताएंगे।

स्कूल की प्रधानाचार्य अनुराधा शर्मा ने बताया कि आजकल बैंकिंग से जुड़े कार्य बच्चे भी करते हैं। पाकेट मनी के लिए सभी अपने पास आनलाइन वालेट रखते हैं। ये वालेट आपकी बैंकिंग सिस्टम से जुड़े रहते हैं। इसलिए सतर्कता बेहद जरूरी है।


## चांदनी चौक में आतंकी हमले की मॉक ड्रिल

नई दिल्ली। उत्तरी जिले के लाहौरी गेट थानान्तर्गत चांदनी चौक क्षेत्र में शनिवार को आतंकी हमले को लेकर मॉक ड्रिल की गई। इसमें सीआईएसएफ एनडीआरएफ, एनएसजी, दिल्ली पुलिस डीडीएमए और दमकल विभाग की टीमों ने सयुंक्त मॉक ड्रिल की। उत्तरी जिले के डीसीपी सागर सिंह कलसी ने बताया कि आज सुबह 10.54 बजे लाहौरी गेट थाना इलाके के चांदनी चौक फतेहपुरी में मॉक ड्रिल किया गया। इसमें पुलिस को सूचना मिली कि गोल हाथी के पास आतंकवादियों ने हमला कर दिया है, जिसमें कुछ लोग घायल हो गए हैं। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस, दूसरी सुरक्षा एजेंसियां की टीमें पहुंच गईं और तुरंत उन्होंने मोर्चा संभाल लिया और समय रहते तीन घायलों को नजदीकी अस्पताल में भेजा गया।

**सूचना** आप के सारे सांसद और विधायक 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में अपना वोट यशवंत सिन्हा को देंगे

# आप, राष्ट्रपति पद के चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को करेगी समर्थन: संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता





आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में आज पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक हुई, जिसमें राष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में लिए गए निर्णय के बारे में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बताया कि आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पॉलीटिकल अफेयर्स कमिटी ने बैठक में सर्वसम्मति से विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को समर्थन देने का निर्णय लिया है। हम भाजपा के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का भी सम्मान करते हैं, लेकिन इस चुनाव में हम लोग विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को समर्थन देंगे। आम आदमी पार्टी के सारे सांसद और विधायक 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में अपना वोट यशवंत सिन्हा को देंगे।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में आज पार्टी की पॉलीटिकल अफेयर्स कमिटी की बैठक हुई। इस बैठक में राष्ट्रपति पद के लिए होने जा रहे चुनाव के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। पॉलीटिकल अफेयर्स कमिटी (पीएसी) में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई की राष्ट्रपति पद के किस उम्मीदवार का समर्थन किया जाए। पीएसी की बैठक संपन्न होने के बाद आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि आज पीएससी की बैठक हुई और बैठक में पॉलीटिकल अफेयर्स कमिटी और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एकमत से यह तय किया है कि महामहिम राष्ट्रपति पद के लिए जो चुनाव हो रहा है, इस चुनाव में आम आदमी पार्टी, विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा जी को समर्थन करेगी। हम भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू जी का भी सम्मान करते हैं और उनके प्रति भी आदर है, लेकिन इस चुनाव में हम लोग विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा जी को समर्थन देंगे।

आम आदमी पार्टी के सारे सांसद और सारे विधायक अपना वोट 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में यशवंत सिन्हा जी को देंगे। आज यह निर्णय आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पीएसी ने लिया है। संजय सिंह ने आगे कहा कि विपक्ष के उम्मीदवार के तौर पर यशवंत सिन्हा जी हैं। आज पॉलीटिकल अफेयर्स कमिटी की बैठक में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को समर्थन देने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद यह निर्णय लिया गया है कि आम आदमी पार्टी, विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा जी को समर्थन करेगी।

## हत्या के मामले में छह साल से फरार चल रहा बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। लाजपत नगर के नेहरू नगर में किराएदार की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में छह साल से फरार चल रहे एक भगोड़े बदमाश को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान जगदीश उर्फ जग्गी (40) के रूप में हुई है। 19 अक्टूबर 2016 को जगदीश ने मकान मलिक राकेश व अन्यों के साथ मिलकर अश्विनी कपूर नामक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। मामले में लाजपत नगर थाना पुलिस ने मकान मालिक राकेश, उसकी पत्नी सीता, राकेश के भाई संदीप और राकेश की साली सरिता को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन जगदीश और कुलविंदर नामक आरोपी लगातार फरार चल रहे थे। पुलिस को अब कुलविंदर की तलाश है। अपराध शाखा के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि 19 अक्टूबर 2016 को राकेश, उसके परिवार व अन्यों ने अपने किराएदार मोनिका कूपर (34) और इसके बुजुर्ग पिता अश्विनी कपूर की बुरी तरह पिटाई कर दी थी। दरअसल मोनिका व उसके पिता ने एक करीब दो साल पूर्व राकेश की मां सुमित्रा से किराए पर मकान लिया था।

## सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड मामले में छह शूटरों में तीन चढ़ें पुलिस के हत्थे



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली पुलिस को सिद्धु मुसेवाला हत्याकांड मामले में बड़ी सफलता मिली है। हत्याकांड में शामिल छह शूटरों में से छह को पुलिस ने दबोच लिया है। बाकी अन्य आरोपित को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। दिल्ली पुलिस स्पेशल सीपी एच.जी.एस. धालीवाल के मुताबिक मामले में 6 शूटर थे जिसमें से 3 को पकड़ लिया है, अन्य को पकड़ने के लिए काम चल रहा है। हथियार और वाहन उपलब्ध कराने में शामिल 2 लोगों में से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि रेकी करवाने वाले एक व्यक्ति को भी पकड़ लिया है। मामले में 6 शूटर थे जिसमें से 3 को पकड़ लिया है, अन्य को पकड़ने के लिए काम चल रहा है। हथियार और वाहन उपलब्ध कराने में शामिल 2 लोगों में से 1 को पकड़ लिया है। रेकी करवाने वाले 1 व्यक्ति को पकड़ लिया है: सिद्धु मुसेवाला हत्याकांड मामले पर एच.जी.एस. धालीवाल, स्पेशल, दिल्ली पुलिस दरअसल, शूटर्स ने ये राज भी खोला कि मूसेवाला की हत्या करने के लिए एक दो नहीं बल्कि आधा दर्जन से अधिक प्लान बनाए गए थे। इनमें से कुछ फुलप्रुफ थे जबकि एक दो में लड़कियों को शामिल किया जाना था मगर उनके शामिल न हो पाने की वजह से उसे ड्राप कर दिया गया था। शूटर्स को पता था कि मूसेवाला तक पहुंचना आसान नहीं होगा इस वजह से वो मीडिया या फिर पुलिस के वेश में उन तक पहुंचना चाहते थे। इसका पूरा खाका भी उन्होंने तैयार कर लिया था। पुलिस को आरोपियों के पास से पंजाब पुलिस की वर्दी भी मिली थी जिसके बारे में पूछताछ करने पर ये राज खुला। इनकी एक योजना ये भी थी कि दो महिला और दो पुरुष पंजाब पुलिस की वर्दी पहनकर मूसेवाला का घर के अंदर जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### महालक्ष्मी जन आशीर्वाद रथ यात्रा को किया गया स्वागत

गुरुग्राम। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान निकाली जा रही कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी जन आशीर्वाद रथ यात्रा सैक्टर 52 क्षेत्र में स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने महालक्ष्मी माता की आरती की। कार्यक्रम में डा. डीपी गोयल, आचार्य नर्मदा शंकर मुख्य रुप से शामिल हुए। सम्मेलन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और रथ यात्रा के दक्षिणी हरियाणा संयोजक मंनोज गोयल गुडियानिया ने बताया कि जन आशीर्वाद यात्रा को समाज के लोगों का पूरा योगदान मिल रहा है। कार्यक्रम में सुंदरदास अग्रवाल, विजय अग्रवाल, गजेंद्र गुप्ता व ईश्वर मित्तल, आरबी सिंगला परमिंद्र कटारिया, अमित गोयल, राजीव मित्तल आदि मौजूद रहे।

### लंबित पड़ी मांगों को लेकर नपीनो ऑटो के श्रमिकों का आंदोलन तीसरे दिन भी जारी

गुरुग्राम। आईएमटी मानेसर स्थित नपीनो ऑटो के श्रमिक लंबित पड़ी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। यूनियन के प्रधान नरेश कुमार ने बताया कि प्रबंधन श्रम कानूनों की धज्जियां उड़ाने में लगी है। श्रमिकों के सामूहिक मांगपत्र पर प्रबंधन वार्ता ही नहीं करना चाहती। यह सब प्रबंधन श्रमिकों को परेशान करने के लिए ही कर रही है। श्रम विभाग ने गत दिनों श्रमिकों व प्रबंधन को कार्यालय में बुलाया था, लेकिन प्रबंधन के अड़ियल व्यवहार के चलते वार्ता आगे नहीं बढ़ पाई। अब 19 जुलाई को फिर से वार्ता होगी। श्रमिक नेता नवराज दहल का कहना है कि श्रमिकों ने शांतिप्रिय तरीके से अपना आंदोलन शुरु किया हुआ है। उन्होंने प्रबंधन श्रम विभाग से आग्रह किया है कि श्रमिकों को न्याय दिलाया जाए ताकि औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिक शांति बनी रहे।

### शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्रों को किया पुरुस्कृत

गुरुग्राम। सैक्टर 4 स्थित राजकीय मॉडल वरिष्ठ विद्यालय के छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया है। स्कूल की प्रधानाचार्या सुमनलता शर्मा ने बताया कि आर्य विद्या मंदिर परिसर में ओयो द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र कृष्ण, बबलू, रोशन, अभिषेक गिरि, शक्ति व मुस्कान झा को लैपटॉप देकर पुरुस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों का जहां मनोबल बढ़ेगा, वहीं वे लैपटॉप के माध्यम से शिक्षा की नई तकनीकों का भी ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

### टीन्स ऑफ गॉड ने निशुल्क स्तन कैंसर जांच शिविर का किया आयोजन

गुरुग्राम। सैक्टर 15 क्षेत्र में शनिवार को सामाजिक संस्था टीन्स ऑफ गॉड द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष आयुष जैन ने बताया कि चिकित्सकों द्वारा शिविर में आई महिलाओं की स्तन कैंसर की अत्याधुनिक मशीन द्वारा जांच की गई और उन्हें स्तन कैंसर के बारे में जागरुक भी किया गया। चिकित्सकों ने कहा कि वे नियमित रुप से अपनी शारीरिक जांच कराएं ताकि समय रहते स्तन कैंसर जैसी बीमारी का उपचार किया जा सके। चिकित्सकों ने स्तन कैंसर, स्क्रीनिंग, मैमोग्राफी जांच भी की। आयुष जैन ने बताया कि 30 महिलाओं की जहां मैमोग्राफी स्क्रीनिंग की गई, वहीं 70 महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाईयां भी वितरित की गई।

# हर घर तिरंगा महोत्सव को उत्सव की तरह मनाए सभी जिलावासी: उपायुक्त

**बैठक**

- सभी सरकारी भवनों पर 13 से 15 अगस्त तक फहराया जाएगा तिरंगा

**गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता**




हर घर तिरंगा अभियान को लेकर उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने जिला अधिकारियों, औद्योगिक एसोसिएशनों व एनजीओ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारी आजादी का पर्व है और इस उपलक्ष में 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किए जा रहे हर घर तिरंगा महोत्सव को सभी गुरुग्राम जिला वासी हंसी खुशी के साथ उत्सव की तरह मनाएं।

उन्होंने कहा कि सभी जिला वासी अपने-अपने घर पर तिरंगा फहरा कर उसकी फोटो लें और आजादी के अमृत महोत्सव से संबंधित सोशल मीडिया हैंडल पर टैग करें। उपायुक्त ने कहा कि जिला में सभी शिक्षण संस्थान अपने भवनों पर तिरंगा फहराए और राष्ट्रीय ध्वज के विषय पर विशेष असेंबली आयोजित करें जिसमें बच्चों को हमारे राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास के बारे में बताया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि इसी प्रकार जिला में स्थित सभी सरकारी भवनों पर 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी प्रत्येक कार्यालय अध्यक्ष की होगी। उन्होंने कहा कि जिला में स्थित सभी सरकारी अस्पतालों तथा स्वास्थ्य केंद्रों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना सिविल सर्जन सुनिश्चित करेंगे। बैठक में उपस्थित सिविल सर्जन डॉ वीरेंद्र यादव ने तत्काल उपायुक्त को इस बारे में भरोसा भी दिलाया। उन्होंने बैठक में उपस्थित औद्योगिक एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि वे अपनी एसोसिएशन के सदस्यों को अपनी औद्योगिक इकाई अथवा उद्योग पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करें तथा इन इकाइयों में कार्यरत स्टाफ के सदस्यों से भी अपील करें कि वे अपने-अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज पहरा कर देशभक्ति की भावना को प्रदर्शित करें। दौलताबाद रोड औद्योगिक एसोसिएशन के संरक्षक विनय गुप्ता, अध्यक्ष पवन जिंदल ने बताया कि उनकी एसोसिएशन 1000 तिरंगे बनवा कर अपने कर्मचारियों में वितरित करेगी। बैठक में बताया गया कि जिला में कार्यरत 300 स्वयं सहायता समूह ग्रामीण क्षेत्र के लिए 5000 राष्ट्रीय ध्वज तैयार करके देंगे। इसके अलावा भी ग्राम पंचायतें झंडे खरीदकर अपने ग्राम सचिवों के माध्यम से वितरण करवाएंगी। इसी प्रकार शहरी क्षेत्र में नगर निगम गुरुग्राम, नगर निगम मानेसर तथा सोहना नगर परिषद अपने-अपने क्षेत्र के लिए कमेटी बनाकर राष्ट्रीय ध्वज खरीदेंगे और उनका वार्ड वाइज वितरण करवाएंगे। पशुपालन विभाग अपने अस्पतालों तथा पुलिस विभाग सभी पुलिस थानों आदि पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे अपनी राशन की दुकानों पर भी राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध करवाएं जहां से लोग उन्हें प्राप्त कर सकें।

# प्रधानमंत्री का मकसद श्रेष्ठ व अखण्ड भारत बनाना : कृष्णपाल

- केंद्रीय मंत्री ने भाजपा के प्रशिक्षण शिविर में केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

**फरीदाबाद, एजेंसी**

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा नेता मिलना भारत के लिए सौभागय की बात है क्योंकि प्रधानमंत्री का मकसद श्रेष्ठ और अखंड भारत बनाना है और पिछले आठ सालों में उनके कुशल नेतृत्व में भारत विश्व में मजबूत शक्ति के रूप में अपनी पहचान कायम कर चुका है। वे शनिवार को सूरजकुंड के राजहंस में भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे सत्र में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने पिछले आठ सालों में जो काम किए है, उतने कार्य किसी भी सरकार ने आज तक नहीं किए, उनकी द्वारा चलाई गई जनहित योजनाओं का लाभ आज हर वर्ग को मिल रहा है और इन आठ सालों में लोगों के जीवन में भी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के आठ सालों के कार्यकाल में किसी मंत्री और सरकार पर कोई दाग नहीं लगा, इससे साबित होता है कि सरकार की नीति और नीयत दोनों ही स्वच्छ है और सरकार की सोच विकासपरक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने योजनाओं को कागजो में नही बनाया बल्कि 100 प्रतिशत उस पर काम किया है। पिछले आठ सालों के दौरान 3 करोड़ लोगों को आवास की सुविधा दी, 35 करोड़ लोगों को लोन की सुविधा मिली, 45 करोड़ से ज्यादा जनधन खाते खोले गए। 20 करोड़ महिलाओं के खातों में 500 रुपये लगातार डाले जा रहे हैं। इसके अलावा किसानों के खाते में भी सम्मान राशि पहुंचाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम प्रधानमंत्री के विकास कार्यो की चर्चा करते है, उसी प्रकार भाजपा कार्यकर्ता मनोहर सरकार का भी जन-जन में जाकर गुणगान करें ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे। इस मौके पर हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज, स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर, कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल, सहित भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अपनी स्किल का उपयोग करके राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं युवा: अखिल कुमार

**गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता**



- युवा अवस्था का किया हुआ काम और मेहनत बुजुर्ग अवस्था मे काम आता है

देश का युवा स्किल के मामले में सबसे आगे है। आज विश्व मे भारत ही ऐसा देश है जहां युवा सबसे अधिक हैं और किसी भी देश का विकास और सुरक्षा युवाओं पर निर्भर करती है। युवा वर्ग ही देश की मजबूत नींव होता है। उक्त विचार पुलिस आयुक्त यातायात व अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सर अखिल कुमार ने राज्य मॉडल औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र संस्थान द्वारा विश्व युवा स्किल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में लेबर लॉ एडवाइजर एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट आरएल शर्मा, फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रदेश महासचिव व वरिष्ठ उद्यमी दीपक मैनी शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आईटीआई के प्रिंसीपल जयदीप कादियान ने की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई हुनर अवश्य होता है। उसका प्रयोग कर हमें राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभानी चाहिए। आरएल शर्मा ने कहा कि युवा अवस्था मे ही मेहनत करने की क्षमता होती है।

युवा अवस्था का किया हुआ काम और मेहनत बुजुर्ग अवस्था मे काम आता है। एफआईआई के महासचिव दीपक मैनी ने कहा कि युवाओं में स्किल डवलप करने में आईटीआई का बहुत बड़ा योगदान है। प्रिंसिपल जयदीप कादयान ने बताया कि विश्व कौशल दिवस का कौशल विकास और ओधोगिक प्रशिक्षण विभाग के महानिदेशक की तरफ से आयोजन करने के निर्देश दिए गए थे।

संस्थान के छात्रों को स्किल बनाने में सभी स्टाफ कड़ी मेहनत के कारण हर वर्ष बड़ी संख्या में स्किल छात्र बेहतर प्लेसमेंट के साथ साथ स्व-रोजगार भी पाते है, जो औद्योगिक विकास में महती भूमिका निभाते है।

### पद्म पुरुस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित, अंतिम तिथि 15 अगस्त

**गुरुग्राम।** जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार की ओर से गणतंत्र दिवस 2023 के अवसर पर घोषित होने वाले पदम पुरस्कारों के लिए हरियाणा सरकार ने ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। उन्होंने बताया कि इन पुरुस्कारों के लिए योग्य व्यक्ति अपना नामांकन प्रस्ताव ऑनलाइन निर्धारित प्रपत्र में पोर्टल पर भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया की आवेदन स्वीकार करने की अंतिम 15 अगस्त 2022 निर्धारती की गई है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक है। 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार कला, साहित्य, सार्वजनिक मामलों, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। सभी नागरिक बिना किसी जाति, व्यवसाय, पद या लिंग भेद के इस पुरस्कार के लिए पात्र हैं।

# जिस कॉलेज में शिक्षा ली, उसी कॉलेज में वाटर कूलर लगाने का सौभाग्य मिला: पंकज डावर




**गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता**

रोटरी क्लब साइबर सिटी के प्रेसिडेंट पंकज डावर ने शनिवार को शहर के द्रोणाचार्य कालेज में रोटी क्लब साइबर सिटी गुरुग्राम की ओर से वाटर कूलर लगवाया।

इस मौके पर पंकज डावर ने कहा कि जिस कॉलेज में उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की थी आज उसी कॉलेज में जब उन्होंने अपनी टीम के पदाधिकारियों के साथ मिलकर वाटर कूलर लगवाया तो बड़े ही गर्व की अनुभूति प्राप्त हुई, पंकज डावर ने कहा कि रोटरी क्लब साइबर सिटी गुरुग्राम लगातार रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए गरीब तबकों के बीच पहुंचकर गरीब बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराने जैसा कार्य करने में जुटा है, इसी कड़ी में रोटरी क्लब साइबर सिटी गुरुग्राम की ओर से द्रोणाचार्य कॉलेज में वाटर कूलर लगाकर छात्र छात्राओं के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था दी गई है।

इस मौके पर उनके साथ कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ वीरेंद्र अंतिल, प्रोफेसर लीलमणी गौड़, राजकुमार शर्मा, नरेंद्र अरोड़ा, रोटरी क्लब की ओर से रविंद्र जैन, मुकेश कुमार शर्मा, मनीष खुल्लर, नवीन गुप्ता, कुलदीप कटारिया, भारत मदान, विकास चोपड़ा, विवेक बंसल, धर्मेंद्र खन्ना, अंजलि राही, उमेश गूगलानी, नारायण सिंह, कनिक जग्गी, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# कम्प्यूटराईज्ड अकाउन्टिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता**



रूडसेट संस्थान द्वारा आयोजित किए गए कम्प्यूटराईज्ड अकाउन्टिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्था का स्थापना दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम में एसेसर नरेश कुमार शर्मा, पुनेपाल मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। नरेश कुमार शर्मा ने कहा कि स्व-रोजगार के क्षेत्र में विकास के असिमित अवसर है। इसे अपनाकर अन्य लोगों को भी रोजगार मुहैया करा सकती हैं।

संस्थान से मिले हुए प्रशिक्षण का सदुपयोग कर अपना रोजगार स्थापित करें ताकि आप अपना तथा देष की उन्नति में सहयोग दे सकें। पुनेपाल ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धा के युग में कोई भी व्यवसाय सफल होने का मूल मंत्र है ग्राहक सेवा। कोई भी व्यवसाय का सफलता का राज है अच्छे किस्म के ग्राहक। संस्थान के निदेशक संजय ढ़ींगड़ा ने बताया कि संस्थान विगत 38 वर्षो से हरियाणा के शिक्षित बेरोजगार नवयुवक तथा नवयुवतियों का स्व-रोजगार के लिए विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित कर रहा है तथा भविष्य में भी यह प्रयास जारी रखेगा। राजेश प्रसाद ने बताया कि फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी, फास्ट फुड स्टॉल उद्यमी, जूट प्रॉडक्ट, डेयरी एवं वर्मी कम्पोस्ट तथा टेलीफोन और मोबाईल मरम्मत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# सूक्ष्म सिंचाई योजना का लाभ उठाएं किसान: उपायुक्त

**गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता**

- सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 85 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जा रही है

प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने व फसल उत्पादन के दौरान होने वाले जोखिमों को कम करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा विभिन्न स्तर पर गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही किसान हित में जो निर्णय लिए जा रहे हैं, उनको भी पूरी ईमानदारी के साथ धरातल पर क्रियान्वित किया जा रहा है।

इसी उद्देश्य से किसानों को कम पानी लागत से बेहतर व ज्यादा पैदावार लेने के लिए सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 85 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जा रही है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने जिला के किसानों से सूक्ष्म सिंचाई योजना का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से किसान खेत में पानी खड़ा होने, खेत में पानी के असमान वितरण, उर्वरक उपयोग दक्षता को कम करने जैसे नुकसानों से अपनी फसल को बचाकर अधिक से अधिक पैदावार ले सकते हैं।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने किसानों को कृषि से संबन्धित सिंचाई के नए आधुनिक तकनीकी साधन प्राप्त करने के लिए सूक्ष्म सिंचाई योजना शुरू की है। इसमे मिनी स्प्रिंकल पर 85 प्रतिशत तक सब्सिडी का प्रावधान भी है। उपायुक्त ने कहा कि इस विधि के माध्यम से रासायनिक उर्वरकों को घोल के रूप में पानी के साथ फसल में डाला जा सकता है। इसके साथ ही इस प्रणाली से पौधों या फसलों को जरूरत के हिसाब से पानी देने के साथ ही 70 प्रतिशत पानी की बचत भी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त योजना के तहत पुराने कुओं का जीर्णोद्धार, टिब्बे पर सूक्ष्म सिंचाई व्यवस्था तथा खेती योग्य भूमि को शत-प्रतिशत पानी के बेहतर प्रबंधन की व्यवस्था भी की जा सकती है। उन्होंने बताया कि सभी आवेदक किसानों के यहां वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत उपरोक्त योजना के तहत सब्सिडी का लाभ देते हुए खेतों में मिनी स्प्रिंकल स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन के उपरांत आपको स्क्रीन पर विभिन्न सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं के विकल्प दिखाई देंगे जिसमे तालाब विधि व मौजूदा ट्यूबवेल जैसे विकल्पों का चुनाव कर आप उपरोक्त योजना पर दी जा रही सब्सिडी का लाभ उठा सकते हैं।

# प्रकृति के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए ब्रह्माकुमारीज ने लगाए पेड़




**नोएडा, प्रात: किरण संवाददाता**

नोएडा के सेक्टर 46 स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवाकेन्द्र द्वारा सेक्टर 30 स्थित डी.पी.एस. स्कूल में कल्पतरुह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बागवानी विभाग की प्रभारी सुश्री रितु नेगी, डी.पी.एस. स्कूल की समन्वयक सुश्री गीतिका सरीन, अध्यापिका सुश्री गुंजीत कौर और स्कूल के बच्चों सहित ब्रह्मयकुमारीज सेक्टर 46 सेवाकेन्द्र प्रभारी बी. के. कीर्ति और सेवाकेन्द्र के अनेक भाई बहने शामिल हुए।

कल्पतरुह कार्यक्रम के अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज ने देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में ये संकल्प लिया है की देश भर के सभी सेवाकेन्द्र मिलकर 75 दिनों में 40 लाख पेड़ लगाएंगे। इसी लक्ष्य से सेक्टर 30 स्थित डी.पी.एस. स्कूल में सब एकत्रित हुए और प्रकृति को सहयोग देते हुए हर सदस्य ने एक पेड़ लगाया।

साथ में ब्रह्माकुमारी कीर्ति ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे हम पेड़ को लगाते है और उसके बढ़ने का ध्यान रखते है ऐसे ही हम सब यदि अपने अपने अंदर भी आज एक अच्छाई का बीज डालें और नित ज्ञान-योग के माध्यम से उस अच्छाई को सींचे तो प्रकृति के साथ साथ एक सुंदर समाज का भी विकास हो जाएगा।

# जनता को अच्छा देंगे तो ही अच्छा प्राप्त करेंगे: ओमप्रकाश धनखड़

**फरीदाबाद, एजेंसी**

- प्रशिक्षण शिविर में नेतृत्व व व्यक्तित्व विकास विषय पर हुई चर्चा

भारतीय जनता पार्टी के प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन नेतृत्व विकास और व्यक्तित्व विकास विषय पर उद्बोधन करते हुए हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि जो पार्टी जनता के एजेंडे पर काम करती है वही पार्टी जीत का स्वाद चखती है। यही कारण रहा कि पार्टी ने एजेंडा सेट किया तो हम सत्ता में आए। बेहतर लीडरशिप के नाते हमारी सरकार स्टेप बाय स्टेप आगे बढ़ रही है।

इस बढ़ते क्रम को जारी रखें, आगे जीत हमारी ही होगी। प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन के पहले सत्र की शुरूआत प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने दीप प्रज्जवलित करके की तथा अध्यक्षता शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने की। नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास विषय पर बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़.ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता श्रेष्ठ हैं, इसलिए भाजपा की लीडरशिप पूरी दुनिया में उभर रही है।

धनखड़ ने कहा हमें जनता को अच्छा देना चाहिए तभी हम अच्छा प्राप्त कर सकते हैं। फॉलोअर, नेता और कार्यकताओं के बीच के अंतर को समझाते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि जब नेता कुर्सी पर बैठ जाता है तो उसको फॉलोअर घेर लेते हैं, सरकार चली जाती है तो फॉलोअर भी चले जाते हैं, लेकिन कार्यकर्ता हमेशा नेता का भला सोचता है इसलिए वह डटा रहता है। इसलिए कार्यकर्ता श्रेष्ठ है। प्रदेश अध्यक्ष ने नेताओं की छवि पर जोर दिया। श्री धनखड़ ने कहा कि अपना सर्वश्रेष्ठ गुण को अभिव्यक्त करना नेता और कार्यकताओं को उभारता है।

# सावन माह में महादेव की पूजा करने वालों की मंदिरों में लगी भीड़

**गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता**



- श्रद्धालुओं ने कावड़ लाने के लिए हरिद्वार व गंगोत्री के लिए प्रस्थान शुरू कर दिया है

सावन का माह शुरू हो चुका है। सावन माह में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने का विशेष विधान है। शहर के विभिन्न मंदिरों में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। जिनमें महिला श्रद्धालुओं की संख्या भी अच्छी खासी दिखाई दे रही है। श्रद्धालुओं ने कावड़ लाने के लिए हरिद्वार व गंगोत्री के लिए प्रस्थान शुरू कर दिया है। ज्योतिषाचार्यो का कहना है कि यदि कोई श्रद्धालु सावन माह में सच्चे मन और पूरी श्रद्धा के साथ महादेव का व्रत रखकर उनकी आराधना करता है तो उसे शिव का आशीर्वाद अवश्य प्राप्त होता है। सावन माह में भगवान शिव को धतूरा, बेल पत्र, भांग के पत्ते, दूध व गुड़ आदि चढ़ाना शुभ माना जाता है। उनका कहना है कि भगवान शिव की पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं को सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना चाहिए। पूजा स्थल को स्वच्छ कर वेदी की स्थापना भी करनी चाहिए। मंदिरों में शिवलिंग को दूध चढ़ाना फलदायी होता है। ज्योतिषाचार्यों ने श्रद्धालुओं से आगह किया कि वे पूरी श्रद्धा के साथ महादेव के व्रत का संकल्प लें। दिन में 2 बार महादेव की पूजा की जानी चाहिए। पूजा के लिए तिल के तेल का दिया जलाएं और भगवान शिव को पुष्प भी अर्पण करें। व्रत के दौरान सावन व्रत कथा का पाठ भी करना चाहिए। पूजा समाप्त होते ही प्रसाद का वितरण किया जाना चाहिए। महादेव देवों के देव हैं। कहा जाता है कि श्रद्धालुओं द्वारा की जाने वाली पूजा-अर्चना से महादेव प्रसन्न होकर उनकी मनोकामना पूरा करते हैं।

# ओयो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्रों को किए लैपटॉप वितरित

**गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता**



- शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर लैपटॉप देकर पुरुस्कृत किया गया

छात्रों का शिक्षा के प्रति रुझान बना रहे और वे आधुनिक तकनीक का लाभ उठाकर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें, इसके लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। सैक्टर 4 स्थित राजकीय मॉडल वरिष्ठ विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमनलता शर्मा ने बताया कि शनिवार को आर्य विद्या मंदिर परिसर में ओयो प्रतिष्ठान द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर लैपटॉप देकर पुरुस्कृत किया गया। उन्होंने बताया कि कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र कृष्ण व द्वितीय स्थान पर रहने वाले छात्र बबलू, कॉमर्स संकाय के छात्र रोशन व अभिषेक गिरि तथा कला संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शक्ति व मुस्कान झा को भी पुरुस्कार स्वरुप लैपटॉप दिए गए। प्रधानाचार्या ने ओयो प्रतिष्ठान के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि इससे छात्रों का जहां मनोबल बढ़ेगा, वहीं वे लैपटॉप के माध्यम से शिक्षा की नई तकनीकों का भी ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं तथा ओयो प्रबंधन के प्रतिनिधि भी शामिल रहे।

### विश्व युवा कौशल दिवस पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन

**गुरुग्राम।** मीडिया एंड एंटरटेनमेंट स्किल्स काउंसिल द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने युवाओं को स्पेशल ट्रेनिंग दी। ऑनलाइन वर्कशॉप में एआर/वीआर, गेमिंग, फोटोग्राफी, एनीमेशन, संगीत और नृत्य के क्षेत्र में नए युग के तकनीकी कौशल के बारे में बताया गया। विश्रुति मानेक ने कथक, मुथु कृष्णा द्वारा एआर/वीआर कॉन्सेप्ट, वैभव कुमारेश द्वारा आर्ट ऑफ स्टोरीटेलिंग, आर प्रसन्ना वेंकटेश द्वारा आर्ट ऑफ फोटोग्राफी, दिलीप सुथर द्वारा गेम आर्ट क्रिएशन का सत्र लिया गया था। मोहित सोनी ने कहा कि विश्व युवा कौशल दिवस लोगों में स्किल के प्रति जागरूकता लाने के लिए हर साल आयोजित की जाती है। ऑनलाइन और ऑफलाइन कार्यशालाओं के माध्यम से एमईएससी मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में युवाओं को स्किल सिखाने का अथक प्रयास कर रहा है।

सम्पादकीय

# गढ़ने होंगे नए शब्द

18 जुलाई से संसद का मानसून सत्र शुरू होने जा रहा है, जिसमें सरकार के सामने प्रश्नों की झड़ी लगाने के लिए विपक्ष तैयारियों में जुटा हुआ है। महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था में गिरावट जैसे स्थायी मुद्दों के अलावा इस बार अग्निपथ योजना, नुपूर शर्मा विवाद, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग, रूपए में ऐतिहासिक गिरावट, किसानों से किए वादों को पूरा करना, चीन का अतिक्रमण, पत्रकारों की आवाज को खामोश करने की कोशिश, बाढ़ की तबाही, नया वन संरक्षण अधिनियम, अल्पसंख्यकों, दलितों और आदिवासियों के अधिकार समेत कई मुद्दे हैं, जिन पर विपक्ष सरकार से जवाब-तलब कर सकता है।

विपक्ष ने इससे पहले भी संसद सत्रों में इसी तरह सरकार की सवालों से घेराबंदी की है। विभिन्न विपक्षी दलों के नेता सदन में तथ्यों के साथ सरकार के सामने अपने सवाल रखते हैं और कई बार उसके फैसलों पर सवाल उठाते हैं। इस सिलसिले में अपनी बात का जोर बढ़ाने के लिए विपक्ष कई तरह के शब्दों का इस्तेमाल करता है। जैसे जुमलाजीवी, तानाशाह, चमचा, शर्मिंदा, विश्वासघात, पाखंड, अक्षम आदि-आदि। लेकिन अब लोकसभा सचिवालय ने मानसून सत्र से पहले एक सूची तैयार की है, जिसमें उन शब्दों को रखा गया है, जो अब असंसदीय कहलाएंगे। यानी इनका इस्तेमाल सदन के भीतर करना गलत माना जाएगा और सदन की कार्रवाई के आधिकारिक ब्यौरे में इन्हें दर्ज नहीं किया जाएगा।

संसद और विधानसभाओं में पहले भी ऐसे शब्दों पर रोक लगाई जा चुकी है, जिनसे सदन या निर्वाचित सदस्यों के मयार्दा मर्दन की आशंका रहती है। संसद और विधानसभाएं महज ईंट-पत्थर से बनी इमारतें नहीं हैं, यहां लोकतंत्र का दिल धड़कता है। जनता जिन्हें अपना प्रतिनिधि बनाकर इन सदनों में बिठाती है, उनकी जिम्मेदारी होती है कि वे जनता से जुड़ी और देशहित की बातों को सदन के पटल पर रखें। अपने क्षेत्र की समस्याओं और देशव्यापी मसलों पर सार्थक चर्चा करें। जो दल बहुमत से सरकार बनाता है, उस का यह कर्तव्य होता है कि वह विपक्ष के सवालों का जवाब दे, मुंह चुराकर भागे नहीं। लेकिन सत्ता पर बने रहने की राजनीति के कारण अब सत्तारुढ़ दल जवाब देने की जगह विपक्ष को खामोश कराने के नए-नए तरीके अख्तियार करने लगा है।

असंसदीय शब्दों की नयी सूची इसका एक उदाहरण है। ऊपर उदाहरणस्वरूप दिए गए शब्दों के अलावा दोहरा चरित्र, निकम्मा, नौटंकी, ढिंढोरा पीटना, बहरी सरकार, अराजकतावादी, शकुनि, जयचंद, विनाश पुरुष, खालिस्तानी, खून से खेती, चाण्डाल चौकड़ी, गुल खिलाए, पिट्ठू, दलाल, घड़ियाली आंसू, चिलम लेना, छोकरा, कोयला चोर, गोरू चोर, चरस पीते हैं, सांड, लॉलीपॉप जैसे शब्द असंसदीय शब्दों की सूची में शामिल हैं। किसी शब्द को किस आधार पर असंसदीय कहा जा सकता है, इसका विश्लेषण हम पहले कर चुके हैं।

लेकिन इस नयी सूची में जो शब्द शामिल किए गए हैं, उनमें से अनेक शब्द ऐसे हैं जिनका इस्तेमाल मौजूदा विपक्ष ने सरकार के लिए विशेषण के तौर पर किया है। जब सदन के भीतर सरकार उन लोगों को आंदोलनजीवी कह सकती है, जो सरकार के विरोध में शांतिपूर्ण आंदोलन करते हैं, तो फिर जुमलाजीवी शब्द असंसदीय क्यों माना गया। जब रेनकोट पहनकर नहाना असंसदीय नहीं माना गया है, तो फिर विनाश पुरुष को असंसदीय क्यों माना गया है। सत्ता जब मन की बात से संचालित होने लगे तो क्या वह तानाशाही नहीं कहलाती है। जब संसद की चौखट पर मत्था टेकने और संविधान की शपथ लेने के बाद भी संवैधानिक संस्थाओं, पदों और मयार्दा का ख्याल न रखा जाए और एक विशेष धर्म को बढ़ावा दिया जाए, तो फिर इस व्यवहार के लिए पाखंड जैसे शब्दों का इस्तेमाल गलत कैसे हो सकता है। जब सत्ता के शीर्ष पर बैठा व्यक्ति गाहे-बगाहे आंसू बहाता नजर आए, लेकिन बड़ी त्रासदियों पर जिसके माथे पर शिकन भी न पड़े, तब घड़ियाली आंसू की उपमा ही याद आती है।

असंसदीय शब्दों की सूची में कई अलग-अलग शब्द हैं, लेकिन इनमें से अधिकतर में एक बात सामान्य है कि इन शब्दों का इस्तेमाल विपक्ष ने अक्सर सरकार को घेरने के लिए किया है। संसद के हर नए सत्र के साथ विपक्ष के सवालों या विरोध से बचने के लिए एक नया तरीका ईजाद होते देश देख रहा है। इस बार ये तरीका असंसदीय शब्दों की सूची के तौर पर सामने आया है। इस सूची को तैयार करने वालों को यह उम्मीद होगी कि जब विपक्ष इन शब्दों का उपयोग नहीं कर पाएगा, तो सरकार की घेराबंदी ढीली पड़ जाएगी। अगर वाकई ऐसी कोई उम्मीद बांधी गई है, तो यह शुतुरमुर्ग की तरह रेत सिर में घुसाने के समान है। क्योंकि विपक्ष अब भी इतना शक्तिहीन नहीं हुआ है कि उसे सरकार की गलत बातों के विरोध के लिए चंद शब्दों की दरकार हो। इतिहास गवाह रहा है कि विपक्ष को हल्के में लेने की प्रवृत्ति ने सत्ता की जड़ों को कमजोर कर दिया है।

# राजनीतिक दलों में मतभेद हों, मनभेद नहीं

**जब हम इस शब्द को उच्चारित करते हैं तो सहज ही हमारे मन में एक ऐसी भावना निर्मित होती है, जो सबको एक परिवार की भांति देखने के लिए काफी है। लेकिन आज हमारे देश के राजनीतिक दल भारत की इस मूल भावना को विस्मृत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह बात सही है कि विचारों की भिन्नता हो सकती है, लेकिन मन में भिन्नता नहीं आनी चाहिए। अगर मन में भिन्नता का अंकुरण प्रस्फुटित होता है तो स्वाभाविक रूप से उसकी परिणति आक्रोश ही होगा। इसलिए आदर्श राजनीतिक विचार की परिभाषा यही है कि मतभेद तो होना चाहिए, लेकिन मनभेद नहीं। आज देश में मनों में भेद उत्पन्न करने की राजनीति की जा रही है। एक तरफ पाकिस्तान जैसा देश अपने नेटवर्क के माध्यम से भारत में मन भेद की कुत्सित चाल चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस और वामपंथी दल के नेता ऐसी चालों के साथ कदम मिलाकर कार्य करते हुए दिखाई देते हैं।**





**सुरेश हिन्दुस्थानी**
**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

हम भारत के लोग यह मात्र एक शब्द नहीं, बल्कि यह राष्ट्रीय एकात्मता की प्रतिध्वनि को प्रकट करने वाला ऐसा शब्द है, जिससे हम प्रेरित हैं। जब हम इस शब्द को उच्चारित करते हैं तो सहज ही हमारे मन में एक ऐसी भावना निर्मित होती है, जो सबको एक परिवार की भांति देखने के लिए काफी है। लेकिन आज हमारे देश के राजनीतिक दल भारत की इस मूल भावना को विस्मृत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह बात सही है कि विचारों की भिन्नता हो सकती है, लेकिन मन में भिन्नता नहीं आनी चाहिए। अगर मन में भिन्नता का अंकुरण प्रस्फुटित होता है तो स्वाभाविक रूप से उसकी परिणति आक्रोश ही होगा। इसलिए आदर्श राजनीतिक विचार की परिभाषा यही है कि मतभेद तो होना चाहिए, लेकिन मनभेद नहीं। आज देश में मनों में भेद उत्पन्न करने की राजनीति की जा रही है। एक तरफ पाकिस्तान जैसा देश अपने नेटवर्क के माध्यम से भारत में मन भेद की कुत्सित चाल चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस और वामपंथी दल के नेता ऐसी चालों के साथ कदम मिलाकर कार्य करते हुए दिखाई देते हैं। कुल मिलाकर सत्य यही है कि उकसाने वाली राजनीति से देश का भला नहीं हो सकता। वर्तमान में विरोधी राजनीतिक दलों के नेता जिस तरह से बयान दे रहे हैं, उसे राजनीतिक भ्रष्टाचार फैलाने वाला निरूपित किया जाए ज्यादा ठीक ही होगा। भ्रष्टाचार का आशय केवल आर्थिक भ्रष्टाचार ही नहीं होता, इसका मतलब यह भी है कि जो भ्रमित करने का आचरण करे, वह वह भी भ्रष्टाचार ही है। राजनीति में मतभेद होना कोई नहीं बात नहीं है, लोकतंत्र की स्वस्थ परंपराओं के अंतर्गत मतभेद हो सकते हैं। लेकिन जो मत प्रस्तुत किया जा रहा है, उसकी प्रामाणिकता भी होना चाहिए, इसी से लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। अगर तथ्यहीन मत प्रस्तुत किया जाता है तो वह बहुत बड़े भेद का कारण बनता है। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य को देखकर कहा जा सकता है कि अब मतभेद ही नहीं, बल्कि मनभेद की राजनीति मुखर होती जा रही है। जहां तक मतभेद की बात है तो मतभेद तो परिवार में भी हो सकते हैं, लेकिन वहां मनभेद को कोई स्थान नहीं होता। अगर मनभेद हुआ तो पूरा परिवार बिखर जाता है। इसी प्रकार राष्ट्र के बारे में भी सोचा जाना चाहिए। मतभेद अवश्य हों, लेकिन मनों में भेद नहीं होना चाहिए। देश की राजनीति भी कुछ ऐसे ही रास्ते पर अपने कदम बढ़ाती हुई दिखाई दे रही है। नए-नए शब्दों को परोसने का खेल खेला जा रहा है, उसके कारण देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी भारत की छवि बिगड़ रही है। भारत देश के नागरिक होने के नाते हमें कम से कम इस बात का तो ध्यान रखना ही होगा कि हम अपने देश को मजबूती के साथ विदेशों के सामने लाएं। अगर हम खुद ही अपनी कमजोरियां बताने लगेंगे तो फिर देश को बचाने की कवायद कौन करेगा, यह सोचने का विषय है। आज देश में जो राजनीति का स्वरूप दिखाई दे रहा है, वह अपने मूल उद्देश्य से भटकाव की कहानी प्रदर्शित कर रही है। विरोधी राजनीतिक दल केवल आरोप लगाने वाली राजनीति करने तक ही सीमित रहे गए हैं। वास्तव में आज देश में दो प्रकार के दृश्य दिखाई देते हैं, जिसमें एक सत्ता का समर्थन करता है तो दूसरा सत्ता के विरोध में ही अपनी सारी कवायद करता है। विसंगति तो यह है कि केन्द्र सरकार की अच्छी नीतियों का समर्थन करने वाली जनता को भी यह राजनीतिक दल मोदी समर्थक मानकर व्यवहार करते हैं, जबकि सत्यता यह है कि उस जनता के मन में सच को सच और गलत को गलत कहने की हिम्मत है। जिसके मन में इस प्रकार का चिंतन करने का विचार है, वह अपनी कमियां भी देख सकता है और सरकार की अच्छाइयां भी देख सकता है, लेकिन जो पूर्वाग्रह से ग्रसित है, वह स्वयं को अच्छा मानता है और दूसरे से अपेक्षा करता है कि वह भी उसे अच्छा ही माने। हम यहां कांग्रेस विरोध की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि राष्ट्रीय नीति के अंतर्गत विचारों के पक्ष और विपक्ष का ही चिंतन कर रहे हैं। भारत के सभी नेताओं को यह ध्यान रखना चाहिए कि वह सबसे पहले भारत के नागरिक हैं, इस नाते उन्हें विदेशों में जाकर कोई भी ऐसी बात नहीं करना चाहिए, जिससे भारत का सिर झुक जाए, लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कई बार ऐसा ही किया है। अपने देश की सरकार की विदेशों में जाकर आलोचना करना किसी भी दृष्टि से ठीक नहीं है। राजनीतिक दलों की दृष्टि से केन्द्र सरकार भले ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की है, लेकिन विदेश की दृष्टि में वह भारत सरकार है और नरेन्द्र मोदी पूरे भारत के प्रधानमंत्री हैं। विपक्षी दलों को यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि नरेन्द्र मोदी लोकतांत्रिक तरीके से चुनकर आए हैं, इसलिए विरोधी राजनीतिक दलों को कम से कम देश की जनता के निर्णय का सम्मान करना चाहिए, लेकिन देश में ऐसा नहीं हो रहा है। वर्तमान में विपक्षी राजनीतिक दल ऐसा व्यवहार कर रहे हैं कि देश में सारी समस्याओं की जड़ वर्तमान केन्द्र सरकार है। जबकि सच यह है कि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने ईमानदार और भ्रष्टाचार रहित सरकार दी है। वैसे कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कोई भी आरोप लगाने से पहले अपने गिरेबां में झांककर भी देखना चाहिए, तब उन्हें यह स्पष्ट समझ में आ जाएगा कि जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय। मोदी से पूर्व का कांग्रेसनीत सरकार का दस वर्षीय कार्यकाल आज भी भ्रष्टाचार के पर्याय के रूप में जाना जाता है। इतना ही नहीं कांग्रेस ने तो उस लालू प्रसाद यादव को भी सहारा दिया है, जो जनता की गाढ़ी कमाई को भ्रष्टाचार के रूप में हजम कर गया। वास्तव में कांग्रेस ने राजनीति को व्यवसाय बनाकर रख दिया। अब मोदी सरकार राजनीति को सेवानीति के मार्ग पर ले जाने के उद्देश्य से काम कर रही है, तो उसकी राह का रोड़ा यही विपक्षी राजनीतिक दल बनते जा रहे हैं। केन्द्र में मोदी सरकार के आने के बाद प्रादेशिक विफलताओं को भी केन्द्र की कमजोरी बताकर प्रचारित करने का चलन बनता जा रहा है। इसके लिए कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दल सुनियोजित तरीके से काम कर रहे हैं। इसी प्रकार एक नया शब्द मॉब लिंचिंग का अविष्कार भी विरोधी नेताओं ने किया है। जबकि यह पूरा देश जानता है कि मॉब लिंचिंग की सबसे बड़ी घटना सिख नरसंहार था। इस शब्द का आविष्कार करने वाले नेताओं का दिमाग उस समय क्यों नहीं चला? केन्द्र में मोदी सरकार के विरोध में अभी और भी प्रयोग किए जा सकते हैं, जिसके लिए हो सकता है कि देश में वामपंथी विचारक और नए शब्द गढ़ने का प्रयास करें। ऐसे सभी प्रयास देश में राजनीतिक अस्थिरता का कारण तो बनेंगे ही साथ ही जनता को गुमराह करने का काम भी करेंगे, इसलिए भारत के राष्ट्रीय दृष्टिकोण रखने वाले चिंतक और विचारकों को अत्यंत सावधानी बरतने की आवश्यकता है। ऐसे वातावरण में हमारी निष्क्रियता देश की बबार्दी का कारण भी बन सकती है। कहा जाता है कि देश की समस्याओं को बढ़ाने में जितना योगदान नकारात्मक सक्रियता का है, उससे कहीं ज्यादा सकारात्मक निष्क्रियता भी है। सकारात्मक दृष्टिकोण रखने वाले विचारकों को देश के अच्छे भविष्य के लिए बहुत ज्यादा सक्रियता दिखाने की आवश्यकता है। इसके प्रयास आज और अभी से करने की आवश्यकता है।

# संविधान में आस्थाह के निहितार्थ

**कोरोना महामारी पर उत्पाउदन ठप्प होने के बावजूद अम्बाानी अडानी जैसी बड़ी कंपनियों का बढ़ता मुनाफा और गरीबतर होती जनता के मूलभूत संकट पर सरकार की नीतियों से असहज होकर ही शायद चेरियन ने कहा कि भारतीय संविधान श्रमिकों के शोषण को सबसे अधिक क्षमा करता है। लेकिन इससे पूर्व केंद्र के एक मंत्री अनंत कुमार हेगड़े ने जब ब्राहमण युवा परिषद के एक सम्मेलन में संविधान के बुनियादी मूल्य धर्मनिरपेक्षता का मजाक उड़ाते हुए संविधान बदलने के इरादे से सत्ता में आने का मंतव्य बताया तब सत्ताधारी पार्टी ने मौन साध लिया। शिवपुरी से जिलाधीश स्तलर की हैसियत रखने वाले एक अधिकारी ने लोकतंत्र पर्व पर मतदान को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। शायद आजादी के बाद विकास के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई को मनमाने ढ़ंग से खर्च करने के बाद भी असहाय परिजन द्वारा मृतक को ठेले पर ले जाने जैसी विवशता के साथ ही समय-समय पर खुलती भ्रष्टानचार की कलई से यह आक्रोश फूटा हो।**





**राकेश कुमार वर्मा**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

संविधान के प्रतिकूल अभिव्य क्ति पर हाल ही में केरल के साजी चेरियन को मंत्री पद त्याहगना पड़ा। उल्लेखनीय है कि सूबे के मल्लापल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंरने भारत के संविधान को ब्रिटिश शासन द्वारा संकलित जनशोषक दस्ता्वेज बताया। कोरोना महामारी पर उत्पाउदन ठप्प होने के बावजूद अम्बाानी अडानी जैसी बड़ी कंपनियों का बढ़ता मुनाफा और गरीबतर होती जनता के मूलभूत संकट पर सरकार की नीतियों से असहज होकर ही शायद चेरियन ने कहा कि भारतीय संविधान श्रमिकों के शोषण को सबसे अधिक क्षमा करता है। लेकिन इससे पूर्व केंद्र के एक मंत्री अनंत कुमार हेगड़े ने जब ब्राहमण युवा परिषद के एक सम्मेलन में संविधान के बुनियादी मूल्य धर्मनिरपेक्षता का मजाक उड़ाते हुए संविधान बदलने के इरादे से सत्ता में आने का मंतव्य बताया तब सत्ताधारी पार्टी ने मौन साध लिया। शिवपुरी से जिलाधीश स्तलर की हैसियत रखने वाले एक अधिकारी ने लोकतंत्र पर्व पर मतदान को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। शायद आजादी के बाद विकास के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई को मनमाने ढ़ंग से खर्च करने के बाद भी असहाय परिजन द्वारा मृतक को ठेले पर ले जाने जैसी विवशता के साथ ही समय-समय पर खुलती भ्रष्टानचार की कलई से यह आक्रोश फूटा हो। यह कटु वास्तविकता है कि संविधान की धारा 21 जो जीवन एवं व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा के अधिकार की बात करती है उस पर अविश्वाास की परतें चढ़ती जा रही हैं। वीर सावरकर भी भारतीय संविधान के कटु आलोचक रहे। उन्होंने लिखा- भारत के नए संविधान के बारे में सबसे ज्यादा बुरी बात यह है कि इसमें कुछ भी भारतीय नहीं है। संविधान सभा में नेहरू जी द्वारा 13 दिसंबर 1946 को प्रस्तुत उद्देश्य प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए जयपाल सिंह ने कहा-मुझे अपने जंगली होने पर गर्व है- यही वह संबोधन है जो हमें देश के उस हिस्से (आदिवासी अंचल) के लिए दिया जाता है। यह प्रस्ताव आदिवासियों को प्रजातंत्र नहीं सिखा सकता अपितु, आपको उनसे प्रजातांत्रिक तौर तरीके सीखने होंगे। संविधान से अपनी गहरी असहमति व्य क्तं करते हुए माधवराव सदाशिव गोलवलकर गुरूजी ने लिखा- हमारा संविधान पूरे विश्व के विभिन्न संविधानों के विभिन्न आर्टिकल्स की एक बोझिल और बेमेल जमावट है। इसमें ऐसा कुछ भी नहीं है जिसे अपना कहा जा सके। क्या इसके मार्गदर्शक सिद्धांतों में इस बात का कहीं भी उल्लेख है कि हमारा राष्ट्रीय मिशन क्या है और हमारे जीवन का मूल राग क्या है? उल्लेबखनीय है कि तत्काकालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संविधान समीक्षा के नाम पर आयोग का गठन किया था। यह दीगर बात है कि पूर्ण बहुमत के अभाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार जस्टिस वेंकटचलैया आयोग वाली संविधान समीक्षा के प्रस्तावों को सदन में रखने का साहस नहीं जुटा सकी।

दरअसल संविधान पर अनास्थाा का यह अध्या य इसके निर्माण के साथ ही शुरू हो गया था जब इसके निमार्ता डॉ. भीमरॉव अंबेडकर ने इसके दहन की इच्छा व्यक्त् की। 2 सितंबर 1953 को राज्यसभा में चर्चा के दौरान उन्होने कहा था-मैं यह कहने के लिए पूरी तरह तैयार हूं कि संविधान को जलाने वाला मैं पहला व्यक्ति होऊंगा। दो वर्ष पश्चाात पंजाब से राज्यसभा सदस्य डॉ. अनूप सिंह ने 19 मार्च 1955 को जब सदन में चर्चा के दौरान डॉ अंबेडकर को उनके कथन का स्मजरण दिलाया तो डाक्ट र साहब ने स्पनष्टो करते हुए कहा कि हमने भगवान के रहने के लिए संविधानरूपी मंदिर बनाया है, परंतु, उससे पहले राक्षस आकर उसमें रहने लगे हैं। ऐसे में मंदिर तोड़ देने के अलावा कोई विकल्पी नही। इस पर अन्य सदस्य वीकेपी सिन्हा ने सुझाव दिया कि आप उन्हें निकाल क्यों नहीं देते? इस पर शतपथ वर्णित देवासुर संग्राम का उदाहरण देते हुए बाबासाहेब ने अपनी असमर्थता व्यक्त की। हालांकि शोषितों की सुरक्षा को लेकर चिन्तित डॉ अंबेडकर ने 8 अगस्त, 1930 को सत्ताय से मुक्ता होने का अपना राजनीतिक लक्ष्यों दुनिया के सामने रखा। उन्होंने कहा, मौजूदा राजनीति शोषितों की समस्याएं हल नहीं कर सकतीं अतएव समाज मे उचित स्थान बनाने के लिए हमें स्वायं शिक्षित होने के साथ ही परिवर्तित जीवनशैली का मार्ग अपनाना होगा। अछूत समाज मे बढ़ती लोकप्रियता एवं जनसमर्थन के चलते उन्हें 1931 मे लंदन में दूसरे गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने के लिए बुलाया गया। परिणामतः रूढ़िवादी हिंदुओं और कांग्रेस में उनकी छबि खलनायक सी बन गई। वर्ष 1948 में भारत में अंतरिम सरकार का गठन होने के बाद संविधान निर्माण परिषद बनाई गई। संविधान बनाने के लिए एशियाई देशों के संविधान विशेषज्ञ आयुस जेनिस के आमंत्रण प्रस्तानव पर महात्माई गांधी ने जवाहरलाल नेहरू और सरोजनी नायडू गांधी को डॉ. अंबेडकर का नाम सुझाया।

इस तरह 29 अगस्त 1947 को डॉ. अंबेडकर संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष बनाए गए। लेकिन संविधान बनाने की स्वहतंत्रता की बजाय उन पर नेहरू और सरदार पटेल का दबाव बना रहा। मौलिक अधिकारों की कमेटी के अध्यक्ष खुद जवाहरलाल नेहरू थे, जिसमे अंबेडकर को सदस्य तक नहीं बनाया गया। वास्तिविकता से परिचित महात्मा् गांधी ने इस संबंध में कहा था, मेरी कहां चलती है कौन बात मानता है। इसलिए डॉ. अंबेडकर को संविधान जलाने की बात कहनी पड़ी।

अंततः 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा ने संविधान अपना लिया। संविधान सभा में डिबेट समाप्तह करते हुए डॉ. अंबेडकर ने कहा, 26 जनवरी, 1950 को हम अंतर्विरोधों के जीवन में प्रवेश करेंगे। राजनीति में समानता होगी, परंतु सामाजिक और आर्थिक जीवन में असमानता बरकरार रहेगी। अगर लंबे समय तक ऐसा किया गया तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा इसलिए, हमें यथाशीघ्र यह अंतर्विरोध खत्म करना होगा, वरना असमानता से पीड़ित लोग उस राजनैतिक लोकतंत्र की संरचना को ध्वथस्त कर देंगे, जिसे मुश्किलों से तैयार किया गया है। संविधान दिवस पर गत वर्ष प्रधानमंत्री ने कहा कि-हमारा संविधान सहस्त्रों वर्ष की महान परंपरा, अखंड धारा की आधुनिक अभिव्यक्ति है जो संविधान की प्रेरणाओं और मूल तत्वों के स्वदेशी उद्गम की ओर संकेत करता है। हाल ही में विभिन्नध न्यायाधीशों द्वारा न्याय प्रणाली के भारतीयकरण की मांग उठाई गई है। उच्चतम न्यायालय न केवल नागरिकों के मूल अधिकारों की रक्षा करता है अपितु यह संविधान का संरक्षक भी है।

# श्रीलंका में विफल संयुक्त राष्ट्र

पुष्परंजन

गुजिश्ता रविवार को आदिस अबाबा में अफ्रीकी यूनियन की 28 वीं शिखर बैठक थी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव, अंटोनियो गुटरस ने उस मौके पर कहा कि यदि हम अफ्रीका में फेल कर जाते हैं, समझिए पूरी दुनिया में फेल कर गये। काश, अंटोनियो गुटरस एकबार श्रीलंका की ओर झांक लेते! दस्तूर की अंतिम लाइन में हबीब जालिब ने लिखा-चारागर दर्दमंदों के बनते हो क्यूं?/ तुम नहीं चारागर कोई माने मगर, मैं नहीं मानता/ मैं नहीं जानता। संयुक्त राष्ट्र को चारागर हम इसलिए मानते हैं कि दुनिया में जहां कहीं दुःख-तकलीफ, समस्या हो, दूर करना उसकी जवाबदेही है। आरोग्यसाधक, हीलर, यानी चारागर। 7 सितंबर 2018 से हना सिंगर हम्दी, कोलंबो में यूएन कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। संयुक्त राष्ट्र की 22 एजेंसियां श्रीलंका में एक्टिव हैं, उन सबों में समन्वय स्थापित करना हना सिंगर का काम है। हना ने कैरो यूनिवर्सिटी से पॉलिटिकल सोशियोलॉजी से मास्टर्स किया हुआ है। इसलिए कन्फ्लिक्ट एरिया के राजनीतिक समाजशास्त्र को समझना हना सिंगर के लिए कोई मुश्किल काम नहीं।

हना सिंगर हम्दी ने 10 जून 2022 को 47. 2 मिलियन डॉलर तत्काल मुहैया कराने की अपील की थी, ताकि श्रीलंका के 57 लाख लोगों को जीने के लिए आवश्यक वस्तुएं दी जा सके। हना ने बयान दिया कि इनमें से 17 लाख लोग संकट की स्थिति में आ चुके हैं, इनका जीवन जोखिम में पड़ चुका है। इस अपील के एक महीना छह दिन होने जा रहे हैं, कोई सुनने वाला नहीं। क्या संयुक्तराष्ट्र के पास 47. 2 मिलियन डॉलर का इंतजाम नहीं है? फिर इस संस्था के रहने, न रहने का मतलब क्या है? संयुक्त राष्ट्र को भेजे मेल में हना हम्दी ने लिखा कि 47. 2 मिलियन डॉलर मदद के वास्ते आ जाए, तो संकटग्रस्त लोग सितंबर तक अपना काम चला लेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि श्रीलंका में आबादी का एक बड़ा हिस्सा आधे वक्त का खाना छोड़ चुका है। बीज और खाद के अभाव में 24 फीसद खेती बर्बाद है। लोग अपने घरों के फर्नीचर और दूसरे सामान बेचकर खाने की चीजें जैसे-तैसे खरीद रहे हैं। हना हम्दी पिछले तीन महीनों से विभिन्न मीडिया माध्यमों को लगातार बताती रही हैं कि इस देश में हालात बद से बदतर कैसे होते गये। मई 2022 में ही यूएन कोऑर्डिनेटर ने बताया था कि श्रीलंका में खाद्य मुद्रास्फीति 57.4 फीसद पर पहुंच चुकी है। श्रीलंका में चौतरफा तबाही का जिक्र कर तत्काल मदद की अपील करने वाली हना हम्दी असहाय सी दिख रही हैं। क्या मतलब निकालें? यूएन फेल हो चुका श्रीलंका में, यही तो निष्कर्ष निकलता है।

कन्फ्लिक्ट जोन में संयुक्त राष्ट्र कोई पहली बार विफल नहीं हुआ है। आप पिछले दो वर्षों के रिकार्ड देखेंगे, तो म्यांमार के बाद अफगानिस्तान, और उसके बाद श्रीलंका संयुक्त राष्ट्र की रणनीतिक विफलता की दर्दनाक दास्तां प्रस्तुत करता रहा है। जून 2019 में संयुक्त राष्ट्र ने म्यांमार पर रिपोर्ट जारी की, जिसे तैयार करने में किसी निष्पक्ष जांचकर्ता की मदद ली गई थी। रिपोर्ट काफी तीखी थी, जिसमें दस वर्षों का ब्योरा देते हुए बताया गया कि म्यांमार में संयुक्त राष्ट्र की सभी एजेंसियों का रोल कितना खराब रहा है। बान की मून जो जनवरी 2007 से दिसंबर 2016 तक संयुक्त राष्ट्र महासचिव थे, उनकी भूमिका पर भी कड़ी टिप्पणी उस रिपोर्ट में है, बान की मून या तो अक्षम थे।

# महंगाई ने बदला बाजार का ट्रेंड

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

महंगाई की मार के साथ आम उपभोक्ताओं की मानसिकता में भी तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। बाजार के बदलते हालात ने आमलोगों को ब्राण्डेड के स्थान पर आम उत्पादों यानी लोकल उत्पादों की ओर प्रेरित किया है, तो अनावश्यक खर्चों में कटौती के लिए भी मजबूर किया है। एक्सिस माई इंडिया द्वारा हाल ही कराए गए कंज्यूमर सेंटिमेंट इंडेक्स सर्वे की नवीनतम रिपोर्ट में यह तथ्य उभरकर आया है। सभी तरह की उपभोक्ता वस्तुओं के दामों की बढ़ोतरी का असर सीधे बाजार में दिखाई देने लगा है। अब कोई भी वस्तु खरीदने से पहले आम आदमी दस बार सोचने लगा है और ब्रॉण्ड के साथ ही उसकी कीमत भी देखने लगा है। हालात यह है कि लग्जरियस वस्तुओं की खरीद को तो आम नागरिक कुछ समय के लिए टालने में ही भलाई समझने लगा है। बाजार के जानकारों की मानें तो देश में तेज गर्मी के बावजूद एसी सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की खरीद में 25 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। संपन्न लोग भी मोबाइल हैण्डसेट बदलने की इच्छा टाल रहे हैं तो नामीगिरामी स्थान पर लोग स्थानीय उत्पादों को तरजीह देने लगे हैं। यही नहीं रोजमर्रा के खाने-पीने की वस्तुओं में भी अब लोकल का दबदबा होने लगा है। यह सब बाजार में बढ़ती कीमतों के कारण हो रहा है। दरअसल कोरोना दौर का असर अभी तक जारी है। पूरी तरह से मार्केट संभल भी नहीं पाया है तो रूस- यूक्रेन युद्ध ने कोढ़ में खाज का काम कर दिया है। पर्यावरण असंतुलन के चलते तेज गर्मी व प्राकृतिक आपदाओं से दुनिया के देश जूझ रहे हैं तो आतंकवादी या हिंसक घटनाओं से कई देशों को दो-चार होना पड़ रहा है। दुनिया के देशों में राजनीतिक अस्थिरता के कारण भी हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। दुनिया के देशों के सामने खाद्यान्न संकट मुंह बाये खड़ा है तो कच्चे तेल के बढ़ते भाव के कारण महंगाई दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध से अलग हट कर भी देखें तो इंग्लैण्ड, इजरायल और कुछ हद तक अमेरिका के राजनीतिक हालात अच्छे नहीं कहे जा सकते। श्रीलंका के हालात सामने आ चुके हैं। पाकिस्तान के हालात किसी से छिपे नहीं हैं तो अफगानिस्तान के हालात की सभी को जानकारी है। ऐसे में आर्थिक स्थित पटरी पर आने की बात बेमानी है। यदि पेट्रोल-डीजल के भावों को लेकर ही विश्लेषण किया जाए तो हम पाएंगे कि इनके बढ़ते दाम का असर पूरे बाजार पर तत्काल पड़ता है। क्योंकि वस्तुओं का परिवहन महंगा हो जाता है तो मूल्य में बढ़ोतरी स्वाभाविक है। यह कोई अकेला कारक नहीं है पर इसका अपना और महत्वपूर्ण असर देखा जा सकता है। देखा जाए तो लोगों की आय सीमित हो गई है। कोरोना का असर यह रहा है कि लोगों की नौकरियां छूटी तो नौकरी को बचाने के लिए कई समझौते करने पड़े। नियोक्ताओं ने कार्मिकों के वेतन भत्तों में तेजी से कटौती की। कोरोना के बाद भी कई क्षेत्र तो ऐसे हैं जिनके पटरी पर आने में लंबा समय लगना तय माना जा रहा है। पर्यटन उद्योग, होटल उद्योग अभी पूरी तरह से पटरी पर नहीं आ पाया है तो कृषि लागत में बढ़ोतरी और न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी से खाद्यान्न महंगे होते जा रहे हैं। चीन के कारण भी दुनिया के देशों की आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हुई है। कोरोना के बाद से दुनिया के अधिकांश देशों की नजर में चीन विलेन के रूप में उभरा है, वहीं चीन अभी भी कोरोना संकट से गुजर रहा है। उपभोक्ता का अपना मिजाज होता है। समय के साथ उसके मिजाज में बदलाव भी आता है। बाजार के हालिया हालात से यह साफ हो जाता है। भारतीय बाजार की चर्चा करें तो भारतीय उपभोक्ता की मानसिकता को इसी से समझा जा सकता है कि 16 माह में स्मार्टफोन बदलने वाले उपभोक्ता अब इसे आठ से बारह महीने व इससे भी अधिक के लिए डेफर करने लगे हैं तो बेतहाशा गर्मी के बावजूद एसी मार्केट उतना नहीं उठ पाया जितनी संभावना थी। वास्तव में देखा जाए तो सरकारों की लाख योजनाओं के बावजूद लोगों की स्वास्थ्य खर्च की चिंता अधिक बढ़ी है। कोरोना के बाद लोग स्वास्थ्य के प्रति अधिक सचेत हुए हैं। इसके साथ ही मेडिकल इंश्योरेंस के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। हालांकि इसके प्लस-माइनस अलग विश्लेषण का विषय है। देखा जाए तो जिस तरह से लोगों ने पेट्रोल-डीजल के भावों से समझौता कर ही लिया है तो फिर उसकी खानापूर्ति अपने अन्य खर्चों यहां तक कि घरेलू दिन प्रतिदिन के खर्चों में भी कमी करके की जाने लगी है। ऐसे में सवाल महंगाई पर अंकुश लगाने का हो जाता है। बढ़ते मूल्यों पर रोक और इकोनॉमी को पटरी पर लाना सरकार के सामने बड़ी चुनौती है।

## संक्षिप्त खबरें

### लोगों की परेशानी का आखिर जिम्मेदार कौन!

नजीबाबाद। मोहल्ला मुगलूशाह नजीबाबाद में बिजली गुल रहने से परेशान लोग रात रात भर सड़कों पर टहलकर व चबूतरो पर बैठकर रात गुजार रहे हैं घरों के अन्दर महिलाओं व बच्चों का गर्मी से बुरा हाल हो रहा है लेकिन कोई सुननेवाला नही। जानकारी के अनुसार ट्रांसफार्मर के लगातार खराब होते रहने से तथा इसी कारण 3-4 दिन से बिजली गुल रहने की वजह से लोगों का बुरा हाल हो रहा है। बताया जाता है कि ट्रांसफार्मर पर ज्यादा लोड होने के कारण वह बार बार खराब हो रहा है इसके बावजूद न ही लोड को डायवर्ड किया जा रहा है और न ही हेवी लोड का हेवी ड्यूटी ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है पिछले महीने 08.06.2022 से लेकर 11.06.2022 तक भी ऐसा ही हुआ था जिसमे लोगो की हालात खस्ता हो गई थी और अब फिर ये ही हाल है इतने दिन से सिर्फ और सिर्फ पुराना ट्रांसफार्मर ही ठीक कर करके लगाया जा रहा है जो एक घंटा भी नहीं चल रहा है। लोग इकट्ठा होकर विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष के निवास पर काफी बार जा चुके है लेकिन अभी तक स्तिथि वैसी की वैसी ही है। आम आदमी किसके पास जाए। परेशान लोगों का कहना है कि कोई नेता अब ये कहे,कि वह आपकी परेशानी समझता है,तो वह झूठ बोल रहा है। उनका कहना है कि यह लोग अपने को छोड़कर बिना बिजली के ऐसी गर्मी की एक रात गुजार कर दिखाएं लेकिन वह ऐसा नही करेंगे। उन्हें आम जनता का वोट चाहिए बाद में जनता जाए भाड़ में।

### सुनारोवाली में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

नजीबाबाद/रायपुर। ग्राम सुनारोवाली में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। विवाहिता के मरते ही ससुराल पक्ष के लोग घर से भाग गए। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। रायपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सुनारोवाली में बीती रात्रि एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अचानक मौत हो गई। चर्चा है कि विवाहिता का गला घोंटकर उसकी हत्या की गई। विवाहिता की मौत से गांव में सनसनी फैल गई और सूचना पुलिस को दी गई। बताया जाता है कि पुलिस के पहुंचने से पूर्व ससुराल पक्ष के लोग घर से भाग निकलें। विवाहिता के परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### पुलिस ने दबोचे चार बदमाश

चांदपुर। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को थाना चांदपुर पुलिस द्वारा अंतर्गत धारा 151 सीआरपीसी में 04 बदमाशों मोहम्म दानिश मुनीर आलम मोनिस पुत्र शहीद निवासी मोहल्ला जीज कस्बा व थाना चांदपुर व संजीव पुत्र समर पाल निवासी ग्राम सुथा चालपुर जनपद बिजनौर को में गिरफ्तार कर लिया।

### बिजली की समस्या को लेकर धरना जारी

हसनपुर (सूदनपुर पावर हाउस पर बिजली की समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन का अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। बिजली कटौती और फुंका ट्रांसफार्मर नहीं बदले जाने से किसानों में रोष बना है किसानों की मांग है कि फुंका हुआ पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर जल्द बदला जाए। सूदनपुर बिजलीघर से सिवारा बिजलीघर को जाने वाली 33 केवीए की लाइन को बदला जाए। धरने पर बैठे किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी, अनिश्चितकालीन धरना लगातार जारी रहेगा। इस दौरान भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश कुमार, धर्मेंद्र चौधरी, इंद्रजीत सिंह, वीरेंद्र सिंह, समरपाल सिंह, महेंद्र सिंह आदि समेत बड़ी संख्या में किसान व भाकियू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील चांदपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस

## आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में: डीएम

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता




तहसील चांदपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ समयावधि में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर उसकी संतुष्टि भी जानें। उन्होंने कहा कि आम आदमी की शिकायातों का गुणवत्तापरक निस्तारण मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं पर है। इस अवसर पर 51 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से 07 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को कैम्प लगाकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करने के लिये कहा। उन्होंने लोक निमार्ण विभाग के अभियन्ता को पानी भराव व सडक टूटने की शिकायतों का निस्तारण कराने के लिये कहा तथा मानक के अनुसार पीओएस मशीन से राशन का वितरण हो यह देखने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण पूर्ण मानक के अनुसार कर लिया जाए और कोई भी शिकायत लंबित न रहने पाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करना शासन के प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में शामिल है, अतः कोई भी अधिकारी शिकायतों के निस्तारण करने में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही न बरतें तथा स्वयं सत्यापन करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का लाभ पूर्ण गुणवत्ता के साथ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सके। तहसील चांदपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुरेन्द्रपाल सिंह तोमर ब्लॉक जलीलपुर द्वारा परिवार रजिस्टर की कॉपी दिलाने के संबंध मे प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी जलीलपुर को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। तहसील चांदपुर की कमला देवी ने मकान दिलाने की मांग की जिस पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। राम सिंह आदि ग्राम भगवन्तपुर द्वारा ग्राम समाज की पशुचर भूमि से अवैध कब्जा हटाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार चांदपुर को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर 51 शिकायत व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से 07 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक ढंग से समयसीमा के अन्तर्गत निस्तारण करने के निर्देश दिये गये इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह, उपजिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 विजय कुमार गोयाल, तहसीलदार चांदपुर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त ने किया नवनियुक्त नायब तहसीलदारों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन



बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता

नवनियुक्त नायब तहसीलदारों का प्रशिक्षण कार्यक्रम मण्डलीय राजस्व प्रशिक्षण संस्थान स्वाहेड़ी खुर्द बिजनौर में शुरू हुआ, जिसका उद्घाटन शुक्रवार को माननीय मण्डलायुक्त मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद श्री आंजनेय कुमार सिंह द्वारा किया गया। उक्त प्रशिक्षण में 65 नवनियुक्त नायब तहसीलदार शामिल हुए। मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने कैम्पस में पौधा रोपण भी किया। मण्डालायुक्त मुरादाबाद मण्डल आंजनेय कुमार सिंह ने प्रशिक्षु नायब तहसीलदारों को प्रशिक्षण के संबंध में विस्तुत रूप से बताया तथा मौजूदा समय में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में उनकी प्रभावी भूमिका का निर्वाह करने को कहा, जिससे आम जन को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि नायब तहसीलदार का पद न्यायिक है। इसलिए राजस्व से जुड़ी समस्त बारीकियों की जानकारी प्राप्त कर लें। उन्होंने प्रोटोकाल से जुड़ी जानकारी देने के साथ ही कर्तव्य बोध कराया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य बिन्दुओं पर अपने विचार रखे। उन्होंने नायब तहसीलदारों को इस प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने को कहा। उन्होंने प्रशिक्षु नायाब तहसीलदारों को राजस्व संहिता का गहन अध्ययन करने और शंका का समाधान करने को कहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशा0) विनय कुमार सिंह, प्रधानाचार्यध्तहसीलदार सदर बिजनौर अनुराग सिंह एवं उप जिलाधिकारी सदर बिजनौर मोहित कुमार उपस्थित रहे।

### डिलीवरी के दौरान महिला की मौत

गजरौला। डिलीवरी के दौरान दो बच्चों को जन्म देने के बाद महिला की निजी अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों ने स्टाफ पर डिलीवरी में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने बमुश्किल परिजनों को शांत कराया।आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव इतवारी सिरसा निवासी अरविंद कुमार ने पत्नी विमलेश को शुक्रवार को डिलीवरी के लिए यहां नेशनल हाईवे पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। महिला ने रात में दो नवजात को जन्म दिया। इस बीच डिलीवरी के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला के परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर डिलीवरी के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इस दौरान परिवार की स्टाफ के साथ धक्कामुक्की भी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुस्साए परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसएसआई प्रेमपाल सिंह ने बताया कि परिवार की ओर से तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध रूप से बने धार्मिक स्थल पर चला प्रशासन का बुलडोजर

मनोज शर्मा, प्रात: किरण संवाददाता

रहरा। थाना क्षेत्र के गांव जेबडा में अवैध रूप से बने धार्मिक स्थल पर प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया है। यहां पर सामूहिक रूप से नमाज का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने कई बार उच्चाधिकारियों से शिकायत की थी। एसडीएम एवं सीओ ने कई बार गांव पहुंचकर लोगों से गांव में नई परंपरा ना डाले जाने की अपील की थी। जांच पड़ताल के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है।शुक्रवार को भी यहां सामूहिक नमाज को लेकर विवाद की स्थिति पैदा हो गई थी। इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों तक पहुंची तो कार्रवाई का निर्णय लिया गया। शनिवार सुबह को जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी के निर्देश पर भारी पुलिस एवं पीएसी बल व राजस्व टीम के साथ उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार द्वारा ग्राम जेवड़ा में सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बनाए गए मदरसे को जेसीबी चलाकर गिराया गया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप




से मदरसा संचालित किया जा रहा था और नमाज भी पढ़ी जा रही थी। उन्होंने बताया कि पहले यह मकान या हाल के रूप में था। बाद में इसे मदरसे का रूप दिया गया और उसमें शिक्षण कार्य प्रारंभ किया गया। धीरे-धीरे करके उसमें नमाज भी पढ़ी जाने लगी। जिसका ग्राम प्रधान व ग्राम के हिंदू समाज के व्यक्तियों द्वारा भी विरोध किया जा रहा था। संज्ञान में आने पर जेसीबी के द्वारा इस पूरी बिल्डिंग को ढहाया गया है और संबंधित के खिलाफ एंटी भूमाफिया के तहत राजस्व संहिता की निहित धाराओं में कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### बाइक व कार की टक्कर में बाइक सवार घायल

अफजलगढ़। धामपुर अफजलगढ़ मार्ग पर स्थित सीएचसी के समीप बाइक व कार की टक्कर में बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को राहगीरों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के बाद बाइक सवार व्यक्ति को रिलीव कर दिया गया। शनिवार को दोपहर शुगर मिल कर्मचारी कौशल कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह सीएचसी अफजलगढ़ में वैक्सीन लगवाने आ रहा था जैसे ही उनकी बाइक अफजलगढ़ध सीएचसी के नजदीक पहुंचे तो अफजलगढ़ की ओर से तेज रफ्तार कार धामपुर की ओर जा रही कार सवार ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमें बाइक व कार आपस मे टकरा गयी जिसमे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को राहगीरों की मदद से सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया जहां उपचार के बाद घायल कौशल कुमार को रिलीव कर दिया गया। जबकि अज्ञात कार सवार कार लेकर फरार हो गया। उधर कोतवाल मनोज कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के पदाधिकारियों ने नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक का किया स्वागत

नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ बिजनौर के पदाधिकारियों ने नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर रामाज्ञा कुमार से कार्यालय में भेंटकर उनका प्रतीक चिन्ह,बुके व संगठन की डायरी देकर स्वागत किया।

उनसे अपेक्षा की जनपद के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के कार्यों को समय से बिना किसी बाधा के प्राथमिकता से निस्तारित कराए जाएं। संगठन की ओर से जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय को भरोसा दिलाया जनपद के माध्यमिक विद्यालयों की ओर से उन्हें कार्य संचालन में अपेक्षित सहयोग दिया जाएगा।

संगठन की ओर से जिला अध्यक्ष मुकेश सिन्हा,संरक्षक गंजे सिंह,जिला संयोजक रामचरन सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अनुज चतुर्वेदी, अनिल त्यागी, अखिलेश कुमार, राजेंद्र कुमार, अनुराग भारद्वाज,बासू त्यागी,जिला कोषाध्यक्ष जिवेन्दर कुमार, पवित्र कुमार,आशीष अग्रवाल आदि ने नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक



श्री रामाज्ञा कुमार जी का जनपद में कार्यभार ग्रहण करने पर स्वागत व अभिनन्दन किया।

इस अवसर पर जिविनि बिजनौर को अवगत कराया 26 जुलाई 2022 को प्रदेश के आवाह्न पर शासन से लंबित मांगों को लेकर 11बजे से 3 बजे तक एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। तथा प्रदेश स्तर के अलावा जनपद स्तर पर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की समस्याओं का मांगपत्र जिविनि बिजनौर को सोंपा जाएगा।

# शराब की दुकान के विरोध में उतरे ग्रामीण

## बोले बच्चों पर पड़ रहा गलत प्रभाव



अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

आबादी के बीच खुली देशी शराब की दुकान के विरोध में ग्रामीण उतर आए हैं। शनिवार को ग्रामीणों ने एकजुट होकर एसडीएम नौगांवा सादात के नाम पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। मांग की कि शराब की दुकान को आबादी से हटाया जाए ग्रामीणों ने कहा, शराब की दुकान आबादी के नजदीक खुलने से बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। नशे में लोग आती जाती महिलाओं को भी घूरते हैं। इससे कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है।गौरतलब है कि जाजरू गांव के तमाम ग्रामीणों ने कहा, गांव के नजदीक देशी शराब की दुकान खोली गई है। इसकी वजह से आस-पास का माहौल खराब हो रहा है। लोग नशे में गाली गलौज करते है। शराब की दुकान खुलने से बच्चों पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है।ग्रामीणों ने कहा, शराब की दुकान जिस रास्ते में खोली गई है। उसी रास्ते पर स्कूल और धार्मिक स्थल है। सभी नियमों को दरकिनार कर गांव में आबादी के निकट शराब की दुकान खोली गई। ज्ञापन देने वालों में मुकेश कुमार, यामीन, चरण सिंह, इंद्रेश कुमार, अंकित कुमार, हारून, नजाकत अली समेत तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### गंगा दूतों को बांटे प्रमाण पत्र

हसनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव सतैड़ा ऐतमाली में नेहरू युवा केंद्र की ओर से गंगा दूतों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र सौंपा गया। केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना नमामि गंगे से युवाओं को जोड़ने के लिए गंगा दूत बनाए जा रहे है। गंगा की साफ-सफाई पर ध्यान देने के साथ ही लोगों को भी इसके लिए जागरूक करेंगे। शनिवार को ग्राम स्तरीय दो दिवसीय गंगा दूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गंगा दूतों को गंगा और जल बचाओ के साथ सफाई के प्रति जागरूक किया गया। अंत में उन्हें प्रमाण पत्र बांटे गए। कार्यक्रम में युवाओं से आग्रह किया गया कि ग्राम स्तर पर जल संरक्षण और गंगा सफाई को लेकर जागरूकता अभियान चलाएं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परियोजना अधिकारी सचिन चौधरी ने कहा कि युवाओं को अधिक से अधिक इस कार्यक्रम से जुड़ना चाहिए। इसका प्रचार-प्रसार करना चाहिए। इस मौके पर नेहरू युवा केंद्र की स्वयंसेविका सना, हरिचंद, शशिराज शर्मा, अभय, अक्षय, गंगादूत लीलू, विनोद कुमार, वंदना, निधि, प्रीति, राखी, विनीता, मनोज कुमार, हुकम सिंह, अजय कुमार, हिम्मत सिंह, दिनेश कुमार, आकाश यादव, सुमित यादव प्रेमपाल, रवि, जोगेंद्र, रोहित सिंह, लव यादव और मुकेश यादव आदि मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन, 31 शिकायतें दर्ज पाँच का निस्तारण

## अवैध कब्जा पैमाइश की शिकायत मिलती है तो बर्खास्तगी तयःडीएम

धनौरा, प्रात: किरण संवाददाता

जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को गम्भीरता से सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने सभी लेखपालों को तहसील सभागार में बुलाकर तीखे तेवर में निर्देश देते हुए कहा कि यदि कहीं भी ग्राम समाज तालाब चारागाह पर चकरोड अवैध कब्जा पैमाइश की शिकायत मिलती है तो बर्खास्तगी की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने उपजिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे व पैमाइश की कोई भी शिकायत मेरे पास आई और आप द्वारा संज्ञान नहीं लिया



गया तो आप पर भी कार्यवाही की जाएगी।जिलाधिकारी ने विकासखंड धनौरा में अमृत अमृत सरोवर की खुदाई का कार्य अभी प्रारंभ ना होने पर खंड विकास अधिकारी धनौरा पर कड़ी फटकार लगाते हुए जिला विकास अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने की चेतावनी दी।उन्होंने कहा जितने भी अमृत सरोवर विकासखंड के लिए चयनित किए गए हैं उन पर शीघ्र ही खुदाई का कार्य प्रारंभ हो जाना चाहिए उन अमृत सरोवर पर 15 अगस्त को तिरंगा झंडा फहराया जाएगा । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने तहसील के विभिन्न पटलो का मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया और जिसमें लटकते तार साफ सफाई फाइलों का रख रखाव फरियादी की शिकायतों का निस्तारण रजिस्टर को देखा और समय से कार्रवाई के निर्देश संबंधित पटल सहायकों को दिए।जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देकर कहा कि जो शिकायतें सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई हैं उन शिकायतों की जांच की जाये और आने वाली शिकायतों का निस्तारण शीघ्र अतिशीघ्र किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व की , पुलिस की विकास की जिला पंचायत की अधिकारी समाज कल्याण विभाग, शिक्षा, चकबंदी, आपूर्ति की , नगर पंचायत की पी0डब्ल्यू0डी0, ए0आर0टी0ओ0, विद्युत की , दिव्यांगजन की , मण्डी समिति की पंचायत राज, आपूर्ति, जलनिगम, गन्ना विभाग विनिमत क्षेत्र और बैंक की आदि सहित अन्य विभागों की शिकायतो सहित कुल 31 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमे से 05 का शिकायत का निस्तारण मौके पर हुआ।सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य जी , उप जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी,जिला विकास अधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# माध्यमिक शिक्षक संघ ने किया विशाल धरना वं प्रदर्शन

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

प्रदेशीय आव्हान पर उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर मण्डलीय अध्यक्ष डॉ0 जी0 पी0 सिंह के नेतृत्व में विशाल धरना एवं प्रदर्शन आयोजित किया गया।यह धरना प्रदेश में एक साथ शिक्षकों की प्रमुख मांगों को लेकर किया गया।तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा गया। उक्त ज्ञापन में शिक्षकों ने प्रदेश सरकार पर शिक्षकों की माँगों को अंदेखा करने का आरोप लगाया।प्रदेशीय कोषाध्यक्ष और पूर्व शिक्षक विधायक सुभाष चन्द्र शर्मा ने कहा कि सरकार हर हाल में शिक्षकों की जायज मांगों को पूरा करे।जिलाध्यक्ष अतुल कुमार शर्मा ने कहा कि 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन बहाल हो।जिला महामंत्री गुरनाम सिंह ने कहा कि 3 प्रतिशत डी0 ए0 तुरंत दिया जाए, वित्तविहीन शिक्षकों को समान कार्य के बदले समान वेतन मान अनुमन्य किया जाए।सदस्य राज्य परिषद डॉ0 राजवीर सिंह ने कहा कि सरकार पिछले कई वर्षों से शिक्षकों की ओर कोई ध्यान नही दे



रही है, यह शिक्षकों के प्रति अन्याय है। निशुल्क चिकित्सा सुविधा माध्यमिक शिक्षकों को प्रदान की जाए।इस मौके प कोषाध्यक्ष नरेश सिंह, दानिश हबीब खान, आसिम अब्बासी, हसनैन नवाज, नरेश चिकारा, के0 पी0 सिंह, चारु शर्मा, डॉ0 जमशेद कमाल, डी0पी0 अग्रवाल, प्रेमवीर त्यागी, भूकन सिंह, तेज सिंह, रामकिशोर, शशि बाला, डॉ0 जॉन रिजवी, अरविंद शर्मा, पंजेश कुमार, शैलेश पंकज, मनोज गौड़, राजवीर सिंह, अतुल कौशिक, विजय कौर, सचिन गंधर्व, नरेंद्र पाल सिंह, सिद्धार्थ पांडेय, राजेन्द्र सिंह, राधेश्याम, डॉ0 शिव शंकर यादव, काले सिंह, पवन त्यागी, चंद्र पाल सिंह, महेश पाल, इंदु बाला शर्मा, ममता अग्रवाल, सुनीता सिंह, निगार परवीन, फरहत नरजिस, कुमकुम शर्मा, राजलक्ष्मी, सल्तनत खान, तिलत रिजवी, छोटे लाल, धर्मेंद्र सिंह, अवनीश यादव, महेश शर्मा, संजय सिंह, क्षेत्र पाल सिंह, सुनील त्यागी, अनूप द्विवेदी, अपराजिता, पुष्पेंद्र यादव, काली चरण शर्मा, प्रशांत कुमार, लल्लू सिंह, अनिल कुमार, पुष्पा शर्मा, घुरहू राम, जसविंदर सिंह चीमा, गुरदीप सिंह, राजदेव, सुधीर गुप्ता, सुरेंद्र प्रताप, आलोक यादव, तस्लीम फात्मा, रंजीत कौर, भीम दुलारी, शालिनी, दीपक त्यागी, शीशपाल, साहित्य प्रभाकर, मो0 रजा, नासिर अली, दवेंद्र पाल, गंगा राम,आदि प्रमुख थे।

# किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग, सौंपा ज्ञापन

हसनपुर, प्रात: किरण संवाददाता

नगर की मंडी समिति परिसर में भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों से संबंधित समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि तहसील क्षेत्र में गांव में दी जा रही बिजली आपूर्ति हाईटेंशन के नंगे तारों से दी जा रही है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। हालांकि एबी लाइन भी है,लेकिन उसके द्वारा पूर्ति नहीं दी जा रही। इस संबंध में बिजली विभाग को कई बार अवगत करा चुके हैं, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं हैं। कहा कि खेत में तमाम सरकारी हैंडपंप खराब पड़े हुए हैं। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द हेडपंपो को ठीक कराया जाए, जिससे लोगों को पानी की समस्या से निजात मिल सके।बैंकों में किसानों की पासबुक व क्रेडिट



कार्ड की एंट्री नहीं की जाती। जिससे किसान परेशान हैं, उन्होंने मांग की इस समस्या का समाधान किया जाए। बैठक के बाद एक ज्ञापन एसडीएम कार्यालय पर सौंपा और कहा कि किसानों की सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए।इस मौके पर ब्लॉकाध्यक्ष धर्मपाल सिंह चौहान,दयानंद सिंह,यशवीर सिंह,सागर सिंह,चंद्र प्रकाश शर्मा,महिपाल सिंह,उमेशचंद्र,रोहताश सिंह,ओमपाल सिंह,सुखदेव शर्मा आदि मौंजूद रहें।

# भीषण गर्मी के चलते राहगीरों को कोल्ड ड्रिंक्स व फल वितरित किए

नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

भीषण गर्मी के चलते चिलचिलाती धूप ने जहां राहगीरों के पसीने छुड़ा दिए और उनका सड़क से गुजरना भी दुभर हो गया पानी की प्यास से परेशान लोगो को संज्ञान मे लेकर वर्क बिजनौर चैप्टर के सदस्यों ने दोपहर में नजीबाबाद बस स्टैंड पर फल एवं कोल्ड ड्रिंक्स वितरित किए जिससे लगभग 500 लोगों को राहत पहुंची ! सदस्यों में रूमान खालिद, मौ शौकीन ,मौ आशकार ,फरजंद अली ,मौ इमरान एवं स्थानीय लोगों में शादमान अनीस, रय्यान खालिद, हम्माद खालिद आदि ने मिलकर यात्रियों , रिक्शा चालकों , दुकानदारों , विद्यार्थियों आदि की सेवा की और भारत को विश्व गुरु बनाने हेतु सतयुग आगमन एवं अखण्ड भारत के विषय में लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया।सदस्यों ने बताया कि वर्क संस्था पिछले 35 वर्षों से पूरे विश्व में बिना




किसी भेदभाव के विभिन्न प्रकार के कल्याणकारी कार्यों में प्रगतिशील है । सदस्यों ने अपील करते हुए सर्व समाज को एक दूसरे की सेवा के लिए आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी ने वर्क संस्था के सदस्यों को इस नेक काम के लिए दुआएं और आशीर्वाद दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे बनेगा विकास की धुरी : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे बुंदेलखण्ड के विकास की धुरी बनने जा रहा है। आज बुंदेलखण्ड के लिए ऐतिहासिक दिन है। मैं इस अवसर पर पूरे बुंदेलखण्डवासियों को बधाई देता हूं कि यह एक्सप्रेस यहां की अर्थव्यवस्था को नया आयाम देगा। मुख्यमंत्री बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण के अवसर पर जनता को संबोधित कर रहे थे योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे देश के अंदर प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना की शुरुआत की थी, जालौन ऐसा जिला है जहां शत-प्रतिशत घरौनी प्रमाण पत्र दिया गया है। माफिया गरीब के घर पर कब्जा कर लेता था। अब उस गरीब को आवासीय अभिलेख उपलब्ध करा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे का 28 माह पूर्व प्रधानमंत्री ने शिलान्यास किया था। इतने कम समय में बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण और उसका आज लोकार्पण बड़ी उपलब्धि है। आज हर बुंदेलखण्डवासी आपके नेतृत्व में गौरव की अनुभूति करता है। देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है।

# भाजपा को हवा में महल बनाने की नायाब कला आती है: अखिलेश

## सरकार ने अपनी वाहवाही के लिए आधे-अधूरे एक्सप्रेस-वे का किया लोकार्पण

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता



**विकास**

● समाजवादी सरकार ने बुन्देलखण्ड में विकास की वास्तविक नींव रखी थी: पूर्व मुख्यमंत्री

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा को हवा में महल बनाने की नायाब कला आती है। आधे अधूरे बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन जिस हड़बड़ी में किया गया है, उसे जनता के विश्वास के साथ राजनीतिक धोखाधड़ी ही कही जा सकती है। रेवड़ी बांटकर थैंक्यू का अभियान चलवाने वाले सत्ताधारी अगर युवाओं को रोजगार दें तभी वे 'दोषारोपण संस्कृति' से बच सकते हैं।

जिस बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन हुआ है वहां सिर्फ पिलर खड़े हैं, स्लैब अधूरी है, सरियों के ढांचे को बोल दिया एक्सप्रेस-वे। अधूरी सड़कों का उद्घाटन कर जनता को भ्रमित किया गया है। न टोल टैक्स, नहीं कनेक्टिंग रोड बनी। बस ऐसे ही उद्घाटन पर जनधन लुटा दिया गया। समाजवादी सरकार में डिजाइन हुए आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे तब हवाई पट्टी बनी। वहां वायु सेना के विमान भी उतारे जा सके। लेकिन बुन्देलखण्ड की डिजाइन ऐसे ही चलताऊ बनी है तभी डिफेंस कॉरिडोर के पास होने के बाद भी यहां भाजपा सरकार समाजवादी सरकार के समय बनी एक्सप्रेस-वे जैसी हवाई पट्टी तक नहीं बना पाई। भाजपा का अधूरा एक्सप्रेस-वे चित्रकूट तक भी नहीं पहुंच पाया। भाजपा सरकार ने अपनी वाहवाही के लिए आधे-अधूरे एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण तो करा लिया किन्तु उसके आसपास बुनियादी सुविधाओं तक की व्यवस्था नहीं की गई। किसानों के लिए मंडी नहीं बनाई गई। किसान हितैषी का झूठा तमगा लगाकर भाजपा सरकार ने वस्तुतः किसानों को धोखा देने का रिकार्ड दोहराया है। जब वहां निवेश नहीं आया और उद्योग नहीं लगे तो नौजवानों को रोजगार कहां मिलेगा? सच तो यह है कि एक्सप्रेस-वे जैसी परियोजनाओं को बनाने का श्रेय समाजवादी सरकार को जाता है। एक्सप्रेस-वे बनाने के लिए, भाजपा नेतृत्व समाजवादी पार्टी सरकार की नकल तो कर सकता है पर उस जैसी गुणवत्ता नहीं दे सकता है। भाजपा का खोखला विकास कार्यक्रम बुन्देलखण्ड में अच्छे दिन आने की तनिक भी संभावना नहीं जगाता है। यहां किसान, नौजवान बदहाली में जी रहे हैं। जल संकट के साथ शिक्षा-स्वास्थ्य के क्षेत्र में घोर उपेक्षा बरती जा रही है। यह समाजवादी सरकार ही थी जिसने बुन्देलखण्ड में विकास की वास्तविक नींव रखी थी। चरखारी में सात सरोवरों के जीर्णोद्धार के साथ उनका सौंदर्यीकरण कराया था। वृहद वृक्षारोपण का रिकॉर्ड कायम किया गया। रोटी-रोजगार की नई व्यवस्थाएं की। किसानों, गरीबों और नौजवानों के लिए विशेष योजनाएं शुरू की थीं। भाजपा सरकार ने आते ही जनहित को तिलांजलि देने और समाजवादी सरकार की योजनाओं को बर्बाद करने का काम किया है।

# जल, चिकित्सा, एवं खाद्य सामग्री के साथ तीन मोबाइल गाड़ी रहेंगी सेवा में तत्पर

संभल, प्रात : किरण संवाददाता



श्रावण मास में हरिद्वार, बृजघाट एवं अनूप शहर गंगा तट से आने वाले कांवड़ तीर्थयात्रियों की प्राथमिक चिकित्सा, पीने का पानी एवं खाद्य सामग्री से युक्त तीन मोबाइल गाड़ियों द्वारा संभल के निकट विभिन्न क्षेत्रों में सेवा करने का निर्णय लिया गया।

मुरादाबाद रोड पर स्थित अनंत कुमार अग्रवाल के निवास पर आयोजित हिंदू जागृति मंच की बैठक में श्रावण मास के प्रत्येक रविवार, सोमवार को तथा शिवतेरस के अवसर पर तीर्थ यात्रियों की सेवा हेतु 3 मोबाइल गाड़ियां तत्पर रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में अपने विचार रखते हुए अरुण कुमार अग्रवाल ने कहा कि कांवड़ तीर्थयात्रियों की सुविधाओं की हिंदू जागृति मंच के सदस्य चिंता व सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक रविवार सोमवार तथा शिवतेरस पर्व से पूर्व संभल को आने वाले रास्तों पर मोबाइल गाड़ी कांवड़ तीर्थ यात्रियों के साथ रहेंगी। पुष्प वर्षा से स्वागत करेंगे, भोजन, पानी, चिकित्सा की भी चिंता की जाएगी। मुकेश कुमार शर्मा ने कहा कि मोबाइल गाड़ी में प्राथमिक चिकित्सा हेतु आवश्यक औषधि, पीने का पानी तथा खाद्य सामग्री भी उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि संभल नगर में संजीवनी अस्पताल, डॉ अरविंद का अस्पताल, मेहरोत्रा क्लीनिक, फजल एंड आनंद अस्पताल आदि अस्पतालों में कांवड़ तीर्थयात्रियों की निःशुल्क चिकित्सा व्यवस्था हेतु निवेदन किया गया है। अजय कुमार शर्मा ने कहा कि हिंदू जागृति मंच विभिन्न माध्यमों एवं संसाधनों के साथ कांवड़ तीर्थयात्रियों की चिकित्सा, सेवा, सहयोग, सुरक्षा, सम्मान की चिंता करते हुए श्रावण मास के पूरे महीने तत्पर रहेगा। उन्होंने बताया कि हिंदू जागृति मंच द्वारा अपने सेवा कार्य की सूचना पुलिस, प्रशासन एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को दे दी गई है। उन्होंने बताया कि संभल जिला प्रशासन ने जनपद के लिए कांवड़ तीर्थयात्रियों की सेवार्थ कंट्रोल रूम की भी स्थापना की गई है जिसका कांटेक्ट नंबर *9454405190* है। सभी तीर्थ यात्रियों को किसी भी समस्या समाधान, सहयोग हेतु कंट्रोल रूम का नंबर अपने पास रखना चाहिए। बैठक में संजय देवल, अमित शुक्ला, अतुल शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, प्रदीप शुक्ला, श्याम शरण शर्मा, मनमोहन गुप्ता, प्रीति शर्मा, हर्षित शर्मा, सीमा आर्या, चंद्रेश आर्य, वैभव गुप्ता, पंकज सांख्यधर, विष्णु कुमार, उमाशंकर, अनंत कुमार अग्रवाल, सुभाष चंद्र मोंगिया आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक की अध्यक्षता हिंदू जागृति महिला मंच की जिलाध्यक्ष सरिता गुप्ता ने की तथा संचालन महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने किया।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने 17 सूत्रीय मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता

पुरानी पेन्शन को बहाल किए जाने, वंचित तदर्थ शिक्षकों का विनियमितकरण किए जाने, वित्त विहीन शिक्षकों को पूर्णकालिक शिक्षक का दर्जा तथा समान कार्य के लिए समान वेतन, एवं सेवा शर्ते लागू किए जाने, माध्यमिक विद्यालय के शिक्षको को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, जनवरी, 2022 से देय मँहगाई भत्ता का भुगतान आदि 17 सूत्रीय ज्ञापन आज संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय पर आयोजित धरना के समापन अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री को सम्बोदित ज्ञापन उप0 शिक्षा निदेशक ओ0पी0 मिश्र को प्रदेशीय मंत्री डा0 आर0पी0 मिश्र एवं जिलाध्यक्ष डा0 आर0के0 त्रिवेदी द्वारा सौपा गया।

इसी के साथ जनपद स्तरीय समस्याओं का ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक (द्वितीय) डी0के0सिंह राठौर तथा लेखाधिकारी मनोज कुमार को प्रेषित किया गया। तेज बारिश के बावजूद धरने में भारी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाए सम्मिलित हुए। धरने का नेतत्व प्रदेशीय मंत्री एवं प्रवक्ता डा0 आर0 पी0 मिश्र ने तथा संचालन जिलाध्यक्ष डा0 आर0के0 त्रिवेदी ने किया।

शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए प्रदेशीय मंत्री/प्रवक्ता डा0 आर0पी0 मिश्र ने कहा कि राष्ट्र निर्माण का दायित्व निर्वहन करने वाला शिक्षक समुदाय जो विकट से विकट परिस्थितियों में भी निर्धारित सीमा में आगे बढकर दायित्वों का निर्वहन करता रहा है। ऐसी स्थिति में सहायता प्राप्त माध्यमिक शिक्षको की मांगो एवं समस्याओं पर सरकार की दृष्टि न जाना शिक्षक समुदाय को आक्रोशित कर रही है। परिणाम स्वरूप जिला संगठन संघर्ष के लिए बाध्य है। जिलाध्यक्ष डॉ.आर0के0 त्रिवेदी एवें जिला मंत्री महेश चन्द्र ने बताया कि शिक्षाधिकारीयों को सौपे गए जनपद स्तरीय ज्ञापन में समयबद्व प्रकरणों के निस्तारण के लिए सिटीजन चार्टर लागू किए जाने, एन0पी0एस0 शिक्षकों के लेजर पूर्ण कराने तथा राज्य अंश एवं देय ब्याज की धनराशि जमा कराकर एन0एस0डी0एल खाता को अपडेट कराने, शिक्षकों के अवशेषों के प्रकरणों का विशेष कैम्प के माध्यम से निस्तारण कराये जाने आदि की मागें प्रमुख है।

शनिवार को हुए धरने में प्रमुख रूप से के प्रदेशीय मंत्री/प्रवक्ता एवं जिला संरक्षक डा0 आर0 पी0 मिश्र, जिलाध्यक्ष डा0 आर0 के0 त्रिवेदी, प्रदेशीय मंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा, मण्डलीय अध्यक्ष तुलसी राम मिश्र, जिला मंत्री महेश चन्द्र, काषोध्यक्ष विश्वजीत सिंह, आय व्यय निरीक्षक मीता श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश शुक्ल, इनायतउल्लाह खां, इन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, अनिल शर्मा, अनुराग मिश्र, डा0एस0के0माणि शुक्ल, डा0 पी0के0 पन्त, मन्जु चौधरी, आरती वर्मा, आदि उपस्थिति थे।

### प्रतापगढ़ : उर्स मेले में चाऊमीन खाकर एक ही गांव के 84 लोग बीमार हुए

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में चल रहे एक सालाना उर्स के मेले में खानपान की दुकान पर चाउमीन खाने से एक ही गांव के 84 लोग बीमार हो गये। बीमार होने वालों में लगभग 70 बच्चे है। स्वास्थ्य विभाग की टीम शुक्रवार की शाम को गांव में पहुंच गयी है। इनमें पांच मरीजों की हालत गंभीर बतायी गयी है। इन्हें इलाज के लिये प्रयागराज भेजा गया है। कोतवाली लाल गंज क्षेत्र में वरिस्ता गांव के तकिया मीर पुरवे में इनायत शाह बाबा की मजार है, मजार पर गुरुवार को उर्स का मेला लगा था। मेले में गांव के दिनेश ने चाउमीन की दुकान लगायी थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुरुवार को इस दुकान पर चाउमीन खाने वालों की तबीयत रात में बिगड़ना शुरू हो गयी। एक एक करके बच्चों व बड़ो को उल्टी दस्त के साथ पेट मे दर्द शुरू हो गया। लोग निजी साधनों से मरीजों को लेकर स्थानीय डॉक्टरों के पास भागने लगे। शुक्रवार की शाम स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव मे पहुंची। तब तक अधिकतर मरीज अपनी दवा करा चुके थे, वहीं चाऊमीन बेचने वाले दिनेश के साथ ठेला लगाने वाले दो अन्य दुकानदारों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछ ताछ कर रही है।

# डीएम, एसपी ने कावड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर जनपद के प्रमुख मंदिरों का किया निरीक्षण

संभल, प्रात : किरण संवाददाता



जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने कावड़ यात्रा एवं महाशिवरात्रि की तैयारियों को लेकर जनपद के प्रमुख मंदिरों का निरीक्षण किया। एवं वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिसमें विकासखंड बहजोई के सादातबाड़ी मंदिर का निरीक्षण करते हुए वहां पार्किंग व्यवस्था की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया एवं मंदिर के आसपास साफ सफाई कराने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इसी उपरांत चंदौसी स्थित बेरनी रतनपुर प्राचीन मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कावड़ यात्रियों के आवागमन को लेकर मार्गो चिन्हिकरण एवं वेरीकेडिंग एवं छोटे-छोटे मार्गों को बैरियर लगाकर बंद करने एवं पार्किंग व्यवस्था, सामुदायिक शौचालय को सही कराने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ग्राम प्रधान को जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि मंदिर के पास लगने वाले मेले में कोई भी प्लास्टिक डिस्पोजल एवं पॉलीथिन का प्रयोग किसी भी दशा में ना हो यह भी प्रत्येक दशा में देख लिया जाए। जिलाधिकारी ने मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाई जाने वाली कावड़ के स्थान का स्थलीय निरीक्षण किया। एवं निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि कावड़ स्थल की बाउंड्रीवॉल एवं चलने वाली सीढ़ियों के पास रेलिंग को ठीक कराया जाए। तथा मंदिर के आसपास की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। सूर्यकुंड मंदिर संभल का स्थलीय निरीक्षण किया एवं सूर्य कुंड मंदिर के तालाब के सौंदर्यकरण एवं साफ सफाई तथा तालाब में कैटफिश या गैंबुसिया मछली डालने के निर्देश दिए। एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल को अस्पताल की तरफ निकलने वाले सूर्य कुंड मंदिर के रास्ते की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। तहसील संभल के गुमसानी शिव मंदिर का भी स्थलीय निरीक्षण किया। एवं मंदिर को जोड़ने वाले रास्ते को सही कराने के निर्देश दिए। एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा से संबंधित कोई भी समस्या है तो उसे समय रहते हुए निस्तारण कर लें पार्किंग की व्यवस्था प्रत्येक दशा में सुनिश्चित की जाए।

### प्राणि उद्यान में मनाया गया वल्ड स्नेक डे

**लखनऊ ।** सापों के प्रति जागरुकता के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार लखनऊ स्थित प्राणि उद्यान में वर्ल्ड स्नेक डे मनाया गया। चिड़ियाघर घूमने आये लोगों को सांपों के प्रति जागरुक किया गया। उन्हें बताया कि किस प्रकार सांप पर्यावरण में अपना योगदान देते हैं। शिक्षाधिकारी नीना कुमार ने दर्शकों को बताया कि धरती पर लगभग 3000 सांपों की प्रजातियां पायीं जाती हैं। जिनमें से करीब 300 सांपों की प्रजातियां हमारे भारत देश में निवास करती हैं। कोबरा, वाइपर, अजगर, रैट स्नैक आदि अनेकों प्रजातियों के विषैले और विषहीन सांप प्रकृति निर्धारित खाद्य श्रंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि चूहों का भक्षण कर सांप हमारी फसलों और खाद्यानों की सुरक्षा करते हैं इसी कारण सांपों को किसानों का मित्र भी कहा जाता है। कीटनाशकों का प्रयोग, वनों के विनाश और लोगों द्वारा सांपों को भयवश मारे जाने के चलते इनकी आबादी पर संकट मंडरा रहा है। आज हमें जरूरत है कि हम सांपों का प्राकृतिक महत्व समझें और इनका संरक्षण करें। सांप जैसे प्राणियों की बदौलत ही पर्यावरण एवं जैवविविधता में संतुलन बना हुआ है।

# पुलिस परिवार परामर्श पर 8 पत्रावलियों का किया निस्तारण



संभल, प्रात : किरण संवाददाता

पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग सुबह 10:30 बजे से मंडी समिति पुलिस लाइन बहजोई में हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए विवादों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर निपटाने का भरपूर प्रयास किया गया।

ट्रेनी सीओ दीपक कुमार के नेतृत्व में उक्त मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें 32 पत्रावलियों को सुनकर 8 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तथा एक परिवार को आपसी समझौते के आधार पर मिलाने का भरपूर प्रयास करते हुए कामयाबी हासिल की तथा 2 पत्रावलीयो में विधिक कार्रवाई करने की संस्तुति की गई तथा 5 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन एवं अन्य कारणों से बंद की गई। इस अवसर पर महिला सेल प्रभारी उपनिरीक्षक बिन्द्रेश देवी उपनिरीक्षक प्रेरणा यादव उपनिरीक्षक सुशील कुमार शर्मा काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट तथा कांस्टेबल विनीता ,नूतन सोनम, ऊषा, विपुल यादव, पूजा ,आदि लोग उपस्थित रहे।

### निगार ने ब्लड देकर निभाया इंसानियत का फर्ज

**संभल।** थाना कैलादेवी क्षेत्र के ग्राम अझरा के मूल निवासी साहूकार की अचानक तबीयत खराब होने पर शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां जांच करने पर ब्लड की मात्रा काफी कम पाई गई। और डॉक्टर ने ब्लड लगाने को कहा। घरवाले ने ब्लड का इंतजाम करने लगे दो लड़कों का ब्लड चेक कराया। लेकिन दोनों लड़कों को हेपेटाइटिस सी निकल आया। जिसकी वजह से वह मरीज को इलाज नहीं दे सके। तभी यह सूचना ब्लड डोनेट ग्रुप संभल पर पहुंची। ग्रुप के सदस्यों ने सारे जानकारी करने के बाद ब्लड की व्यवस्था कराने को कहा। तभी सूचना थाना कैलादेवी क्षेत्र के ग्राम मूसापुर निवासी मोहम्मद निगार आलम पर गई। उन्होने बिना देरी किए ही ब्लड देने को कहा। तब जाकर घर वालों को सुकून मिला। जब इस बारे में निगार से बात हुई कि आप इस मरीज को यह घर वाले को जानते हो तो निगार ने मना कर दिया और बोले कि हमारा ब्लड डोनेट ग्रुप इसी सेवा के लिए जुड़ा है। जो वाकई परेशान होते हैं । हम लगातार 12 साल से बिना भेदभाव के लोगों की जिंदगी बचाने का काम कर रहे हैं। जो वाकई हमें बहुत सुकून मिलता है।

# सामुदायिक शौचालय जिम्मेदार अधिकारीयों की लापरवाही के कारण बने सफेद हांथी

संभल, प्रात : किरण संवाददाता




पबांसा बिकास खंड के ग्राम पंचायत शाहबाजपुर सूरा नंगला एवं ग्राम पंचायत बिछौली में लाखों रूपए की लागत से बनाए बनाए गए सामुदायिक शौचालय में ताले लगे पड़े हैं। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है जिससे कि सोच के लिए ग्रामीणों एवं आने जाने वालों को बाहर जाना ना पड़े।

नियमों की अनदेखी कर आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं पबांसा विकासखंड के अधिकतर गांव में सामुदायिक शौचालय पर ताले लगे पड़े हैं सामुदायिक शौचालय की स्थिति इतनी खराब है कि कुछ सामुदायिक शौचालय में नहीं तो टंकी फिटिंग हुई है और नहीं कोई साफ सफाई है और नही साबुन तोलिया है जब की सरकार द्वारा सभी सामुदायिक शौचालय पर केयरटेकरो की व्यवस्था की गई है। जबकि सरकार द्वारा सामुदायिक शौचालय के रखरखाव एवं साफ सफाई के लिए केयरटेकर नियुक्त किए गए हैं जिनको ₹6000 प्रतिमा मानदेय भी दिया जा रहा है लेकिन सवाल यह उठता है कि केयरटेकर भी ताला लगाकर घरों में आराम फरमा रहे है

सामुदायिक शौचालय की जिम्मेदारी पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान की होती है लेकिन मौके पर सामुदायिक शौचालय बंद पड़ा होना साफ सफाई ना होना साफ सफाई के पर्याप्त साधन उपलब्ध ना होने से प्रतीत होता है कि पंचायत सचिव प्रधान द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। सामुदायिक शौचालय पर केयरटेकरो की नियुक्ति होने के बाद भी लापरवाही बढ़ती जा रही है जब की इस लापरवाही की ओर नहीं तो ग्राम प्रधान ध्यान दे रहा है और नहीं पंचायत सचिव सवाल यह उठता है कि आखिर पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान साफ सफाई का सामुदायिक शौचालय पर ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है देखना होगा लापरवाह कर्मचारियों पर क्या कार्रवाई की जाती है।

# नगर पालिका की लापरवाही के चलते मोहल्ले में भरा पानी

संभल, प्रात : किरण संवाददाता

नगर पालिका के मौहल्ला हल्लूसराय में थोड़ी सी बारिश के बाद सडको पर भरा पानी आने जाने बालों को करना पड़ा दिक्कत का सामना सड़कों पर इतना पानी भर गया की मोटरसाइकिल पानी में बंद होने लगी और स्विमिंग पूल का नजारा देखा देखने को मिला। सड़क पर पानी इकट्ठा होने की देर थी कि घरों मैं गर्मी के चलते कैद बच्चों को बाहर निकलने का मौका मिल गया।

अपने घरों की छतों को छोड़कर सब बच्चे बाहर निकल आए बारिश के पानी में नहाने के लिए। बारिश का पानी नालियों में मिलकर काला हो गया था और उसी पानी में डुबकी मारते नजर आए ये बच्चे जो सड़क पर समुद्र की लहर भी पैदा कर रहे थे।कुछ बच्चे तो स्विमिंग पूल की तरह सड़क के गन्दे पानी मे तैरने का प्रयास कर रहे थे। वहीं कुछ बच्चे छपाछप छपाके मार रहे थे। कुछ बच्चे गन्दे पानी को निकालने वाले राहगीरों पर उछाल रहे थे। देखा यह जा रहा था आनंद लेते इन बच्चों को नही पता था कि नालियों के पानी से बीमारी होने की संभावना भी बड़ेगी। बता दें बारिश के मौसम में कुछ लोगों के गटर का पानी भी सड़क पर छोड़ा जाता है। ऐसे में बच्चों का यूं नहाना बड़े लोगों को भी दोषी ठहराता है। इन मासूम बच्चों को क्या पता कि जिस पानी में ही लोग नहा रहे हैं यह दूषित पानी है जो इनकी जिंदगी के साथ खिलवाड़ है। सम्भल नगरपालिका की बड़ी लापरवाही को दशार्ता है। सम्भल के मौहल्ला हल्लूसराय मे कई सड़को पर पानी इकठ्ठा होना लाजमी है। ऐसे में नगरपालिका को अपनी ओर से व्यवस्था बनानी चाहिए और नालियों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखनी चाहिए ल, जिससे क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बनी रहे।

# नाम सिमरन व अरदास ने राजेन्द्र सिंह बग्गा के 82वें जन्मदिन पर उनकी दीघार्यु की कामना की

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता



● उपलब्धियों को अनुकरणीय मानते हुए तत्कालीन राज्यपाल द्वारा गोल्डन एज अवार्ड से किया अलंकृत

लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी एवम् ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरू नानक देव जी,नाका हिंडोला के अध्यक्ष स.राजेन्द्र सिंह बग्गा के 82 वे जन्म दिन पर गुरुद्वारा नाका हिंडोला में ज्योति मक्कड़ के निर्देशन में सिमरन साधना परिवार के बच्चों ने अमृत वेला नाम सिमरन कर एवम् गुरुद्वारा साहिब के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने अरदास कर सहृदयता, सेवा व सद्भाव की प्रतिमूर्ति स.राजेन्द्र सिंह बग्गा की दीघार्यु की कामना की।

स.राजेन्द्र सिंह बग्गा ने मेरा मुझ में कुछ नहीं जो किछ है सो तेरा के माध्यम से परम पिता परमेश्वर का शुक्रिया अदा किया। अपना 82 वां जन्म दिन मना रहे बग्गा जी का जीवन वास्तव में किसी खुली किताब से कम नहीं है। विगत 40 वर्षों से अधिक से उम्र के 82 वे वर्ष में भी सर्वधर्म सद्भाव एवं जन सेवार्थ कार्यों के हर मंच पर आपकी उपस्थिति ही न केवल आपकी पहचान है बल्कि सभी के लिए एक प्रेरणा रहती है। श्री बग्गा जी का मानना है कि तुम गरीबों की सुनो वो तुम्हारी सुनेगा यही कारण है कि चाहे वह देश का स्वच्छता अभियान,वृक्षारोपण अभियान हो या फिर कोरोना महामारी का भयावह दौर रहा हो, आपने अपनी उम्र व स्वास्थ्य की परवाह किए बिना गरीबों एवं जरूरतमंदों की लंगर वितरण के माध्यम से सेवा की। इस दौरान आप स्वयं भी कोरोना संक्रमण की चपेट में आए लेकिन स्वस्थ होने के तुरंत बाद पुनःसेवा कार्य में लगकर निस्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। बग्गा का मानना है कि लोगों की दुआओं एवम् उनके स्नेह के कारण ही जीवन के हर मुश्किल क्षण में परमपिता स्वयं उनकी रक्षा करते हैं। यह सभी की दुआओं का ही असर था कि उन्होंने लगभग 19 वर्ष पहले कैंसर को भी मात दी एवम् निरंतर जनसेवा के कार्य में लगे हैं। कोरोना से संक्रमित होना एवम् ब्रेन स्ट्रोक भी उनके सेवाभाव के जज्बे को नहीं रोक पाया। बग्गा जी का यही अंदाज उन्हें अनुकरणीय बनाता है। उनका कहना है कि जरूरतमंदों की सेवा कर उन्हें आंतरिक खुशी मिलती है। श्री बग्गा का कहना है कि क्या करेगा प्यार वो भगवान को, क्या करेगा प्यार वो इंसान को, जन्म लेकर गोद में इंसान की, कर न सका प्यार जो इंसान को यही कारण है कि आज भी सर्वधर्म, समभाव एवम् सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में आप सभी के लिए एक प्रेरणा हैं। आपने लॉयंस क्लब के अध्यक्ष पद पर रहते हुए एक हजार से अधिक गरीब व निराश्रितों का निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराकर, लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी एवम् ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरू नानक देव जी नाका हिंडोला के अध्यक्ष पद पर अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए कोरोना कालखंड में लंगर वितरण में सहयोग कर एवम् उसके बाद विगत 14 जून 2021 से गुरुद्वारा नाका हिंडोला में वैक्सीनेशन कैंप लगवाकर मानस की जात सभै एकः पहचानबो का संदेश दिया। गुरुद्वारा साहिब में वैक्सीनेशन कैंप आज भी जारी है।

### बरेली में संघ प्रचारक से मारपीट के मामले में आठ पुलिसकर्मियों पर मुकदमा

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रचारक आर्मेंद्र को बंधक बनाने के आरोप में आठ पुलिसकर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस मामले में दारोगा अंकित कुमार, मढ़ीनाथ चौकी प्रभारी सुनील कुमार भारद्वाज नामजद हैं। बाकी छह सिपाही अज्ञात हैं। अंकित को घटना के बाद ही निलंबित कर दिया गया था। शुक्रवार को देर रात सुनील के विरुद्ध भी यह कार्रवाई कर दी गई। सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ डकैती, बंधक बनाकर पीटने, अवैध हिरासत में रखने, धमकी देने और अभद्रता करने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं, इस घटना के विरोध में प्रदर्शन करने पर अज्ञात संघ पदाधिकारियों व समर्थकों पर सड़क जाम, पुलिस से अभद्रता करने और धारा 144 का उल्लंघन करने का मुकदमा लिखा गया। बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने देर रात सुभाषनगर इंस्पेक्टर सुनील अहलावत को थाने से हटाकर पुलिस लाइंस भेज दिया।

# पूर्ण श्रृद्धा के साथ मनाया गयाभाई तारु सिंह का शहीदी दिवस एवं श्रावण माह संक्रान्ति पर्व

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता

भाई तारु सिंह जी का शहीदी दिवस एवं श्रावण माह संक्रान्ति पर्व शनिवार को ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी,नाका हिण्डोला, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया। प्रातः के दीवान में श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ के उपरान्त रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुरवाणी में आसा की वार का अमृतमयी शबद कीर्तन गायन किया। ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने भाई तारु सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आपका जन्म गांव पुहला जिला श्री अमृतसर में हुआ था अभी आप छोटे थे कि आपके पिता जी लड़ाई मे शहीद हो गये थे।

आपकी माता जी एवं बड़ी बहिन ने त्याग एवं कुबार्नी की कहानियाँ सुनाकर सिक्खी में परपक्क कर दिया। आप गांव में खेती का काम करते थे। बड़े धर्मी, पवित्र आचरण, ऊँचे कद एवं गुरु मयार्दा में रहने वाले गुरसिख थे। खेती के काम से पैदा होने वाली फसलों का लगान सरकार को चुकाकर बाकी पैसे से सेवा एवं मुसीबत में दिन काट रहे लोगों की मदद करते और गुरु पंथ के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने के लिए तत्पर रहते थे। हरिभगत निरंजनिया जो सिखों का जानी दुश्मन था ने मुगल बादशाह जकरिया खां को भाई तारु सिंह जी के बारे मे सब कुछ बता दिया कि यह अपने गुरु के गुण गाते हैं, मरने से नही डरते, यह लोग हमारी हकूमत के लिए खतरा बने हुए हैं। जकरिया खां ने सैनिकों को भाई तारु सिंह जी को गिरफ्तार करने का हुक्म दिया, जब उन्हें गिरफ्तार करके लाहौर ले जाया गया जा रहा था, गांव के लोग भाई जी की गिरफ्तारी को रोकना चाहते थे, भाई जी ने उन्हें कहा कि हमने नवाब का क्या बिगाड़ा है, मै नही चाहता कि गांव के लोगों पर कोई बिपता आये, धर्म की खातिर अगर मरना भी पड़े तो भागेंगे नहीं, जकरिया खां ने कहा कि तारु सिंह तेरी जान तभी बख्शी जा सकती है अगर तुम मुसलमान बन जाओ और सिख धर्म छोड़ दो, भाई जी ने उत्तर दिया कि सिक्खी मुझे अपनी जान से भी ज्यादा प्यारी है, तभी जकरिया खां ने हुक्म दिया कि भाई तारु सिंह की खोपड़ी बाल सहित सिर से अलग कर दी जाय। लाहौर के दिल्ली दरवाजे के बाहर नवाब जकरिया खां के हुक्म से हजारों लोगों के बीच मोची ने धारदार हथियार से भाई तारु सिंह जी की खोपड़ी बाल सहित सिर से अलग कर उनके सामने रख दी, आप का पूरा शरीर खून से लतपत हो गया तो उधर जकरिया खां का पेशाब बन्द हो गया, हकीमों वैदों के सारे जतन व्यर्थ हो गये तो जकरिया खां ने भाई सुभेग सिंह द्वारा खालसा पंथ से माफी मांगी।

## संक्षिप्त खबरें

### दरबार साहिब में न्यायमूर्तियों ने टेका मत्था

पटना सिटी। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजय किशन कौल सपत्नीक व पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति चक्रधारी शरण सिंह, अश्विनी कुमार सिंह, संजीव प्रसाद शर्मा व संदीप कुमार के साथ शनिवार को तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचे। सभी दरबार साहिब में जाकर शीश नवाया। दरबार साहिब की परिक्रमा कर धरोहरों का दर्शन किया। इन सबों को ग्रंथी करतार सिंह ने दरबार साहिब में गुरुघर का सिरोपा प्रदान कुया। तख्तश्री हरिमन्दिर जी प्रबंधक कमेटी के महासचिव सरदार इंद्रजीत सिंह व प्रभाकर श्रीवास्तव ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन के संबंध में न्यायाधीशों को जानकारी जानकारी दी।

### एनएमसीएच से अज्ञात युवक का शव मिला

पटना सिटी। नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से युवक का शव मिला है। आलमगंज थाना की पुलिस ने शव को बरामद किया है। उसकी उम्र करीब 35 वर्ष आंकी गई है। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि संभावना है कि दुर्घटना से मृत्यु हुई होगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ 72 घंटे पहचान के लिए सुरक्षित रखा गया है। युवक को अस्पताल के स्ट्रेक्चर पर किसी ने लाकर छोड़ दिया था। उजकी पहचान की कोशिश की जा रही है।

### बाइक चोरी करते दो गिरफ्तार

पटना सिटी। आलमगंज थाना की पुलिस ने बाइक चोरी करते हुए दो वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि गायघाट स्थित पटना सिटी व्यवहार न्यायालय के पास में वाहन चोरी करते दो लोगों नालंदा के हिलसा निवासी अभिराज यादव और फतुहा का रहने वाला मनीष यादव को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से एक चोरी की अपाची बाइक भी बरामद हुआ है।

# पाकिस्तान के आतंकी संगठन तहरीक ए लब्बैक व कश्मीर के आतंकी संगठन गजवा ए हिंद सक्रिय

दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता



दानापुर फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के अंतर्गत देश विरोधी मुहिम चलाने वालों एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया जो सीधे पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत कई इस्लामिक देशों से जुड़ा हुआ था।की संगठन तहरीक ए लब्बैक और जम्मू एंड कश्मीर के आतंकी संगठन गजवा ए हिंद का सक्रिय सदस्य फूलवारी शरीफ के ईसापुर नहरपुरा पेट्रोल लाइन इलाके से पकड़ा गया है। कश्मीर के गजवा ए हिंद संगठन का सक्रिय सदस्य और फुलवारी में एक व्हाट्सएप ग्रुप गजवा ए हिंद का एडमिन बना मरगूब दानिश उर्फ ताहिर युवाओं को इस ग्रुप से जोड़ कर देश विरोधी अभियान को प्रचारित प्रसारित कर रहा था।वही बीएफ आई और एसडीपीआई संगठन प्यार में देश विरोधी गतिविधियां चलाने वाले गिरफ्तार अतहर परवेज और जलालुद्दीन के बाद तीसरे आरोपी अरमान मलिक को भी बेउर जेल भेज दिया गया इस मामले में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है ।पूछताछ में देश की कई इंटेलिजेंस एजेंसियों की टीम शामिल है। वहीं इस मामले में 26 लोगों को नामजद कराए जाने की जानकारी मिलते ही 23 लोग भूमिगत हो गए। फुलवारी में पाकिस्तान के आतंकी संगठन का कनेक्शन मिलने की जानकारी मिलते हैं बिहार के पुलिस मुख्यालय से लेकर दिल्ली के विदेश मंत्रालय तक हड़कंप मच गया।इसको सूचना मिलते ही पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एसएसपी पटना के नेतृत्व में फुलवारी के एडिशनल एसपी मनीष कुमार सिन्हा और फुलवारी थाना अध्यक्ष इकरार अहमद समेत कई दूसरे थानाध्यक्ष और भारी पुलिस टीम ईसापुर पेट्रोल इलाके में छापेमारी की जहां से आतंकी दानिश मरगूब को गिरफ्तार कर लिया गया।दानिश मरगूब के व्हाट्सएप में जो नक्शा बना हुआ मिला है वह भारत बांग्लादेश और पाकिस्तान को मिलाकर बनाया हुआ है। इसने अपने मोबाईल में दो ग्रुप बना रखा था। एक ग्रुप में 181 लोग जुड़े हुए थे जिसमें सभी पाकिस्तान के एवं दूसरे ग्रुप में बंगलादेश, पाकिस्तान के लोग थे। दोनों ग्रुप का दानिश एडमिन था और ग्रुप बनाने वाला पाकिस्तान फैजान था। इसका सीधा संबंध गजवा-ए-हिन्द काश्मिर के आतंकी संगठन जिसका कमांडर मुशा वर्ष 2019 में मुठभेड़ मारा गया था।इसके साथ ही पाकिस्तान का आतंकी संगठन तहरिक-ए-लब्बैक से भी वह जुड़ा हुआ था। शुक्रवार की देर शाम एसएसपी पटना फुलवारी शरीफ डीएसपी कार्यालय पहुंचे और प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले का खुलासा किया। भारत में वर्ष 2023 में जिहाद करने की योजना बनाने वाले एक इस्लामी कट्टरपंथी मरगूब दानिश उर्फ ताहिर को पटना पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। गजवा-ए-हिन्द नाम से व्हाट्सअप ग्रुप बनाकर भारत विरोधी गतिविधियों को संचालित करने वाले मरगूब दानिश उर्फ ताहिर को पटना के फुलवारी शरीफ के ईसापुर इलाके से से गिरफ्तार किया गया।पटना के एसएसपी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने बताया कि पाकिस्तान मूल के फैजान ने गजवा-ए-हिन्द नाम से एक व्हाट्सअप ग्रुप बनाया गया। उसने ताहिर को इसका एडमिन बनाया था और इस ग्रुप में 181 लोगों को जोड़ा गया था। ताहिर पहले खाड़ी के देश में रहता था। इन लोगों ने वर्ष 2023 में भारत में डायरेक्ट जिहाद नाम से चैट कर योजनायें बनाई थी। इसमे अधिकांश लोगों को जोड़ा गया था। उन्होंने कहा कि गजवा-ए-हिन्द नाम से बने व्हाट्सअप ग्रुप में भारत के अलावा पाकिस्तान, यमन और बंगलादेश से लोग जुड़े हैं। इस ग्रुप के आलावा एक और व्हाट्सअप ग्रुप भी हाल ही बनाया गया थी जिसमें 10 सदस्य शामिल है। ये लोग पाकिस्तान और बंगलादेश से जुड़े हैं। इन दोनों ग्रुपों से कट्टरपंथी सोच को फैलाना और भारत विरोधी गतिविधियों और विचारों को संचालित करना है।ढिल्लो ने कहा कि आज जो गिरफ्तारी हुई है वह एक अलग अलग मामला है। जबकि पटना के फुलवारीशरीफ से जो पहले गिरफ्तारी हुई है वह पीएफआई के अतहर परवेज और ज्लालुद्दीन की हुई थी। वे लोग वर्ष 2047 में भारत में इस्लामिक राष्ट्र बनाने की योजना बना रहे थे। उन दोनों की गिरफ्तारी अलग है जबकि शुक्रवार को हुई मरगूब दानिश उर्फ ताहिर की गिफ्तारी अलग मामला है। लकी पुलिस दोनों मामलों का कनेक्शन भी खंगाल रही है। देश के खिलाफ जिहाद का नारा बुलंद करने वाला मरगुब दानिश 14 सालों तक गल्फ देशों में नौकरी किया और लॉक डाउन में वापस आने के बाद फिर नहीं गया। वह वर्ष 2016 में जगवा-ए-हिन्दू और तहरिक-ए-लब्बैक संगठन से जुड़ गया था। यह प्रति दिन तरह तरह का पोस्ट इन दोनों ग्रुप में डालता और जिहाद की बात करता था।इस का मकसद भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाने की मुहिम चलाना था। इसके लिए वह लगातार विदेशों से भी संपर्क में रहता। उसने भारत का पुरान नक्शा को ग्रुप के वाल पर लगा कर उस पर पाकिस्तानी झंडा लगा दिया था। भारत के पुराने नक्शें में श्रीलंका अफगान सभी को जोड़ दिया था। मरगूब दानिश पिता सैफुउद्दीन मूल रूप से बिथो शरीफ का रहने वाला है इसका जन्म वर्ष 1996 में फुलवारी शरीफ में हुआ। इसके परिवार के कई सदस्य पाकिस्तान के कराची में रहते हैं। दानिश ने हाफिज,बस्तानिया एवं फोकानिया की पढ़ाई करने के बाद वर्ष 2006 में गल्फ देश में नौकरी करने चला गया और 14 साल तक वहां नौकरी करने के बाद जब वह लॉक डाउन में आया तो फिर नहीं गया। दानिश गल्फ देश में ही नौकरी करने के दौरान पाकिस्तानी संगठन तहरिक-ए-लब्बैक और गजवा-ए-हिन्द से जुड़ गया।

# सरकारी नौकरी में खेल कोटा से कई अवसर: नीरज कुमार सिंह

बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता



पटना पश्चिमी एथलेटिक्स एसोसिएशन के द्वारा बाढ़ के अगवानपुर स्थित क्रीड़ा मैदान में एथलेटिक्स प्रतियोगिता- 2022 का उद्घाटन किया गया। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्वारा ह्यवीरता के लिए पुलिस पदकह्ल से सम्मानित पूर्व सीआरपीएफ अधिकारी नीरज कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि के रुप में शिरकत किए। पटना पश्चिमी एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव चंदन कुमार ने उन्हें पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन बाढ़ अनुमंडलाधिकारी कुंदन कुमार एवं नीरज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खेल प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को नीरज कुमार सिंह ने मेडल प्रदान कर प्रोत्साहित किया। नीरज कुमार सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि आसमान में उड़ने से पहले जमीन पर दौड़ना पड़ता है। इस बात को पी टी उषा जैसे एथलेटिक्स खिलाड़ी ने चरितार्थ कर दिखाया है। आज वे राज्यसभा सांसद हैं। उन्होंने अपने समय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए कई गोल्ड मेडल जीतने का कीर्तिमान रचा। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए नीरज कुमार सिंह ने बताया कि मिल्खा सिंह, हिमा दास, नीरज चोपड़ा जैसे कई खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके अलावा अन्य खेलों में भी कई अवसर मिलते हैं। नीरज कुमार सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि आजकल सरकार द्वारा कई विभागों में खेल कोटा से नौकरी भी प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं इस ग्राउंड पर पहले भी आ चुका हूं और सेना एवं अर्धसैनिक बलों में भर्ती के लिए तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को सेलेक्शन प्रोसीजर्स के बारे में विस्तृत रूप से बताया है।

## पटना सिटी व्यापार मंडल के चुनाव की हुई घोषणा

**पटना सिटी।** व्यापार मंडल की कार्यकारिणी समिति की हुई बैठक में चुनाव की घोषणा कर दी गई। आम चुनाव के लिए निर्धारित तिथि 27 अगस्त घोषित की गई है। इस संबंध में व्यापार मंडल के महासचिव अवधेश कुमार सिन्हा ने बताया कि बैठक में व्यापार मंडल के आम चुनाव के लिए तिथि की घोषणा कर दी गई है। 27 अगस्त को चुनाव होगा। वर्तमान अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के संयोजकत्व में चुनाव अभियान समिति का गठन किया गया है। श्री सिन्हा ने बताया कि सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी सदस्यता 31 जुलाई तक अद्यतन करा लें। ऐसा नहीं किए जाने की स्थिति में वह चुनाव में वोट करने से वंचित रह जाएंगे। फिलहाल सदस्य बनाने पर रोक लगा दी गई है। वहीं सावन माह में मंडल के सचिव भगवती प्रसाद मोदी एवं उनके परिवार के द्वारा अपने निजी खर्च से पटना सिटी के अनेक स्थान पर शीतल पेयजल केंद्र स्थापित किया जा रहा है। इसी क्रम में मच्छरहट्टा टेढ़ी घाट स्थित व्यापार मंडल के कार्यालय में भी पानी ठंडा करने वाली मशीन लगाने की पेशकश की गई।

# बाढ़ अनुमण्डल के बेलछी प्रखंड कार्यालय के कई कुर्सी पड़े हैं खाली

बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता




प्रखंड के सबसे सुदूर प्रखंड बेलछी में इन दिनों अधिकारियों की किल्लत से कई काम प्रभावित हो रहे हैं। हालात यह है कि जैसे जैसे अधिकारी सेवानिवृत्त या फिर तबादला किए गए फिर दूसरे पदाधिकारी बेलछी नहीं लौटे जिसके चलते लगातार कई अधिकारियों के पद पर आज तक दूसरे पदाधिकारी को नहीं भेजा गया है जिसके चलते इलाके का विकास और कई योजनाएं सही तरीके से धरातल पर नहीं उतर रही है बेलछी प्रखंड मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कर्म क्षेत्र माना जाता है इसके बावजूद इस प्रखंड के साथ सौतेला व्यवहार से यहां के जनप्रतिनिधि बेहद आहत हैं जानकारी के मुताबिक प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, और प्रखंड कल्याण पदाधिकारी का पद रिक्त पड़े हुए हैं औपचारिकता के लिए अगल-बगल के प्रखंड के पदाधिकारियों को प्रभावित दे तो दिया गया है लेकिन अधिकारी कभी भी इस प्रखंड का रुक नहीं करते हैं वहीं दूसरी तरफ आवश्यक दस्तावेज को क्लर्क किरानी या आदेशपाल के माध्यम से अपने पास मंगवा कर देना खानापूर्ति करने का काम करते हैं पंडारक के कार्यक्रम पदाधिकारी और पंचायत राज पदाधिकारी को कई महीना पहले बेलछी प्रखंड का भी प्रभार मिल चुका है इसके बावजूद 6 महीने में महज एक या दो बार बेलछी प्रखंड आए होंगे कई कर्मचारी तो अधिकारी को पहचानता तक नहीं है जिसके चलते इस प्रखंड में सिर्फ काल की प्रक्रिया की औपचारिकता पूरा हो रही है धरातल पर विकास नहीं के बराबर हो रहा है अनदौली दरवेश पूरा पंचायत के युवा मुखिया अभिमन्यु कुमार उर्फ मुन्ना सिंह ने इस तरह की व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से अभिलंब फुलफ्लैज अधिकारी पर स्थापित करने की मांग की है ताकि इलाके का विकास सही तरीके से हो सके।

# जेडीयू का संगठन विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया




दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के रॉयल इन रिसोर्ट में शनिवार को खगोल सेक्टर के जनता दल यू के संगठन विस्तार का कार्यक्रम किया गया जिसकी अध्यक्षता पटना महानगर उपाध्यक्ष ओम सिंह ने किए संचालन जितेंद्र पटेल ने किए जिसमें खगोल सेक्टर अध्यक्ष गौरव कुमार राहुल कुमार रवि कुमार सनी कुमार मनीष रंजन सहित आठ उपाध्यक्ष एवं वार्ड अध्यक्षों की मनोनीत किया गया जिसमें माननीय विधान पार्षद रविंद्र प्रसाद सिंह पटना महानगर अध्यक्ष रविंद्र कुमार पटेल अरुण मांझी हिमांशु पटेल रुपेश रविदास रामप्रवेश सिंह शैलेंद्र महतो चंदन पटेल संजय कुमार असद एजाज गौरव कुमार सिकंदर कुमार सौरभ कुमार एवं सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## मध्यक्षता को बढ़ावा देकर मुकदमों का करें निबटारा : न्यायमूर्ति कौल

**पटना सिटी।** गायघाट स्थित बिहार न्यायिक अकादमी परिसर के सभागार में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने बिहार न्यायिक सेवा के नवनियुक्त बिहार न्यायिक सेवा के 30वीं बैच और जिला न्यायाधीश (प्रवेश कोटि) 2020 बैच के पदाधिकारियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसे संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति कौल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उन्हें न्यायिक प्रक्रिया में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का संदेश दिया। उन्होंने मध्यस्थता को बढ़ावा देते हुए मुकदमों को निबटाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अपने न्यायदेशों और न्याय निर्णयों में न्यायिक तर्क को प्रतिबिंबित करें। न्यायमूर्ति ने सभागार में उपस्थित महिला पदाधिकारियों की बड़ी संख्या पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे न्याय निर्णयों में संवेदनशीलता बढ़ेगी। पटना उच्च न्यायालय के वरीय न्यायाधीश न्यायमूर्ति सह बिहार न्यायिक अकादमी के अध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह ने संबोधन में न्यायमूर्ति कौल के आगमन और संबोधन के अवसर को अकादमी के लिए एक दुर्लभ क्षण बताया।

# पुलिस ने एक बड़े स्मैक तस्कर को किया गिरफ्तार

## तस्कर के पास से 50,700 नगद रुपया बरामद

बिहटा, प्रात : किरण संवाददाता

- मौके से पुलिस ने बैग में छुपा कर रखें 23 पुड़िया स्मैक बरामद, शराब के मामले में पहले भी जेल जा चुका है गिरफ्तार तस्कर

बिहटा-शनिवार को बिहटा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थानाक्षेत्र के परेव गाँव से एक कुख्यात स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया।पुलिस ने जब गिरफ्तार के बैग की तलाशी ली तो आरोपी के पास से 50 हजार 700नगद और 23 पुड़िया स्मैक मादक द्रव्य को जब्त किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान परेव गांव निवासी स्व. रामेश्वर साव का पुत्र लक्ष्मण कुमार के रूप मे हुई है ।जांच में पता चला कि गिरफ्तार युवक इसके पहले भी अवैध शराब के मामले में जेल जा चुका है ।

वैसे बता दे कि बिहटा के परेव में लगातार चोरी और छेड़खानी की शिकायत पुलिस को मिल रही थी इसके आलोक में एक टीम गठित किया गया था जो लगातार स्मैक पीने वालों पर नजर रखे थी। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि परेव गाँव में चरस अफीम का बहुत दिनों से तस्करी का काम चल रहा था सूचना मिली कि दर्जनों की संख्या में स्मैकियार इकट्ठा हो रहे है जो जिले के अलग अलग जगहों पर इसकी बिक्री करते हैं जिसपर छापेमारी की गई है।

जहां पुलिस ने मौके से लक्ष्मण कुमार को गिरफ्तार किया जिसके पास से 23 पुरिया स्मैक और 50,700 नगद रुपए बरामद हुआ। हालांकि पुलिस को भनक लगते हुए अन्य कारोबारी मौके से फरार हो गए गिरफ्तारी में पुलिस की टीम लगी हुई है।

## आंधी-पानी के बीच भद्र घाट में गिरा पेड़

**पटना सिटी।** गुलजारबाग विद्युत कार्य प्रमंडल के तहत भद्र घाट से अशोक राजपथ की ओर आने वाले रास्ते में एक पेड़ आंधी-पानी के बीच प्रभावित होकर गिर गया। उक्त पेड़ के पश्चिम की ओर गिरने के कारण गुजर रहे बिजली के केबल का तार पर गिरने से सीमेंटेड पोल पर पेड़ के झटके से वह बीच से टूट कर लटक गया। इस कारण से शुक्रवार को मध्याह्न तक यातायात एकतरफा रूप से प्रभावित हो गया। दोपहिया और छोटी चार पहिया गाड़ी एकतरफा गुजर रही थी। सूचना मिलने के बाद आलमगंज थाना की पुलिस और पेसू ने मिलकर स्थानीय लोगों की मदद से उक्त पेड़ को काटकर किनारे हटवा दिया। हालांकि बीच से टूटे सीमेंटेड पोल को हटाया नहीं जा सका था। उसी की जगह दूसरा नया सीमेंटेड पोल गाड़ने के लिए लाया गया था। दोपहर के बाद इस पर काम शुरू हुआ। हालांकि किसी तरह से बिजली की आपूर्ति सुचारू कर दी गई। लोगों ने बताया कि शुक्रवार की रात तेज हवा के झोंके के साथ हुई तेज बारिश के कारण घाट की ओर से महज एक बांस की दूरी पर पूरब की ओर रहे पेड़ झटके के साथ गिर गया।

# जनता दरबार मे 08 मामले पर हुई सुनवाई



बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता

अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला, बख्तियारपुर एवं सलीमपुर थाना परिसर में भूमि विवाद निष्पादन हेतु आयोजित जनता दरबार में कुल 08 नए मामले आए। इस संबंध में जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी भास्कर कुमार मंडल ने बताया की शनिवार को आयोजित जनता दरबार में अथमलगोला में 03,बख्तियारपुर में 04 एवं सलीमपुर में 01 नए मामले आए।जिस पर सुनवाई हुई।कुल 05 मामले में दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति नहीं बनने के कारण वादों का निपटारा नहीं हो सका। इसके लिए अगली तिथि मुकर्रर की गई है।जबकि बख्तियारपुर में 02 तथा सलीमपुर थाना में 01 मामले का निष्पादन हुआ। अवसर पर थानाध्यक्ष सहित कई थाना पदाधिकारी एवं अंचल कर्मी मौजूद रहे।

# मंसूरगंज व महराजगंज की अनाज मंडी में हड़ताल

## अनाज पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगाने का कर रहे हैं विरोध

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




अनब्रांडेड खाद्यान्न (सभी प्रकार के अनाज) एवं अन्य खाद्य पदार्थ को जीएसटी के परिधि से बाहर रखने के लिए मंसूरगंज और महराजगंज का खाद्यान्न मंडी पूरी तरह बंद रहा। संघ की ओर से प्रतिष्ठान बंद कर धरना और प्रदर्शन किया गया। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, दिल्ली की ओर आहूत बंद का समर्थन करते हुए अनाज मंडी मसूरगंज व महाराजगंज के व्यापारियों ने शनिवार को मंडी बंद रख विरोध प्रदर्शन किया।

मसूरगंज खाद्यान्न व्यवसायी संघ के अध्यक्ष राजेश कानोडिया उर्फ टिंचू की अध्यक्षता में व्यापारियों ने धरना दिया। धरना में मुकेश कुमार उर्फ सूरज, गोल्डन कुमार, अखिलेश गुप्ता, सूरज कुमार, पिंटू कुमार, अनिल कुमार, संजय कुमार, संतोष, बंटी, मनीष, रितेश, रामप्रीत, मुकेश, विजय, मल्लू प्रसाद, श्रवण प्रसाद समेत अन्य कारोबारी शामिल हुए। महाराजगंज खाद्यान्न व्यवसायी संघ के अध्यक्ष जितेंद गुप्ता के नेतृत्व में कारोबारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इसमें संजय कुमार पप्पू, रवि कुमार, रवि शंकर, दिलीप सिंह, रंजीत गुप्ता व प्रिंस समेत अन्य शामिल हुए। आंदोलन पर उतरे व्यापारियों का कहना है कि जीएसटी कानून में हुए संशोधन के बाद से 18 जुलाई से खाद्य सामग्री के पैकेट पर पांच फीसदी जीएसटी लागू किया गया है। इससे गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार पर महंगाई की मार पड़ेगी। इसे वापस लेने की मांग की गई है। जितेंद गुप्ता ने बताया कि 28 एवं 29 जून, 22 को चंडीगढ़ में हुई जीएसटी काउन्सिल की बैठक में मानव जीवन का सर्वाधिक उपयोगी खाद्य सामग्री अनब्रांडेड खाद्यान्न (सभी प्रकार के अनाज) एवं अन्य खाद्य पदार्थों को जीएसटी के तहत 5 प्रतिशत करदेयता की श्रेणी में लाने का निर्णय लिया गया है, जो व्यापार एवं आमजनों के हितों के विरायूद्ध है।

उल्लेखनीय है कि उपरोक्त खाद्य सामग्री आवश्यक उपभोक्ता सामग्री की श्रेणी में आता है। इसका उपयोग गरीब से लेकर अमीर तक दिन में एक बार नहीं, बल्कि अनेक बार करते हैं। इसी तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व के व्यवस्था में उपरोक्त सामग्री को जीएसटी की परिधि से बाहर रखा गया था। किसी भी तरह के अप्रत्यक्ष कर का बोझ अन्ततोगत्वा उपभोक्ता को ही वहन करना पड़ता है।

एक ओर देश की जनता महंगाई से त्रस्त है, फिर खाद्यान्न एवं खाद्य पदार्थ को जीएसटी की परिधि में लाने से महंगाई का बोझ और बढ़ेगा तथा व्यवसायियों की परेशानी एवं अनुपालन खर्च बढ़ेगा। इससे देश के व्यवसायी आक्रोशित हैं।

## बाढ़ विधायक ज्ञानू ने जनता दरबार में सुनी फरियाद

**बाढ़।** विधानसभा क्षेत्र के जनता की समस्या का समाधान करने हेतु बाढ़ विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। विधायक ने जनता दरबार में पहुंचे लोगों की शिकायतें सुनी तथा उनकी शिकायतों के निवारण के लिए संबंधित लोगों से बात की गई। इस अवसर पर पंचायत तथा नगर परिषद के कई प्रतिनिधि पहुंचे। सभी ने अपनी अपनी बातों को विधायक के सामने रखा।जबकि बाढ़ की कुछ जनता जनार्दन का कहना है विधायक जी के जनता के दरबार में सिर्फ प्रतिनिधि और कुछ गिने-चुने लोग ही उपस्थित होते हैं। वास्तविक जो गांव की जनता है। नगर परिषद बाढ़ क्षेत्र की आम जनता है उसे मालूम तक नहीं होता कि विधायक जी का जनता दरबार भी लगता है बाढ़ की आम जनता अपनी समस्याओं के कारण इधर-उधर भटकते रहते हैं।बता दें कि शनिवार को विधायक जी का जनता दरबार का आयोजन डाक बंगला में किया जाता है। अपनी समस्याओं को अपने विधायक से बताने के लिए जनता को जागरूक होकर जनता दरबार में जाना चाहिए लेकिन वह तभी संभव होगा।

# शराब माफिया व डिलीवरी करने वाले सहित चार गिरफ्तार

## 1.70 लाख, 9एमएम का पिस्टल व 3 गोली बरामद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



बहादुरपुर थाना की पुलिस ने शराब माफिया व डिलीवरी करने वाला सहित समेत शराब माफिया को गिरफ्तार किया है। इस मामले में चार लोगों की गिरफ्तारी की गई है। थानाध्यक्ष योगेश चंद्र ने बताया कि संदलपुर निवासी शराब माफिया भीम साहनी उर्फ राजकुमार के घर पर छापेमारी की गयी। इस दौरान पुलिस ने वहां से मुसल्लहपुर हाट निवासी संजीव कुमार उर्फ कल्लू, आलमगंज के काजीबाग पटनदेवी मुहल्ला निवासी रिशु कुमार व मीरशिकार टोली का रहने वाला प्रभात कुमार को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार के घर से पुलिस ने 60 लीटर देसी शराब और दो लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया है। इसके साथ ही तलाशी के दौरान एक लाख 70 हजार रुपये भी बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि छापेमारी में पुलिस टीम को नाइन एमएम का एक पिस्टल, तीन गोली, चार मोबाइल फोन भी मिला है। थानाध्यक्ष के अनुसार मामले में पकड़े गये लोगों की निशानदेही पर छापेमारी के दौरान फरार लगभग एक दर्जन लोगों की तलाश में पुलिस टीम छापेमारी कर रही है। पकड़े गये लोगों में संजीव उर्फ कल्लू डिलिवरी ब्वाय का काम करता है। फिलहाल पुलिस टीम धंधे से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में भी छापेमारी कर रही है। इससे शराब के बड़े गैंग के उद्भेदन होने की संभावना जताई गई है। दूसरी ओर आलमगंज थाना की पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि राजा घाट से रवि चौधरी को 25 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। यह पूर्व में भी शराब के मामले में दो बार जेल जा चुका है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | @Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com | @Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें



### एटीएफ की कीमत में 2.2 प्रतिशत की कटौती

नई दिल्ली। विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में शनिवार को 2.2 प्रतिशत की कटौती की गई, जो अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में गिरावट को दशार्ती है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, एटीएफ के दाम में 3,084.94 रुपये प्रति किलोलीटर या 2.2 प्रतिशत की कटौती करके इसे 1,38,147.93 रुपये प्रति किलोलीटर कर दिया गया है। एटीएफ की कीमत में इस साल केवल दूसरी बार कटौती गई है। पिछले महीने इसकी कीमत 1,41,232.87 रुपये प्रति किलोलीटर (141.23 रुपये प्रति लीटर) के चरम पर पहुंच गई थी। एटीएफ के दाम पिछले पखवाड़े अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों के आधार पर हर महीने की पहली और 16वीं तारीख को संशोधित किए जाते हैं। इससे पहले एक जुलाई को कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

### एचडीएफसी बैंक का शुद्ध मुनाफा पहली तिमाही में 9,579 करोड़ रुपये हुआ

मुंबई। एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को बताया कि जून तिमाही में उसका शुद्ध मुनाफा 20.91 प्रतिशत बढ़कर 9,579.11 करोड़ रुपये हो गया। समीक्षाधीन अवधि में निजी क्षेत्र के इस सबसे बड़े ऋणदाता का शुद्ध मुनाफा एकल आधार पर एक साल पहले की अवधि के 7,729.64 करोड़ रुपये से बढ़कर 9,195.99 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, यह आंकड़ा मार्च तिमाही के 10,055.18 करोड़ रुपये के शुद्ध मुनाफे से कम है। बैंक की कुल आय एकल आधार पर एक साल पहले की समान अवधि के 36,771 करोड़ रुपये की तुलना में 41,560 करोड़ रुपये रही। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि उसका कुल व्यय इस दौरान 21,634 करोड़ रुपये से बढ़कर 26,192 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही के लिए कुल प्रावधान की जाने वाली राशि घटकर 3,187.73 करोड़ रुपये रह गयी, जो एक साल पहले की इसी अवधि में 4,830.84 करोड़ रुपये थी।

### वोडाफोन को 436 करोड़ रुपये के शेयर आवंटित करने की मंजूरी

नई दिल्ली। कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया के शेयरधारकों ने इसकी प्रवर्तक इकाई वोडाफोन समूह को 436.21 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयर आवंटित करने को अपनी मंजूरी दे दी है। कंपनी ने शुक्रवार शाम शेयर बाजारों को बताया कि मतदान परिणामों के अनुसार वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) के 99.94 प्रतिशत शेयरधारकों ने वोडाफोन समूह की फर्म यूरो पैसिफिक सिक्योरिटीज को शेयर आवंटित करने की मंजूरी दी। वोडाफोन समूह की कंपनी में फिलहाल 58.46 फीसदी हिस्सेदारी है और आदित्य बिड़ला समूह के पास 16.53 फीसदी हिस्सा है। कंपनी ने मार्च में वोडाफोन समूह से 3,375 करोड़ रुपये और आदित्य बिड़ला समूह से 1,125 करोड़ रुपये जुटाए थे।

# बैंकिंग के अलावा कृषि को सुगम, किसानों को समृद्ध बनाना भी सहकारी बैंकों का काम है : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) से कहा कि सहकारिता बैंकों को केवल बैंकिंग तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि खेती के विस्तार, उपज बढ़ाने पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषि को सुगम व किसानों को समृद्ध बनाने के लिए गांव-गांव में किसानों से संवाद कर उन्हें जागरूक बनाना भी एआरडीबी की ही जिम्मेदारी है।

शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने सहकारी क्षेत्र का डेटाबेस बनाने का काम शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सहकारी क्षेत्र का कोई भी एकीकृत डेटाबेस नहीं है और डेटाबेस नहीं होने पर क्षेत्र के विस्तार के बारे में नहीं सोचा जा सकता है। उन्होंने कहा, विस्तार तभी हो सकता है जब आप जानते हो कि विस्तार कहां करना है।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि सहकारी बैंकों को देश में सिंचिंत भूमि को बढ़ाने के उद्देश्य से कर्ज प्रदान करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, एआरडीबी सिंचाई परियोजनाओं और अन्य अवसंरचनाओं समेत कृषि क्षेत्र को लंबी अवधि के और कर्ज देने पर ध्यान दें।

शाह ने कहा कि छोटे किसानों के समक्ष आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए सहकारी बैंकों को इस बारे में सोचना चाहिए कि सहकारिता की भावना के साथ इस तरह के छोटे खेतों में किस तरह काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में 49.4 करोड़ एकड़ कृषि भूमि है, जो अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा है। यदि पूरी कृषि भूमि को सिंचित किया जाए तो भारत पूरी दुनिया का पेट भर सकता है।



**उत्साह**

**● शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने सहकारी क्षेत्र का डेटाबेस बनाने का काम शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सहकारी क्षेत्र का कोई भी एकीकृत डेटाबेस नहीं है**

एक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, यदि आप पीछे मुड़कर देखेंगे और सहकारिता संस्थानों के जरिए दीर्घकालिक ऋण की पिछले 90 वर्ष की यात्रा पर गौर करेंगे कि यह कैसे कम हुआ है तो आंकड़ों को देखने पर पाएंगे कि यह बढ़ा ही नहीं है। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक ऋण में कई बाधाएं हैं और अब समय आ गया है कि सहकारिता की भावना के साथ इन अवरोधकों से पार पाया जाए।

शाह ने कहा कि सहकारिता बैंकों को केवल बैंकों के तौर पर काम नहीं करना चाहिए बल्कि सिंचाई जैसी कृषि अवसंरचना की स्थापना जैसी अन्य सहकारी गतिविधियों पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि सहकारिता मंत्रालय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को बहुआयामी बनाने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा, हमने इसके लिए आदर्श उप-नियम बनाकर प्रदेशों में चर्चा के लिए भेजे है। सहकारिता के तत्व को बढ़ाते हुए हम 70-80 साल पुराने कानूनों को बदलकर पैक्स में नई-नई गतिविधियां जोड़ने काम कर रहे है।

शाह ने कहा, अनेक बैंकों ने नए-नए सुधार किए मगर वे सुधार बैंकों तक ही सीमित रह गए और उनका लाभ पूरे क्षेत्र को नहीं मिला। बैंक केंद्रित सुधार इस क्षेत्र को नहीं बदल सकते। अगर क्षेत्र में सुधार आएंगे तो सहकारिता अपने आप मजबूत हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से 70 साल में 64 लाख हेक्टेयर भूमि कृषि योग्य बनी, लेकिन प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 8 साल में 64 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि में वृद्धि हुई और कृषि का निर्यात पहली बार 50 अरब डॉलर को पार कर गया है। शाह ने कहा कि यह किसान कल्याण के प्रति मोदी सरकार की निष्ठा को दशार्ता है।

# 2024 में बहुप्रतीक्षित विंडोज 12 का अनावरण कर सकता है माइक्रोसॉफ्ट

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी



टेक दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट 2024 में विंडोज 12 जारी कर सकता है। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट विंडोज के लिए तीन साल के रिलीज चक्र में वापस जा रहा है, जिसका मतलब है कि विंडोज का अगला प्रमुख संस्करण अब 2024 में है। माइक्रोसॉफ्ट विंडोज को कैसे विकसित करता है, यह एक और बड़ा बदलाव है। कंपनी शुरू में अपने तीन साल के चक्र से 2015 में विंडोज 10 की रिलीज के साथ दूर चली गई, जिसने एक सेवा के रूप में विंडोज के विचार को प्राथमिकता दी।

एक नए विंडोज रिलीज में हर तीन साल में सुविधाओं की एक महत्वपूर्ण रिलीज के बजाय, विंडोज 10 को साल में दो बार बड़ी नई सुविधाओं के साथ अपडेट किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि विंडोज सेंट्रल का हवाला देते हुए माइक्रोसॉफ्ट के एक कर्मचारी द्वारा विंडोज 10 को विंडोज का अंतिम संस्करण के रूप में वर्णित करने के बाद, कई विंडोज पर नजर रखने वालों ने सोचा कि विंडोज 10 विंडोज की आखिरी बड़ी धमाकेदार रिलीज होगी। टेक दिग्गज ने उन टिप्पणियों को कभी खारिज नहीं किया और इसके बजाय उस समय कहा कि वे जिस तरह से विंडोज को एक सेवा के रूप में वितरित किया जाएगा, वह निरंतर तरीके से नए नवाचार और अपडेट ला रहा है। यह पिछले साल विंडोज 11 के साथ बदल गया और माइक्रोसॉफ्ट 10 और 11 दोनों के लिए वार्षिक अपडेट कैडेंस में चला गया। 2024 में विंडोज के अगले वर्जन के साथ, माइक्रोसॉफ्ट की अभी भी आने वाले वर्षों में विंडोज 11 को फ्रेश रखने की योजना है। सॉफ्टवेयर निमार्ता हाल के महीनों में विंडोज 11 के लिए बड़े वार्षिक अपडेट के अपने मूल वादे से दूर जा रहा है। एक बार तैयार होने के बाद मेजर सुविधाओं को शिप करना पसंद करेगा। अगला मेजर अपडेट, 22एच2, वर्तमान में माइक्रोसॉफ्ट द्वारा हाल ही में अंतिम रूप दिए जाने के बाद सितंबर या अक्टूबर में आने की उम्मीद है।

# मस्क ने ट्विटर के मुकदमे में तैयारी के लिए मांगा वक्त

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी



टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने ट्विटर के मुकदमे पर शुक्रवार को पलटवार किया जिसमें सोशल मीडिया कंपनी 44 अरब डॉलर के अधिग्रहण सौदे को पूरा करने के लिए दबाव बना रही है। खबरों में यह बात कही गई। डेलावेयर कोर्ट ऑफ चांसरी में दाखिल किए गए जवाब में मस्क के वकीलों ने आरोप लगाया कि ट्विटर ने फर्जी खातों के बारे में जानकारी नहीं दी है। ऐसा करने में देरी की गई, टालमटोल की और तकनीकी बाधाएं डालने की कोशिश हुई। उन्होंने अपने जवाब में ट्विटर के तत्काल सुनवाई के अनुरोध का भी विरोध किया और कहा कि ट्विटर से जानकारी हासिल करने और फर्जी खातों के विषय पर कई गवाहों को पेश करने में महीनों लगेंगे। इससे पहले ट्विटर ने इस सप्ताह की शुरूआत में मस्क पर 44 अरब डॉलर में कंपनी का अधिग्रहण पूरा करने का दबाव बनाने के लिए मुकदमा किया था। मस्क ने फर्जी खातों की सही जानकारी नहीं देने का आरोप लगाते हुए ट्विटर को 44 अरब डॉलर में खरीदने के समझौते को रद्द करने की घोषणा की थी। वहीं, दूसरी ओर ट्विटर ने कहा था कि वह इस सौदे को बरकरार रखने के लिए टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मस्क पर मुकदमा करेगी। ट्विटर के निदेशक मंडल के अध्यक्ष ब्रेट टेलर ने मंगलवार को ट्वीट करके बताया था कि एलन मस्क को उनके अनुबंध दायित्वों के लिए जवाबदेह बनाने के लिए डेलावेयर कोर्ट ऑफ चांसरी में मुकदमा दायर किया गया है। मस्क ने बीते शुक्रवार को कहा था कि कंपनी ट्विटर के फर्जी खातों की संख्या के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं दे सकी, जिसके चलते उन्होंने यह सौदा रद्द किया है।

# अंबुजा व एसीसी का 10.5 अरब डॉलर में टेकओवर करेंगे अडाणी

मुंबई, एजेंसी

एशिया के सबसे अमीर आदमी गौतम अडाणी सीमेंट कंपनी अंबुजा और एसीसी का टेकओवर करेंगे। अडाणी ग्रुप की ये डील 10.5 अरब डॉलर (करीब 81 हजार करोड़ रूपए) में हुई है। ये भारत के इंफ्रा और मटेरियल्स स्पेस में सबसे बड़ा अधिग्रहण है। ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी पिछले हफ्ते इस डील के संबंध में अबुधाबी और लंदन गए थे। अभी वे भारत लौट आए हैं।

एसीसी यानी एसोसिएटेड सीमेंट कंपनीज और अंबुजा पर मालिकाना हक होलसिम कंपनी का है। यह स्विट्जरलैंड की बिल्डिंग मटेरियल कंपनी है। एसीसी की शुरूआत 1 अगस्त 1936 को मुंबई से की गई थी। उस समय कई ग्रूप्स ने मिलकर इसकी नींव रखी थी। अंबुजा सीमेंट की स्थापना 1983 में नरोत्तम सेखसरिया और सुरेश नियोतिया ने की थी। इस टेकओवर की जानकारी देते हुए गौतम अडाणी ने ट्वीट कर कहा, भारत की कहानी में हमारा विश्वास अडिग है। भारत में होलसिम की सीमेंट कंपनियों को हमारी ग्रीन एनर्जी और लॉजिस्टिक्स के साथ मिलाने से ये हमें दुनिया की सबसे ग्रीनेस्ट सीमेंट कंपनी बना देगी।



**17 साल का कारोबार समेटेगी होलसिम:** होलसिम कंपनी ने भारत में 17 साल पहले कारोबार शुरू किया था। यह दुनिया की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी मानी जाती है। इस डील के बाद कंपनी भारत में अपना बिजनेस बंद कर सकती है। होलसिम ग्रुप की देश में दो सीमेंट कंपनियों अंबुजा सीमेंट और एसीसी लिमिटेड में हिस्सेदारी है। अंबुजा सीमेंट में होल्डरइंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के जरिए होलसिम की 63.19 और एसीसी में 54.53त्न की हिस्सेदारी है (जिसमें से 50.05अंबुजा सीमेंट्स के जरिए है)।

**रेगुलेटरी अप्रूवल के बाद पूरी होगी डील:** रेगुलेटरी अप्रूवल के बाद ये डील पूरी होगी। अंबुजा सीमेंट के लिए ओपन ऑफर प्राइस 385 रूपए प्रति शेयर और एसीसी के लिए ये 2300 रूपए प्रति शेयर है। होलसिम की अंबुजा सीमेंट में और एसीसी में स्टेक और ओपन ऑफर कंसीडरेशन की वैल्यू 10.5 अरब डॉलर है। होल्सिम लिमिटेड के सीईओ जॉन जेनिश ने कहा, मुझे खुशी है कि अडानी ग्रूप ग्रोथ के नेक्सट एरा को लीड करने के लिए भारत में हमारे कारोबार का अधिग्रहण कर रहा है।

# पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में शनिवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया, जिससे ईंधन के दाम स्थिर रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गयी है।

तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार दिल्ली में आज पेट्रोल का दाम 96.72 रुपये और डीजल का दाम 89.62 रुपये प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमशः 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर पर हैं। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर राज्यों में अलग-अलग हैं।

केंद्र सरकार ने मई के अंतिम सप्ताह में आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः आठ रुपये और छह रुपये प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। इससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से कम क्रमशः 9.5 रुपये और सात रुपये प्रति लीटर तक गिर गए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 101.16 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 1.87 प्रतिशत की बढ़त के साथ 97.57 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।



देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहे:-

| महानगर | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| | (रुपए प्रति लीटर) | |
| दिल्ली | 96.72 | 89.62 |
| मुंबई | 106.31 | 94.27 |
| कोलकाता | 106.03 | 92.76 |
| चेन्नई | 102.63 | 94.24 |

# सोनी ने गेम निर्माता बंगी का 3.6 अरब डॉलर का अधिग्रहण पूरा किया

नई दिल्ली, एजेंसी

जापानी दिग्गज सोनी ने डेस्टिनी के डेवलपर और बेहद लोकप्रिय हेलो फ्रेंचाइजी के मूल निमार्ता बंगी के 3.6 अरब डॉलर के अधिग्रहण को बंद कर दिया है। कंपनी ने शुक्रवार देर रात एक ट्वीट में कहा, बंगी का अधिग्रहण करने का समझौता पूरा हो गया है। इसलिए अब हम आधिकारिक तौर पर प्लेस्टेशन परिवार में इसका स्वागत कर सकते हैं।

सोनी-बंगी का अधिग्रहण अविश्वास जांच से बच गया, जबकि माइक्रोसॉफ्ट के 68.7 अरब डॉलर के कॉल ऑफ ड्यूटी निमार्ता एक्टिविजन ब्लिजार्ड के अधिग्रहण को यूएस, यूके और दक्षिण कोरिया में औपचारिक जांच का सामना करना पड़ रहा है। इसके सीईओ पीट पार्सन्स ने इस साल की शुरूआत में एक बयान में कहा था कि बंगी हमारे खेलों को स्वतंत्र रूप से प्रकाशित और रचनात्मक रूप से विकसित करना जारी रखेगा।




हेलो माइक्रोसॉफ्ट एक्सबॉक्स के प्रमुख फ्रेंचाइजी में से एक था, लेकिन कुछ सीक्वेल के बाद बंगी को एक स्वतंत्र कंपनी में बदल दिया गया था। 2013 में, बंगी ने डेस्टिनी गेम लॉन्च किया जो एक बड़ी हिट बन गई।

प्लेस्टेशन स्टूडियो के प्रमुख हरमन हुल्स्ट ने कहा, हम बंगी का स्वागत और समर्थन करने के लिए तैयार रहेंगे, क्योंकि वे बढ़ते रहेंगे और मैं यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि इस अविश्वसनीय टीम के लिए भविष्य क्या है।

बंगी का अधिग्रहण करने के बाद सोनी ने कहा कि उसकी मार्च 2026 तक 10 से अधिक नए लाइव सर्विस गेम लॉन्च करने की योजना है। बंगी का अगला आईपी, कोडनेम मैटर, चरित्र-आधारित गेमप्ले के साथ मल्टीप्लेयर एक्शन गेम होने की अफवाह है। बंगी ने पिछले साल कहा था कि इसका अगला आईपी 2025 से पहले लॉन्च होगा, लेकिन यह 10 में से सिर्फ एक गेम है और यूरोगैमर बताते हैं कि काम में कई और संकेत हैं।

# मेटा पर आरोप: प्लेटफॉर्म की थर्ड पार्ट की कार्रवाई से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता व ह्यूमन राइट को रिस्क

नई दिल्ली, एजेंसी

मेटा के प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक और वॉट्सऐप पर अभिव्यक्ति और सूचना की स्वतंत्रता का ध्यान नहीं देने का आरोप लगा है। रिपोर्ट में सामने आया है कि जब ये किसी थर्ड पार्टी की कार्रवाई करते हैं तो ह्यूमन राइट्स का ख्याल नहीं रखते हैं। साथ ही इनके बैन की वजह से नफरत और विरोध की भावना को बढ़ावा मिलता है।

ये रिपोर्ट मेटा के प्लेटफॉर्म से भारत और दूसरे देशों में ह्यूमन राइट रिस्क पर 2019 में शुरू किए गए एक स्वतंत्र मानवाधिकार प्रभाव मूल्यांकन पर आधारित है। HRIA में 40 सिविल सोसाइटी स्टेकहोल्डर, एकेडमिक्स और पत्रकारों के इंटरव्यू को शामिल किया गया है।

इसमें कंपनी और कंटेंट पॉलिसी के एक्सटर्नल स्टेकहोल्डर के बीच समझ के अंतर को भी नोट किया गया है। साथ ही इसमें यूजर्स की जानकारी का कम होना, कंटेंट की रिपोर्टिंग और कंटेंट को रिव्यू करने में कठिनाइयों और कई लैंग्वेज में कंटेंट पॉलिसी को लागू करने की चुनौतियों का जिक्र भी है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रोजेक्ट को मार्च 2020 में लॉन्च किया गया था। कोविड -19 की वजह से इसमें देरी हुई। जिसकी वजह से यह प्रोजेक्ट 30 जून, 2021 तक खत्म हो पाया।



**भारत में भी नफरत व झूठ फैला रहा फेसबुक:** पिछले साल आई कंपनी की एक अंदरूनी रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि भारत में फेसबुक फेक, भ्रामक खबरें और हिंसा फैलाने का माध्यम बन गया है। 'विरोधात्मक और नुकसानदेह नेटवर्क भारत एक केस स्टडीह्व नामक इस दस्तावेज को कंपनी के ही रिसर्चर ने तैयार किया था। इसके मुताबिक फेसबुक पर ऐसे कई ग्रुप व पेज चल रहे हैं, जो मुसलमानों व भारतीय समाज के कमजोर तबकों के खिलाफ काम कर रहे हैं।

फेसबुक की पूर्व कर्मचारी ने बताया कंपनी के ट्रेड टूल से हो रही ह्यूमन ट्रैफिकिंग, महिलाओं की उम्र और फोटो कीमत के साथ लिस्टेड, फेसबुक के गलत कामों की जानकारी दे रही यह रिपोर्ट उसकी पूर्व कर्मचारी फ्रांसेस हॉगेन ने फेसबुक के कई अहम डॉक्यूमेंट के साथ तैयार की थी। 2019 के आम चुनाव के बाद भी भारत पर ऐसी ही रिपोर्ट में फेसबुक ने झूठी खबरें फैलाने व व्यवस्था बिगाड़ने की पुष्टि हुई। उसके मुताबिक पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा देखे गए कंटेंट के 40% व्यू फर्जी थे। वहीं 3 करोड़ भारतीयों तक पहुंच रखने वाला अकाउंट अनधिकृत मिले।

# आरबीआई, बैंक इंडोनेशिया भुगतान प्रणाली में सहयोग बढ़ाने पर सहमत

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और बैंक इंडोनेशिया ने शनिवार को एक समझौता किया, जिसके तहत भुगतान प्रणाली और डिजिटल वित्तीय नवाचार में सहयोग बढ़ाया जाएगा।

इसके साथ ही दोनों पक्षों के बीच धन शोधन निवारण (एएमएल) तथा आतंकवाद के वित्तपोषण का प्रतिरोध (सीएफटी) जैसे क्षेत्रों में भी एक-दूसरे की मदद करने पर सहमति बनी है। दोनों केंद्रीय बैंकों ने आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए बाली में जी20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नर की बैठक के दौरान एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

आरबीआई ने एक बयान में कहा, इस एमओयू के साथ, आरबीआई और बीआई, दोनों केंद्रीय बैंक संबंधों को मजबूत करने और भुगतान प्रणाली, भुगतान सेवाओं में डिजिटल नवाचार और एएमएल-सीएफटी के लिए नियामक और पर्यवेक्षी ढांचे सहित सूचना और सहयोग के आदान-प्रदान को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।




एमओयू को नीतिगत संवाद, तकनीकी सहयोग, सूचनाओं के आदान-प्रदान और संयुक्त कार्य के जरिए लागू किया जाएगा।

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास और बीआई गवर्नर पेरी वारजियो की उपस्थिति में आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा और बीआई के डिप्टी गवर्नर डोडी बुडी वालुयो ने इस पर हस्ताक्षर किए।

इस मौके पर दास ने कहा, यह एमओयू हमारे संयुक्त प्रयासों को एक औपचारिक तंत्र के भीतर आगे बढ़ाने की दिशा में बढ़ाया गया कदम है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इस समझौते से दोनों देशों को अपनी वित्तीय प्रणालियों को सुलभ, समावेशी और सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी।

# पाक ने सीपीईसी ऊर्जा सौदों पर आईएमएफ को भरोसा दिया

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने आईएमएफ को भरोसा दिया है कि वह चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के बिजली संयंत्रों में शामिल चीनी निवेशकों से छूट पाने की कोशिश करेगा। एक मीडिया रिपोर्ट में शनिवार को कहा गया कि ये रियायत निवेश पर लाभ दर में कमी या ऋण चुकौती के पुनर्निर्धारण के रूप में हो सकती है।

सरकारी सूत्रों ने द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार को बताया कि पाकिस्तानी अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएस) के साथ एक कर्मचारी स्तर के समझौते को अंतिम रूप देने में एक अड़चन को दूर करने के लिए चीनी निवेशकों से रियायत पाने का भरोसा दिया। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को छह अरब डॉलर की ऋण सुविधा देने के लिए दोनों पक्षों ने इस सप्ताह एक प्रारंभिक कर्मचारी स्तर का समझौता किया।

रिपोर्ट में कहा गया कि अरबों डॉलर के सीपीईसी के तहत स्थापित बिजली उत्पादन संयंत्रों के खरीद समझौतों पर फिर से विचार करने का मुद्दा निकट भविष्य में खत्म होने वाला नहीं है। इमरान खान के नेतृत्व वाली पिछली सरकार ने भी पिछले साल जून में एक अन्य वैश्विक ऋणदाता विश्व बैंक से 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण हासिल करने के लिए इसी तरह का वादा किया था। अखबार की खबर में कहा गया कि इस बारे में टिप्पणी के अनुरोध पर वित्त मंत्रालय और आईएमएफ ने कोई जवाब नहीं दिया।




# लावा ने खूबसूरत डिजाइन के साथ किफायती सेगमेंट में ब्लेज लॉन्च किया

नई दिल्ली, एजेंसी

किफायती सेगमेंट में चीनी ब्रांडों को टक्कर देने के लिए घरेलू स्मार्टफोन निमार्ता लावा ने ब्लेज नामक एक नए स्मार्टफोन का अनावरण किया है जो ग्लास बैक डिजाइन के साथ आता है और इसमें ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप है। 8,699 रुपये का स्मार्टफोन मीडियाटेक हेलियो ए22 चिपसेट द्वारा संचालित है, जो 3 जीबी रैम और 64 जीबी इंटरनल स्टोरेज के साथ है। इसमें 10 वॉट टाइप-सी फास्ट चार्जर के साथ 5000 एमएएच की बैटरी है।

लावा ब्लेज एक डुअल-सिम मोबाइल है जो नैनो-सिम को स्वीकार करता है। यह ग्लास ब्लैक, ग्लास ब्लू, ग्लास ग्रीन और ग्लास रेड कलर में आता है। हमने कुछ समय के लिए डिवाइस की समीक्षा की और यहां बताया गया है कि इसने कैसा प्रदर्शन किया। डिजाइन के संदर्भ में स्मार्टफोन में स्लीक एजिस के साथ एक प्रीमियम दिखने वाला स्मूथ ग्लास बैक पैनल है और ग्लास हरा रंग डिवाइस में सुखदायक खिंचाव जोड़ता है। इसके अलावा, हमें ग्लॉसी रियर पैनल काफी आकर्षक लगा। वॉल्यूम और पावर टॉगल को दाहिने किनारे पर रखा गया है। इस बीच, एक माइक के साथ 3.5 मिमी हेडफोन जैक, एक टाइप-सी पोर्ट और एक स्पीकर ग्रिल को निचले किनारे पर रखा गया है और आपको सिम ट्रे बायें किनारे पर मिलेगी। बैक पैनल पर, टॉप सेंटर पर एक फिंगरप्रिंट सेंसर है, साथ ही बाईं ओर कैमरा मॉड्यूल है। स्मार्टफोन में 6.5 इंच का एचडी डिस्प्ले है, जिसका आस्पेक्ट रेशियो 20:9 है और इसमें होल-पंच डिजाइन है।

ब्राइट लाइट की स्थिति में भी हमने पाया कि स्क्रीन पर कंटेंट दिखाई दे रही थी, क्योंकि सूरज की रोशनी या तेज रोशनी हमारे देखने के अनुभव में बाधा नहीं डालती थी और जब हम स्क्रीन को विभिन्न कोणों से देखते थे तब भी रंग प्रजनन बरकरार रहता था। कैमरा डिपार्टमेंट की बात करें, तो स्मार्टफोन में एलईडी फ्लैश के साथ 13 एमपी एआई ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप है। इसमें सेल्फी या ऑनलाइन मीटिंग के लिए 8 एमपी का सेल्फी कैमरा है। अनुभव को बढ़ाने के लिए कैमरा ऐप कैमरा मोड और फिल्टर के साथ पहले से लोड होता है, जिसमें एचडीआर, पैनोरमा, पोर्ट्रेट, ब्यूटी और टाइम-लैप्स फोटोग्राफी शामिल हैं। प्रदर्शन के मामले में प्रोसेसर सामान्य उपयोग के लिए अच्छा साबित हुआ। स्मार्टफोन में लेटेस्ट सुरक्षा विशेषताएं जैसे फिंगरप्रिंट अनलॉक और फेस अनलॉक विकल्प भी हैं। इस स्मार्टफोन की अच्छी बात यह है कि इसमें 5,000 एमएएच की बड़ी बैटरी है, जो निश्चित रूप से यूजर्स को लुभाने वाली है। कहा जाता है कि यह एक बार चार्ज करने पर 40 घंटे तक का प्लेबैक टाइम और 25 दिनों का स्टैंडबाय टाइम देता है। इस्तेमाल करने पर हमने पाया कि यह एक उत्कृष्ट काम करता है, क्योंकि यह सामान्य उपयोग पर एक दिन में लगभग एक दिन तक चलता है, जिसमें मैसेजिंग, कॉलिंग, मेल, कुछ तस्वीरें क्लिक करना आदि शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सुचित्रा रमेश एलईटी एक्सेस में संयुक्त 42वें स्थान पर

नॉर्थ बेरविक। भारत की सुचित्रा रमेश ट्रस्ट गोल्फ लिंक्स सीरीज- द मुसेलबर्ग गोल्फ क्लब में लगातार दूसरे दौर में 78 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर है। एलईटी एक्सेस सीरीज के जरिए अनुभव हासिल करने की कोशिश कर रही 16 साल की सुचित्रा ने इस दौरान पांच बोगी, एक डबल बोगी और एक बर्डी लगाई। जर्मनी की चियारा नोजा ने इस दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेला और वह तालिका में शीर्ष पर है।

### वाणी और दीक्षा लेडीज यूरोपीय टूर में संयुक्त तीसरे स्थान पर

नीदरलैंड। भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर और वाणी कपूर बिग ग्रीन एग ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर चल रही हैं। पहले दौर में 70 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा ने दूसरे दौर में 71 का कार्ड खेला। वाणी ने दूसरे दौर में 70 का कार्ड बनाया। दोनों अब पांच अंडर पर हैं। दोनों शीर्ष पर चल रहीं विटने हिलियर से तीन शॉट पीछे हैं जो आठ अंडर पर हैं। अन्य भारतीयों में अमनदीप द्राल संयुक्त 30वें और रिद्धिमा दिलावड़ी संयुक्त 45वें स्थान से कट हासिल करने में सफल रहीं। नेहा त्रिपाठी कट से चूक गयीं।

### अदिति और पाजारी की जोड़ी संयुक्त 18वें स्थान पर

मिडलैंड। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और थाईलैंड की पाजारी अनानारूकर्ण की जोड़ी ने यहां एलपीजीए टूर की टीम स्पर्धा डॉउ ग्रेट लेक्स बे आमंत्रण टूर्नामेंट के तीसरे दौर में एक अंडर का कार्ड खेलने के बाद चार स्थान के सुधार के साथ संयुक्त 18वें पायदान पर पहुंच गयी। पिछले साल इस टूर्नामेंट में संयुक्त तीसरे स्थान पर रही इस जोड़ी ने 17वें और 18वें होल दो बर्डी लगाये। 54 होल (तीन दौर) के खेल के बाद उनका कुल स्कोर सात अंडर है। अमेरिका की जेनिफर कुपचो और लिजेट सलास की जोड़ी कुल 17-अंडर के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर है। इस जोड़ी के पास चार शॉट की बढ़त है।

### जेहान दारुवाला मैकलारेन के साथ दूसरी बार एफवन कार में करेंगे अभ्यास

मुंबई। भारत के जेहान दारुवाला अगले सप्ताह पुर्तगाल में पोर्टिमाओ ट्रैक पर पूर्व चैंपियन मैकलारेन के साथ दो दिन के अपने दूसरे फामूर्ला वन अभ्यास में भाग लेंगे। यह अभ्यास सत्र 18 और 19 जुलाई को होंगे जिसमें 23 साल के जेहान एक बार फिर 2021 की रेस विजेता कार एमसीएल 35 एम को ड्राइव करेंगे। जेहान ने पिछले महीने ब्रिटेन की इस टीम के साथ अपने पहले फॉमूर्ला वन अभ्यास के दौरान सिल्वरस्टोन ट्रैक पर 130 लैप पूरे किये थे और इस दौरान उन्होंने अपनी फिटनेस से प्रभावित किया था। जेहान मौजूदा समय में फीडर सीरीज फामूर्ला टू में हिस्सा लेते हैं और वह रेड बुल जूनियर टीम का हिस्सा हैं। जेहान का समर्थन करने वाली मुंबई फालकॉन ने यहां जारी विज्ञप्ति में उनके हवाले से कहा, मैं सिल्वरस्टोन में अभ्यास के बाद काफी आत्मविश्वास के साथ यहां आया हूं। मेरा सपना हमेशा फामूर्ला वन में रेस करने का रहा है। मैं यह मौका देने और मुझे आगे बढ़ने में समर्थन देने के लिए रेड बुल और मैकलारेन दोनों का शुक्रगुजार हूं।

# विराट आराम लेने में भी चैंपियन



नई दिल्ली, एजेंसी

विराट कोहली का नाम सफलता का पर्यायवाची माना जाता है। बेहद कामयाब बल्लेबाज। बेहद सफल कप्तान, लेकिन अब विराट कोहली के नाम का मतलब आराम हो गया लगता है। हर साल कई बार हमें खबर मिलती है कि फलां सीरीज से विराट कोहली को आराम दे दिया गया है। ताजा मामला वेस्टइंडीज दौरे का है। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज खत्म करने के बाद भारतीय टीम वेस्टइंडीज जाएगी। वहां पहले तीन वनडे मैच खेले जाएंगे और फिर पांच टी-20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज होगी। वहां होने वाले वनडे मैचों से कई अहम खिलाडियों को ब्रेक दिया गया, लेकिन अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए सिलेक्टर्स चाहते थे कि वेस्टइंडीज में होने वाली टी-20 सीरीज में फुल स्ट्रेंथ भारतीय टीम उतरे, लेकिन नहीं। कोहली को आराम चाहिए था। उन्हें आराम दे भी दिया गया है।

भारत के 23 मैचों में कोहली नदारद विराट कोहली 2015 में टेस्ट टीम के कप्तान बने। 2017 से वे वाइट बॉल क्रिकेट में भी कप्तान बना दिए गए। इसलिए हमने विराट के आराम लेने के सिलसिले का विश्लेषण 2015 से ही किया है। 1 जुलाई 2015 से भारतीय टीम ने 311 इंटरनेशनल मैच खेले। इनमें से 73 मुकाबलों में विराट नदारद रहे। यानी, इस दौरान वे भारत के करीब एक चौथाई (23) मैचों में नहीं खेले। कुछ मौकों पर चोटिल रहने के कारण उन्हें बाहर रहना पड़ा, लेकिन ज्यादातर अवसर पर वे आराम लेने या दिए जाने के कारण उपलब्ध नहीं थे। अच्छी बात यह कि विराट के आराम का निगेटिव असर नहीं बेस्ट बल्लेबाज आराम ले तो टीम पर बुरा असर होना चाहिए, लेकिन भारतीय क्रिकेट की ताकत अब ऐसी हो गई है कि विराट कोहली के आराम का कोई निगेटिव इम्पैक्ट नहीं पड़ता है। उल्टा भारतीय टीम की जीत की दर और भी बढ़ जाती है। विराट के होने से भारतीय टीम जितने मुकाबले जीतती है उनके न होने से इसमें 17 का इजाफा हो जाता है। टी-20 इंटरनेशनल को नहीं देते हैं अहमियत वैसे तो विराट ने पिछले सात साल में तीनों फॉर्मेट के मैचों से आराम लिया है, लेकिन टी-20 इंटरनेशनल से वे कुछ ज्यादा ही ब्रेक ले रहे हैं। आईपीएल भी टी-20 फॉर्मेट में होता है, लेकिन वहां विराट कोई ब्रेक नहीं लेते हैं, लेकिन जुलाई 2015 से अब तक वे भारत के 45 टी-20 इंटरनेशनल मैचों से ब्रेक ले चुके हैं। इस दौरान टीम इंडिया ने 116 टी-20 मैच खेले हैं। यानी विराट करीब 38 मुकाबलों से नदारद रहे हैं। इसके बाद वनडे का नंबर आता है। जुलाई 2015 से वे करीब 22 वनडे इंटरनेशनल और करीब 10 टेस्ट मैचों से दूर रहे हैं। 36 ऑलआउट को बाद टीम को छोड़ आए थे, फिर भी टीम ने रचा इतिहास विराट के साथ न होने के बावजूद टीम इंडिया ने एक से बढ़कर एक जीत हासिल की है।

### विराट ने विडीज दौरे से खुद ब्रेक लिया

**मुंबई।** खराब दौर से गुजर रहे विराट कोहली की टीम में जगह को लेकर एक्सपर्ट और पूर्व क्रिकेटर सवाल उठे रहे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में उनका नाम न होने से एक बार फिर ये मुद्दा गर्म हो चुका है। हालांकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने कोहली की अनुपस्थिति को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है लेकिन मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने खुद आराम के लिए बोर्ड से अनुरोध किया था। टी20 टीम की आधिकारिक घोषणा होने से पहले ही ये रिपोर्ट सामने आ गई थी कि कोहली और बुमराह आराम लेना चाहते थे। बुमराह को वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया गया है, जबकि चयनकताओं का कोहली को आराम देने का कोई इरादा नहीं था। लेकिन 33 वर्षीय विराट ने बीसीसीआई से सीरीज से बाहर रहने के लिए कहा था। बोर्ड की शुरूआती योजना कोहली सहित सबसे मजबूत संभावित टीम का चयन करने की थी, लेकिन बल्लेबाज को छोडने का फैसला लेना पड़ा।

# काउंटी टीम केंट के लिए आठ मैच खेलेंगे नवदीप सैनी

केंट, एजेंसी



भारतीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी मौजूदा सत्र के दौरान इंग्लैंड की काउंटी टीम केंट के लिए आठ मैच खेलेंगे। सैनी अपनी पसंदीदा शर्ट नंबर 96 पहनेंगे और राहुल द्रविड़ के नक्शेकदम पर चलते हुए काउंटी के लिए खेलने वाले दूसरे भारतीय टेस्ट क्रिकेटर बनेंगे। सैनी, इस महीने की शुरूआत में बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ अपने पांचवें टेस्ट से पहले भारतीय टीम के लिए नेट गेंदबाज थे। केंट ने अपनी वेबसाइट पर घोषणा की, केंट क्रिकेट को भारत के अंतरराष्ट्रीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी को तीन काउंटी चैंपियनशिप और पांच रॉयल लंदन कप मैचों के लिए अनुबंधित करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो वीजा और नियामक अनुमोदन के अधीन है।

अगस्त 2019 में भारत के लिए अपना टी-20 पदार्पण करने के बाद 29 वर्षीय सैनी ने खेल के सभी प्रारूपों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। केंट काउंटी ने भारत के रिजर्व पेसर सैनी की जमकर तारीफ की है। केंट ने कहा, विश्व क्रिकेट में शीर्ष पांच सबसे तेज भारतीय गेंदबाजों में से एक सैनी 95 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकने में सक्षम हैं और उन्होंने 2.92 की आर्थिक दर और 28.80 की औसत से 148 प्रथम श्रेणी विकेट लिए हैं। केंट क्रिकेट में शामिल होने पर सैनी ने कहा, यह काउंटी क्रिकेट खेलने का एक शानदार मौका है और मैं केंट के लिए अपना सब कुछ देने के लिए उत्सुक हूं।

केंट के क्रिकेट निदेशक और पूर्व कीपर पॉल डाउटन ने कहा, एक साल में जब विकेट लेना मुश्किल हो गया है, हम अपनी टीम में नवदीप की गुणवत्ता के तेज गेंदबाज को जोड़ने का अवसर पाकर उत्साहित हैं।

# सीओए ने संविधान का मसौदा सुप्रीम कोर्ट को सौंपा

नई दिल्ली, एजेंसी




अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की प्रशासकों की समिति (सीओए) ने महासंघ के नये संविधान का मसौदा उच्चतम न्यायालय के समक्ष स्वीकृति के लिये प्रस्तुत किया है। एआईएफएफ ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय ने बुधवार, 18 मई को एआईएफएफ के पूर्व अध्यक्ष प्रफुल पटेल को महासंघ से बाहर का रास्ता दिखाते हुए उनकी जगह सीओए को नियुक्त किया था। उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में संचालित इस समिति को महासंघ का नया संविधान तैयार करने की जिम्मेदारी भी दी गयी थी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के कार्यवाहक महासचिव सुनंदो धर ने इसकी जानकारी देते हुए कहा, विभिन्न हितधारकों के साथ लंबी चर्चा के बाद, एआईएफएफ के संविधान का मसौदा आखिरकार माननीय अदालत को सौंप दिया गया है। मैं इस प्रक्रिया में शामिल सभी लोगों को बधाई देना चाहता हूं और आशा करता हूं कि हम नए संविधान के साथ भारतीय फुटबॉल के विकास के लिये काम कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने सीओए को संविधान को अपनाने में मदद करने और एआईएफएफ के चुनाव जल्द से जल्द कराने के उद्देश्य से मतदाता सूची तैयार करने का निर्देश दिया था। सीओए ने तब से संविधान का मसौदा तैयार करते हुए 150 घंटे से अधिक काम किया है और राज्य संघों, फीफा, एएफसी, हीरो आईएसएल और हीरो आई-लीग क्लबों सहित एआईएफएफ के सभी हितधारकों से बात की है और उनके द्वारा भेजे गए सुझावों पर विचार किया है। सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति एआर दवे, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ एसवाई कुरैशी और भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान भास्कर गांगुली की तीन सदस्यीय समिति ने शुक्रवार, 15 जुलाई को उच्चतम न्यायालय के सामने संविधान का प्रतिलेख प्रस्तुत किया।

# भारतीय जीएम अरविंद चिदंबरम ने स्पेन में शतरंज टूनार्मेंट जीता

बेनास्क (स्पेन), एजेंसी



भारतीय ग्रैंडमास्टर (जीएम) अरविंद चिदंबरम यहां टाई-ब्रेक स्कोर के आधार पर आर्मेनिया के रॉबर्ट होवननिस्यान और हमवतन रौनक साधवानी को पछाड़कर 41वें विला डी बेनास्क अंतरराष्ट्रीय शतरंज ओपन के विजेता बने। चिदंबरम, होवननिस्यान और साधवानी सात अन्य खिलाड़ियों के साथ 10 दौर के मुकाबले में आठ अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन चिदंबरम ने हालांकि बेहतर टाई-ब्रेक स्कोर के आधार पर खिताब अपने नाम किया। साधवानी अर्मेनिया के खिलाड़ी के बाद तीसरे स्थान पर रहे। चिदंबरम ने लगातार चार जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया लेकिन उन्हें इसके बाद दो मुकाबले ड्रॉ खेलने पड़े। आठवें दौर में चेक गणराज्य के जीएम वोजटेक प्लाट के हाथों हार से उन्हें झटका लगा लेकिन 22 साल के इस खिलाड़ी ने आखिरी दो दौर में मार्कोस लियानेस गार्सिया (स्पेन) और अर्मेनिया के जीएम करेन मूवस्जाजियान पर जीत के साथ शानदार वापसी की। सत्रह वर्षीय साधवानी 10 दौर तक अजेय रहे।

उन्होंने छह मुकाबलों में जीत दर्ज की जबकि चार मुकाबले ड्रॉ रहे। टाई-ब्रेक स्कोर के कम होने के कारण वह खिताब से चूक गये।

# राष्ट्रमंडल खेलों में बेहतर करेगी टीम : लालरेम्सियामी

टेरासा (स्पेन), एजेंसी

भारत की युवा महिला हॉकी टीम फारवर्ड लालरेम्सियामी एफआईएच महिला विश्व कप स्पेन और नीदरलैंड 2022 में टीम के प्रदर्शन से निराश हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि खिलाड़ी गलतियों पर काम करेंगी और बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में मजबूत वापसी करेंगी। गोलकीपर सविता की अगुआई में भारत विश्व कप में नौवें स्थान पर रहा, उसने इंग्लैंड (1-1) और चीन (1-1) के खिलाफ दो ड्रॉ दर्ज किए और पूल चरण में न्यूजीलैंड से 3-4 से हार गया। उन्हें क्रॉसओवर गेम में स्पेन से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा, इस प्रकार वे प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल चरण के लिए क्वालीफाई करने से चूक गए। हालांकि, टीम ने कनाडा को 1-1 (3-2 शूटआउट) और जापान को 3-1 से हराकर टूर्नामेंट में नौवां स्थान हासिल किया। भारत 29 जुलाई से बर्मिंघम खेलों में अपना अभियान शुरू कर रहा है। लालरेम्सियामी ने कहा, हम परिणाम से निराश हैं। मुझे लगता है कि हम बेहतर कर सकते थे, लेकिन अंत में आपको अभियान से कुछ सीखने को मिला है, जिस पर ध्यान केंद्रित करने और आगे बढ़ने की जरूरत है। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, हमने सभी छह विश्व कप मैचों में भाग लिया, वह कुछ और गोल कर सकती थीं, लेकिन योजना के अनुसार चीजें नहीं हुईं। उन्होंने पूल चरण के मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक गोल किया। उन्होंने आगे बताया, मुझे गोल करने के अवसर मिले, लेकिन उन्हें हम गोल में नहीं बदल पाए और दूसरी टीम बाजी मार ले गई।

# मुंबई ने अल्टीमेट खो-खो के लिए एक अच्छी और संतुलित टीम तैयार की : कोच

पुणे, एजेंसी




मुंबई खिलाड़ीज ने 14 अगस्त से शुरू होने वाले अल्टीमेट खो-खो (यूकेके) के पहले संस्करण के लिए एक 24 सदस्यीय मजबूत टीम तैयार कर ली है। मुंबई फ्रेंचाइजी का सह-स्वामित्व पुनीत बालन, रैपर बादशाह और जाह्नवी धारीवाल बालन के पास है। गुरुवार को पुणे में आयोजित प्लेयर ड्राफ्ट में मुम्बई खिलाड़ीज ने एक अच्छी तरह से संतुलित टीम चुनी और अब वह लीग में अपना दमखम दिखाने के लिए उत्सुक है।

मुंबई खिलाड़ीज की टीम में मिलिंद कुर्पे, दुर्वेश सालुंके, रजत मलिक, रोहन कोरे, रोहित वर्मा, राहुल सावंत, विसाग एस, अविक सिंघा, हरीश मोहम्मद, श्रीजेश एस, सौरभ अहीर, देवेंद्र डागुर, विजय हजारे, श्रीबिन केपी, गौरव, फैजानखा पठान, गौरव कांडपाल, श्रीजिन जे, अभिषेक पाथरोड, अभिषेक एमएस, उमर अहमद राठर, गजानन शेंगल, बिचु एसएस और राजेश कुमार शामिल हैं। टीम संयोजन के बारे में पूछे जाने पर मुंबई खिलाड़ीज टीम के मुख्य कोच राजेंद्र साप्ते ने कहा, हम अपनी टीम संयोजन से खुश हैं। हमारी टीम ने कुछ अच्छे खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ा है। हमने अपनी टीम में युवाओं को लेने पर ध्यान केंद्रित किया है। हालांकि, अच्छी तरह से संतुलित टीम के निर्माण के लिए हमने कुछ वरिष्ठ खिलाड़ियों को भी अपने साथ जोड़ा है। हम जानते हैं कि जूनियर खिलाड़ियों को सीनियर खिलाड़ियों से सीखने का मौका मिलेगा। टीम में शामिल कुछ वरिष्ठ खिलाड़ियों के बारे में मुख्य कोच ने कहा, हमारे साथ कुछ वरिष्ठ खिलाड़ी हैं। जैसे रेलवे से विजय हजारे, महाराष्ट्र से मिलिंद कुर्पे, महाराष्ट्र के गजानन शेंगल और श्रीजेश एस, जो रेलवे के लिए भी खेलते हैं। हर कोच चाहता है कि उसके खिलाड़ी अच्छी तकनीक का प्रदर्शन करें और अच्छा प्रदर्शन करें, लेकिन मैं चाहता हूं कि मेरे सभी खिलाड़ी यह सुनिश्चित करें कि वे टीम में अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारियों का भी ख्याल रख रहे हैं।

**खिलाड़ी**

- यह भारत में खिलाड़ियों और खेल के लिए एक अच्छा मंच होगा

खो खो कोचिंग में 20 साल से अधिक का अनुभव रखने वाले सस्ते ने खो-खो के लिए अल्टीमेट खो-खो के महत्व के बारे में भी बात की। साप्ते ने कहा, खो-खो के विकास के लिए अल्टीमेट खो-खो की जरूरत थी। यह भारत में खिलाड़ियों और खेल के लिए एक अच्छा मंच होगा। लीग तकनीक के उपयोग के साथ खिलाड़ियों के आंकड़ों का एक डेटाबेस बनाने में भी मदद करेगी। अगर हम नम्बर के आधार पर हर खिलाड़ी के प्रदर्शन का विश्लेषण करें, तो यह भविष्य में खेल के लिए अच्छा होगा।

# सिंधू सिंगापुर ओपन के फाइनल में

सिंगापुर, प्रातः किरण संवाददाता



भारतीय शटलर पीवी सिंधू ने शनिवार को यहां महिला एकल सेमीफाइनल में जापान की निचली रैंकिंग पर काबिज साएना कावाकामी पर शानदार जीत से सिंगापुर ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने इस साल सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय और स्विस ओपन में दो सुपर 300 खिताब अपने नाम किये हैं। उन्होंने 32 मिनट तक चले सेमीफाइनल में 21-15 21-7 से जीत दर्ज की।

हैदराबाद की 27 साल की सिंधू ने इस साल एशियाई चैम्पियनशिप में भी कांस्य पदक जीता था। अब वह 2022 सत्र के अपने पहले सुपर 500 खिताब से महज एक जीत दूर हैं। रविवार को होने वाले फाइनल में तीसरी वरीय सिंधू का सामना जापान की अया ओहोरी और चीन की वांग झि यि के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मैच की विजेता से होगा। सिंधू का जापानी खिलाड़ी के खिलाफ मैच से पहले जीत का रिकॉर्ड 2-0 था और दोनों के बीच अंतिम मुकाबला 2018 चाइना ओपन में खेला गया था। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू दुनिया की 38वें नंबर की खिलाड़ी कावाकामी पर पूरी तरह से शिकंजा कसे हुए थीं। कावाकामी ने इस एकतरफा मुकाबले में कई गलतियां कीं। सिंधू ने शुरू से ही ताकतवर स्मैश लगाने शुरू कर दिये और इस भारतीय ने ब्रेक तक तीन अंक की बढ़त बना ली।

24 साल की जापानी खिलाड़ी ने बराबरी हासिल करने के लिये शटल मुश्किल जगह पर पहुंचाना शुरू किया। मैच तब दिलचस्प हो गया जब दोनों खिलाड़ी हर अंक के लिये मशक्कत कर रही थीं। सिंधू ने इस दौरान दो वीडियो रैफरल भी जीते जिससे वह 18-14 से आगे थीं। फिर एक ताकतवर स्मैश और कावाकामी की दो सहज गलतियों ने सिंधू को शुरूआती गेम आसानी से जीतने में मदद की। कावाकामी का जूझना दूसरे गेम में भी जारी रहा, वह शटल पर नियंत्रण नहीं कर पा रही थीं और 0-5 से पिछड़ रही थीं। सिंधू ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को रैलियों में उलझाया और संयम के साथ उसे गलतियां करने के लिये इंतजार किया। सिंधू जल्द ही 11-4 के ब्रेक के बाद 17-5 से आगे हो गयीं। जापानी खिलाड़ी के पास सिंधू के फॉरहैंड का कोई जवाब नहीं था जिससे यह भारतीय खिलाड़ी 19-6 से बढ़त बनाये थी। सिंधू के बेसलाइन के तेज तर्रार स्मैश को प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी इसे नेट पर अड़ाने के बाद शटल बाहर गिरा बैठीं और भारतीय खिलाड़ी ने मुठ्ठियां भींचकर अपनी जीत जाहिर की।

# तलवारबाजी विश्व चैम्पियनशिप: करण सिंह शानदार जीत के साथ दूसरे दौर में

काहिरा, एजेंसी

युवा तलवारबाज करण सिंह ने शनिवार को यहां तलवारबाजी विश्व चैंपियनशिप के पुरुषों की सेबर स्पर्धा में शुक्रवार को यहां जापान के माओ कोकुबो को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। टूर्नामेंट में 61वीं वरीयता प्राप्त 23 साल के इस भारतीय तलवारबाज ने 14वीं वरीयता कोबुको को शुरूआती दौर में 15-11 से शिकस्त दी। अंतरराष्ट्रीय तलवारबाजी महासंघ की रैंकिंग में 90वें स्थान पर काबिज करण ने इससे पहले क्वालीफाइंग दौर के छह मुकाबलों में से तीन में जीत के साथ मुख्य दौर में जगह बनायी थी। अंतिम 64 (दूसरा दौर) में उनका सामना गत चैंपियन और दक्षिण कोरिया के दुनिया के चौथे नंबर के ओह संगुक से होगा। उनके अलावा कोई भी अन्य भारतीय खिलाड़ी मुख्य दौर में जगह नहीं बना सका। गिशो निधि (72वें), अभय कृष्णा (87वें) और विशाल (89वें) की चुनौती क्वालीफायर दौर के आगे नहीं बढ़ सकी।

महिलाओं के एपी स्पर्धा में तनिष्का खत्री ने क्वालीफायर में पांच में से चार मुकाबले को जीत कर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। उन्हें हालांकि मुख्य दौर के शुरूआती मुकाबले (अंतिम 128) में डोमिनिका की वायलेट पेगुएरो से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी ने पेगुएरो को कड़ी टक्कर दी लेकिन वह 14-15 से हार गयी। तनिष्का 69वें स्थान पर रही। एना अरोड़ा और मुमताज क्वालिफायर से बाहर हो गईं। वे क्रमशः 96वें और 147वें स्थान पर रहीं।

# एफटीपी कैलेंडर में आईपीएल को ढाई महीने की जगह

दुबई, एजेंसी




अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को लगभग ढाई महीने का समय मिला है। 2023-2027 के इस चक्र में दो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप, आईसीसी के अन्य इवेंट और कई द्विपक्षीय सीरीज होंगी। हालांकि इस दौरान टीमों को अवकाश का बहुत कम ही समय मिलेगा।

क्रिकइंफो को मिली जानकारी के अनुसार हर साल मार्च के अंतिम सप्ताह से जून के पहले सप्ताह तक आईपीएल के लिए विंडो दी गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने भी इसके संकेत दिए थे। 2023 से आईपीएल 10 टीमों के बीच होगी और 60 की बजाय कुल 74 मैच खेले जाएंगे। इसके अलावा हर दो साल पर कम से कम 10 मैच बढ़ाए जाने का भी प्रावधान है। 2023 और 2024 में 74 मैच, 2025 और 2026 में 84 और 2027 तक हर साल 94 आईपीएल मैच खेले जाने की संभावना है। वहीं जब इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में क्रमशः द हंड्रेड और बिग बैश लीग (बीबीएल) होगा तब दोनों टीमें अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलेंगी। हालांकि इस दौरान अन्य टीमें क्रिकेट खेलती रहेंगी और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट पूरी तरह से नहीं रूकेगा। इसी तरह कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) और बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के दौरान भी क्रमशः वेस्टइंडीज और बांग्लादेश में भी कोई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं होगा। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के नई टी20 लीग के लिए भी 2025 और 2026 में जगह तो खाली है, लेकिन 2024 और 2027 में उन्हें इस दौरान कुछ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट भी खेलना होगा। वहीं पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के लिए भी 2023, 2024 और 2026 में जगह दी गई है, लेकिन 2024-25 में उन्हें पीएसएल के दौरान ही इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज भी खेलनी होगी।

इसके बाद उन्हें न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी एक त्रिकोणीय वनडे श्रृंखला की मेजबानी करनी है। हालांकि फरवरी-मार्च 2025 में ही पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करनी है, जो कि 1996 विश्व कप के बाद उनका पहला आईसीसी इवेंट होगा। 25 और 26 जुलाई को बर्मिंघम में होने वाले आईसीसी की सालाना मीटिंग के बाद इस एफटीपी को औपचारिक तौर पर सार्वजनिक रूप से प्रकाशित किया जाएगा।

# स्टर्लिंग और टेक्टर का शतक बेकार न्यूजीलैंड ने आयरलैंड को 1 रन से हराया

डबलिन, एजेंसी

पॉल स्टर्लिंग और हैरी टेक्टर के शानदार शतकों के बावजूद, तीन मैचों की श्रृंखला के तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में आयरलैंड को न्यूजीलैंड के खिलाफ एक रन से हार का सामना करना पड़ा।

इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने आयरलैंड पर 3-0 से क्लीन स्वीप किया। तीन मैचों की यह श्रृंखला काफी करीबी रही और आयरलैंड ने न्यूजीलैंड को करीबी टक्कर दी। आयरलैंड की टीम पहला मुकाबला 1 विकेट और आखिरी 1 रन से हारी। तीसरे एकदिनी में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 360 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। न्यूजीलैंड की तरफ से मार्टिन गप्टिल ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 115 रन बनाए, जबकि हेनरी निकोल्स ने 79 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली।

आयरलैंड की तरफ से जोश लिटिल ने 84 रन देकर 2 विकेट लिया। 361 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरिश टीम पॉल स्टर्लिंग (120 रन, 103 गेंद, 14 चौके, 5 छक्के) और हैरी टेक्टर (108 रन, 106 गेंद, 7 चौक और 5 छक्के) के बेहतरीन शतक के बावजूद 50 ओवर में 9 विकेट पर 359 रन ही बना सकी और एक रन से मैच हार गई। न्यूजीलैंड की तरफ से मध्यम गति के गेंदबाज मैट हेनरी ने 68 रन देकर 4 विकेट लिए।

## संक्षिप्त खबरें

### गहरे चोटों की वजह से हुई इवाना ट्रंप की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहली पत्नी इवाना ट्रंप के धड़ में लगी गहरे चोटों की वजह से उनकी मृत्यु हुई है। न्यूयॉर्क के चिकित्सकों ने यह जानकारी दी। डोनाल्ड जूनियर, इवांका और एरिक ट्रंप की मां इवाना गुरुवार को न्यूयॉर्क सिटी में स्थित अपने घर में मृत पाई गई थीं। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग ने गुरुवार को कहा कि ऐसा नहीं मालूम पड़ता है कि उनकी मृत्यु किन्हीं आपराधिक कारणों से हुई होगी। न्यूयॉर्क टाइम्स ने कानून प्रवर्तन के दो अधिकारियों के हवाले से कहा कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या वह अपने अपर ईस्ट साइड स्थित घर में सीढ़ियों से गिर गई थी।

### न्यूजीलैंड में कोरोना संक्रमण के 9,241 नये मामले दर्ज

वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 9,241 नये मामले सामने आये हैं, ये सभी स्थानीय रूप से संचारित मामले हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। न्यूजीलैंड में पिछले एक हफ्ते से स्थानीय रूप से संचारित मामले औसत 9,984 रहे हैं। मंत्रालय ने इस दौरान 761 कोरोना मरीजों के अस्पतालों में उपचाराधीन होने की भी जानकारी दी है। इनमें से 15 मरीज गहन चिकित्सा विभाग में भर्ती हैं। इस दौरान 29 मौतें भी सामने आई हैं। इसके अलावा, देश में कोरोना के 308 मामले ऐसे हैं, जो विदेशों से आए संक्रमित लोगों में पाये गये हैं। हाल के दिनों में यहां मामलों की संख्या में उछाल को देखते हुए मंत्रालय ने लोगों से अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी है जैसे कि लोगों के बीच हमेशा मास्क पहनकर रहना, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना इत्यादि। न्यूजीलैंड वर्तमान में कोविड-19 सुरक्षा ढांचे के ऑरेंज सेटिंग्स के तहत आ रहा है, जहां सार्वजनिक सभाओं में लोगों की उपस्थिति की कोई सीमा नहीं है।

### इमरान के खिलाफ देशद्रोह के मामले पर चर्चा हेतु गठित समिति

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने कहा है कि सरकार ने शुक्रवार को एक समिति गठित की जो इस पर चर्चा करेगी कि संविधान के अनुच्छेद 6 के तहत पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख इमरान खान के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए या नहीं। खलीज टाइम्स ने अपनी शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। अनुच्छेद 6 के मुताबिक, यदि कोई व्यक्ति बलपूर्वक अथवा किसी अन्य असंवैधनिक तरीके से संविधान को निरस्त करता है या तोड़ता है या निलंबित करता है या स्थगित करता है या ऐसी साजिश करता है तो वह देशद्रोह का दोषी होगा। इसमें दोषी पाये जाने पर मृत्युदंड का प्रावधान है। यह घटनाक्रम उच्चतम न्यायालय द्वारा एक विस्तृत निर्णय जारी करने के बाद आया है, जिसमें बताया गया है कि अदालत ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर नेशनल असेंबली के पूर्व उपाध्यक्ष कासिम खान सूरी के विवादास्पद फैसले को क्यों खारिज कर दिया था। न्यायमूर्ति मजहर आलम मियांखेल ने फैसले पर कहा, क्या यह संविधान के अनुच्छेद 6 के तहत आता है, इस पर सांसदों को विचार करना है कि क्या उन्हें इस तरह के असंवैधानिक कृत्य को यूं ही जाने देना चाहिए या इस पर कार्रवाई करनी चाहिए ताकि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो।

# श्रीलंकाई संसद ने रिक्त राष्ट्रपति पद की घोषणा करने के लिए बैठक की

**कोलंबो, एजेंसी**



श्रीलंका की संसद ने गोटबाया राजपक्षे के इस्तीफा देने के बाद राष्ट्रपति पद की रिक्ति की घोषणा करने के लिए शनिवार को एक संक्षिप्त बैठक की। राजपक्षे देश की अर्थव्यवस्था को न संभाल पाने के कारण अपने और अपने परिवार के खिलाफ बढ़ते जन आक्रोश के बीच सिंगापुर चले गए हैं और उन्होंने वहीं से ही इस्तीफा पत्र भेजा। सिंगापुर जाने से पहले वह मालदीव गए थे। संसद के महासचिव धम्मिका दासनायके ने 13 मिनट के विशेष सत्र के दौरान राष्ट्रपति पद के लिए रिक्ति की घोषणा की। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे का इस्तीफा पत्र पढ़ा गया। संसद के संचार निदेशक जनकांत डी सिल्वा ने पहले कहा, 1981 के राष्ट्रपति चुनाव (विशेष प्रावधान) कानून संख्या दो की धारा चार के अनुसार रिक्ति होने के तीन दिन के भीतर संसद का सत्र आहूत करना होता है। इस बीच, विपक्ष के मुख्य नेता सजीत प्रेमदास ने 20 जुलाई को होने वाला राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की आधिकारिक घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा, मैं राष्ट्रपति चुनाव लड़ रहा हूं। भले ही यह एक कठिन कार्य संघर्ष है लेकिन मुझे भरोसा है कि सच की जीत होगी। श्रीलंका की 255 सदस्यीय संसद में गोटबाया राजपक्षे की सत्तारूढ़ श्रीलंका पोदुजन पेरामुन (एसएलपीपी) का दबदबा है। एसएलपीपी ने कार्यवाहक राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे का समर्थन करने की औपचारिक घोषणा की है। हालांकि, पार्टी के भीतर ही कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं। पार्टी अध्यक्ष जी एल पीरिस ने कहा कि पार्टी को अपने सदस्य के अलावा किसी और वोट नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी को डुलास अलाप्पेरुमा का समर्थन करना चाहिए। पार्टी अंतिम फैसला लेने के लिए शनिवार को बैठक करेगी। अलाप्पेरुमा एसएलपीपी से अलग हो चुके धड़े के नेता हैं। श्रीलंका में 1978 के बाद से पहली बार देश के अगले राष्ट्रपति का चुनाव सांसदों द्वारा गुप्त मतदान के जरिए होगा न कि जनादेश के जरिए। इससे पहले केवल 1993 में कार्यकाल के बीच में ही राष्ट्रपति का पद खाली हो गया था जब तत्कालीन राष्ट्रपति राणासिंघे प्रेमदास की हत्या कर दी गयी थी। संसद ने इसके बाद सर्वसम्मति से डी बी विजेतुंगा को राष्ट्रपति चुना था। श्रीलंका का नया राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के नवंबर 2024 तक के बाकी के कार्यकाल के लिए ही होगा। अगले सप्ताह होने वाले चुनाव की दौड़ में विक्रमसिंघे सबसे आगे होंगे। 73 वर्षीय विक्रमसिंघे को अभूतपूर्व आर्थिक संकट से निपटने के लिए मई में प्रधानमंत्री बनाया गया था। उनकी यूनाइटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) 2020 के संसदीय चुनाव में हार गयी थी। विक्रमसिंघे 1977 के बाद से पहली बार कोई सीट जीतने में नाकाम रहे थे। संसद में संख्या बल नहीं होने के चलते वह एसएलपीपी पर निर्भर हैं। प्रेमदास (55) लंबे समय तक विक्रमसिंघे की छत्रछाया में रहे लेकिन बाद में उन्होंने अपनी अलग पार्टी बना ली थी। उनकी नव गठित एसजेबी ने 2020 के चुनाव में विक्रमसिंघे की पार्टी को उसके सभी गढ़ों में मात दी थी और मुख्य विपक्षी दल के तौर पर उभरी थी। दूसरी ओर, फील्ड मार्शल सरत फोन्सेका (71) भी राष्ट्रपति पद के संभावित उम्मीदवार हो सकते हैं। उन्होंने उग्रवादी संगठन लिट्टे को हराने में अहम भूमिका निभायी थी। फोन्सेका को सिंहली बौद्ध बहुसंख्यक आबादी का समर्थन हासिल है।

### श्रीलंका में नये राष्ट्रपति को चुनने की प्रक्रिया शुरू

**कोलंबो।** श्रीलंका में राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के देश छोड़कर चले जाने के बाद अब यहां के सांसदों ने एक नए नेता को चुनने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो पूर्व राष्ट्रपति के शेष कार्यकाल को पूरा करेगा। खलीज टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने शुक्रवार को अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। वह तब तक यह कार्यभार संभालते रहेंगे जब तक कि संसद द्वारा श्री राजपक्षे के उत्तराधिकारी का चुनाव नहीं कर लिया जाता। उल्लेखनीय है कि श्री राजपक्षे का कार्यकाल 2024 में समाप्त हो रहा है। इस बीच, स्पीकर महिंदा यापा अभयवर्धन ने इसके लिए एक स्वच्छ राजनीतिक प्रक्रिया का भी वादा किया है। देश के नए राष्ट्रपति, नए प्रधानमंत्री नियुक्ति कर सकते हैं, जिसे संसद द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। इस बीच, राजधानी कोलंबो में संसद भवन की चारों ओर सुरक्षा बढ़ा दी गई है, सशस्त्र नकाबपोश सैनिकों की तैनाती की गई है और इसके आसपास की सड़कों को आम जनता के लिए बंद कर दिया गया है। टेलीविजन पर दिए एक बयान में श्री विक्रमसिंघे ने कहा कि वह राष्ट्रपति की शक्तियों को सीमित करने, संसद को अधिक शक्तिशाली बनाने, कानून व्यवस्था बहाल करने और विद्रोहियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के मद्देनजर संविधान में बदलाव के लिए कदम उठाएंगे।

## दुनिया को कोरोना की नई लहर के लिए तैयार रहना चाहिए: सौम्या स्वामीनाथन

**जिनेवा, एजेंसी**

कोरोना वायरस के ओमीक्रोन वैरिएंट के नए उपसंस्करण (सबवैरिएंट) बी.4 और बी.5 के ज्यादा संक्रामक स्वरूप (स्ट्रेन) उभरने, प्रतिरक्षा को भेदन में सक्षम होने और अस्पताल में भर्ती होने की बढ़ती दर को लेकर चिंताओं के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने पूरी दुनिया को आगाह किया कि कोविड-19 की नई लहरों के लिए तैयार रहना चाहिए। ओमीक्रॉन के सब वैरिएंट-बीए.5 वैक्सीन लगने और कोविड संक्रमित हो चुके की कोविड प्रतिरक्षा को धता बताते हुए फिर से संक्रमित कर रहा है।

स्वामीनाथन ने गुरुवार को ट्वीट किया कि हमें कोविड-19 की नई लहरों के लिए तैयार रहना चाहिए। वायरस का प्रत्येक वैरिएंट और संक्रामक तथा प्रतिरक्षा को भेदने वाला होगा।

ज्यादा लोगों के संक्रमित होने से बीमारों और अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या बढ़ेगी। सभी देशों के पास आंकड़ों के आधार पर उभरते हालात से निपटने की योजना होनी चाहिए।


स्वामीनाथन ने वर्ल्ड बैंक ग्रुप में वरिष्ठ सलाहकार फिलिप शेलेकंस के ट्वीट के जवाब में यह बात कही। शेलेकंस ने कहा कि हम कोविड-19 की मृत्यु दर में वैश्विक स्तर पर बदलाव देख रहे हैं। महीनों तक मृत्यु दर में कमी आने के बाद, यह फिर से बढ़ने लगी है। उन्होंने कहा कि यह हैरानी की बात नहीं है क्योंकि संक्रमण को नियंत्रित करने के प्रति ढिलाई वाला दृष्टिकोण अपनाया जा रहा और वैश्विक स्तर पर टीकाकरण कार्यक्रम भी सुस्त है।

शेलेकंस ने कहा कि हाई इंकम वाले देशों और मध्यम आय वाले देशों में भी महामारी फैल रही है। उन्होंने उल्लेख किया कि उच्च आयदर वाले देशों में अमेरिका, फ्रांस, इटली, जर्मनी और जापान वैश्विक महामारी के उभार के वाहक बन रहे जबकि मध्यम आय वाले देशों में ब्राजील अग्रणी है। उन्होंने कहा कि मृत्यु दर तेजी से बढ़ने लगी है। शेलेकंस ने कहा कि वैश्विक मृत्यु दर के मामले में अमेरिका और ब्राजील सबसे आगे हैं।

डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अदनोम घ्रबेयिसस ने इस सप्ताह की शुरूआत में कहा था कि वह चिंतित हैं कि कोविड-19 के बढ़ रहे मामले स्वास्थ्य प्रणालियों और स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों पर और दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं मौतों के बढ़ते मामलों को लेकर भी चिंतित हूं।

## ईरान बनेगा शंघाई सहयोग संगठन का नौंवा सदस्य

**बीजिंग, एजेंसी**



ईरान शंघाई सहयोग संगठन का नौंवा सदस्य देश बनेगा। यह जानकारी एससीओ के महासचिव झांग मिंग ने शुक्रवार को दी। उन्होंने कहा कि बेलारूस ने सदस्यता के लिए आवेदन किया है। झांग ने कहा कि ईरान को शामिल करने का निर्णय गत वर्ष दुशांबे में आयोजित सम्मेलन में लिया गया था और बेलारूस ने एससीओ में शामिल होने के लिए आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ईरान संगठन का पूर्णकालिक सदस्य होगा।

उज्बेकिस्तान के समरकंद में 15-16 सितंबर के बीच होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन होगा। झांग ने कहा कि एससीओ के सदस्य देश, नए सदस्य के शामिल होने पर निर्णय लेने के लिए आम सहमति की व्यवस्था को अपनाते हैं और इसी के तहत बेलारूस के आवेदन पर विचार किया जाएगा। भारत और पाकिस्तान को 2017 में एससीओ में शामिल किया गया था जिसके बाद संगठन का यह पहला विस्तार है। संगठन का मुख्यालय बीजिंग में है और यह आठ सदस्यीय सुरक्षा समूह है जिसमें चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजीकिस्तान, उज्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान शामिल है। कोविड-19 महामारी के कारण पिछले दो वर्षों में ऑनलाइन एससीओ सम्मेलन का आयोजन किया गया था। वुहान में 2019 के अंत में कोरोना वायरस जनित महामारी फैलने के बाद से शी ने चीन के बाहर यात्रा नहीं की है।

## बाइडेन ने सऊदी क्राउन प्रिंस के सामने उठाया खगोशी हत्याकांड का मुद्दा

**रियाद, एजेंसी**



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन शुक्रवार को सऊदी अरब पहुंचे। इस दौरान सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों के बीच बैठक हुई जिसमें राष्ट्रपति बाइडेन ने पत्रकार जमाल खगोशी की हत्या का मुद्दा उठाया।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका में राष्ट्रपति बनने से पहले बाइडेन ने मानवाधिकार को लेकर सऊदी अरब की काफी आलोचना की थी और अब यहां उनके इस दौरे को दोनों देशों के बीच दूरी को कम करने, संबंध को मजबूत बनाने की दिशा में एक नई शुरूआत के तौर पर देखी जा रही है। श्री बाइडेन ने कहा कि बैठक में उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि साल 2018 में हुई खगोशी की हत्या का मामला उनके और अमेरिका के लिए बेहद अहम है।

इसके साथ ही दोनों पक्षों के बीच कई अन्य मुद्दों को लेकर भी आपसी सहमति बनी। अक्तूबर, 2018 में तुर्की की राजधानी इस्तांबुल स्थित सऊदी वाणिज्य दूतावास में सऊदी अरब मूल के अमेरिकी पत्रकार और सऊदी सरकार के मुखर आलोचक जमाल खगोशी की हत्या कर दी गई थी।

इस घटना के बाद बाइडेन की इस यात्रा की आलोचना की जा रही है। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान पर अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने हत्या को मंजूरी देने का आरोप लगाया था, हालांकि वह इन आरोपों से लगातार इनकार करते रहे। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, इस पर श्री बाइडेन ने जानकारी दी कि क्राउन प्रिंस ने दावा किया है कि वह जमाल खगोशी की मौत के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार नहीं हैं।

इस बीच, श्री बाइडेन ने इस बात की भी घोषणा की कि सऊदी अरब ने अमेरिकी राष्ट्रपति की यात्रा से ठीक पहले इजरायल के विमानों को अपने एयर स्पेस से गुजरने की अनुमति दे दी है, जिस पर रोक लगी हुई थी।

## सरकार, कृषि व किसान को दे प्राथमिकता: कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि देश में किसानों को हक दिलाने, उनकी समस्याओं का समाधान करने तथा केंद्र सरकार पर किसान तथा खेत मजदूर को प्राथमिकता देने के लिए पार्टी लगातार संघर्ष करेगी और सरकार पर दबाव बनाने का काम करेगी। किसान एवं खेत मजदूर कांग्रेस के नवनियुक्त प्रमुख एस सुखपाल सिंह खैरा ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार को किसानों की तरक्की के लिए तत्काल उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएससी देना चाहिए और किसानों की खुशहाली के लिए काम करना चाहिए खैरा ने कहा कि इस समय देश में किसान मजदूर की हालत बहुत नाजुक है।

अकेले पंजाब में किसानों पर लाखों रुपए का कर्ज है और इसके कारण पंजाब का किसान लगातार आत्महत्या करने को मजबूर हो रहा है। यही नहीं, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, कर्नाटक आदि कई राज्यों में किसान केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आत्महत्या करने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2000 से लेकर 2015 तक 4.5 लाख किसानों और खेत मजदूरों ने आत्महत्या की है। इसकी वजह कृषि को महत्व नहीं देना और सरकार का पूरा ध्यान शहरीकरण पर होने और ग्रामीण क्षेत्र पर ध्यान नहीं देना है। यही वजह है कि वैश्विक स्तर पर भूख के आंकड़े में भारत का स्तर लगातार गिर रहा है।

प्रवक्ता ने कहा कि 50 साल पहले किसान तीन क्विंटल गेहूं बेचकर एक तोला सोना खरीद सकता था लेकिन आज 25 क्विंटल गेहूं बेचकर किसान एक तोला सोना खरीद सकता है और किसानों के साथ न्याय नहीं है।

## सोनिया गांधी ने अपनी तिजोरी से तीस्ता सीतलवाड़ को दिए थे पैसे: भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

गुजरात सरकार द्वार गठित एसआईटी की रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासों के बाद भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोला। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, तीस्ता सीतलवाड़ ने गुजरात सरकार को गिराने और पीएम मोदी को फंसाने के लिए जो कुछ भी किया, वह कांग्रेस के इशारे पर किया गया था। उन्होंने कहा, कांग्रेस द्वारा तीस्ता को करीब 30 लाख रुपये का भुगतान किया गया था। पात्रा ने कहा, जो कुछ भी किया वह सिर्फ गुजरात और मोदी सरकार को बदनाम करने के लिए किया गया था। यह पूरी साजिश सत्ता पाने के लिए रची गई थी। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपनी तिजोरी से तीस्ता सीतलवाड़ को पर्सनल यूज के लिए पैसे दिए थे। उन्होंने कहा, इस पूरे खेल को अहमद पटेल ने अंजाम दिया था, लेकिन इसके पीछे सोनिया गांधी ही थीं। दरअसल, अहमद पटेल उस समय कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी के राजनीतिक सलाहकार थे। संबित पात्रा ने कहा, चोरी-चोरी, चुपके-चुपके रात के अंधेरे में ये सभी षड्यंत्रकारी संजीव भट्ट, तीस्ता सीतलवाड़, श्रीकुमार अहमद पटेल के घर पर मिले। उसके बाद कांग्रेस के बड़े-बड़े दिग्गज नेताओं से मिले, सिर्फ इसलिए ताकि वो गुजरात की सरकार को गिरा सकें और नरेंद्र मोदी की छवि को खराब कर सकें। दरअसल, शुक्रवार को एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को 2002 में गुजरात सरकार को अस्थिर करने के लिए कांग्रेस फंड मिला था। एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सीतलवाड़ 2002 में गोधरा में ट्रेन जलने की घटना के तुरंत बाद गुजरात में निर्वाचित सरकार को अस्थिर करने के लिए एक बड़ी साजिश रच रही थीं। यही नहीं इसके लिए उन्हें प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दल के एक बड़े नेता से वित्तीय सहायता भी मिली थी। एसआईटी के मुताबिक, आरोपी सीतलवाड़ ने शुरू से ही इस षड़यंत्र का हिस्सा बनना शुरू कर दिया था। उन्होंने गोधरा ट्रेन की घटना के कुछ दिनों बाद ही अहमद पटेल के साथ बैठक की थी और पहली बार में उन्हें पांच लाख रुपये दिए गए थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के निर्देश पर एक गवाह ने उन्हें पैसे दिए। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि दो दिन बाद शाहीबाग में सरकारी सर्किट हाउस में पटेल और सीतलवाड़ के बीच हुई बैठक में गवाह नेव पटेल के निर्देश पर सीतलवाड़ को 25 लाख रुपये और दिए। रिपोर्ट के मुताबिक, बैठक में दिया गया कैश किसी राहत संबंधी कोष का हिस्सा नहीं था। इसमें यह भी कहा गया है कि इन बैठकों में कई राजनीतिक नेताओं की मौजूदगी की भी पुष्टि होती है।

## निचली अदालतों, उच्च न्यायालयों में स्थानीय भाषा को बढ़ावा दिया जाना चाहिए : किरेन रिजीजू

**जयपुर, एजेंसी**



केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजीजू ने शनिवार को कहा कि निचली अदालतों और उच्च न्यायालयों की कार्यवाही में क्षेत्रीय और स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। स्थानीय अदालतों में क्षेत्रीय एवं स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा दिए जाने की वकालत करते हुए रिजीजू ने शनिवार को कहा, अदालत की भाषा अगर आम भाषा होगी तो हम कई समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

मंत्री ने कहा कि मातृभाषा को अंग्रेजी से कम नहीं आंका जाना चाहिए और कहा कि वह इस विचार से सहमत नहीं हैं कि एक वकील को अधिक सम्मान, मामले या फीस केवल इसलिए मिलनी चाहिए क्योंकि वह अंग्रेजी में अधिक बोलता है। रिजीजू ने कहा, उच्चतम न्यायालय में दलीलें और फैसले अंग्रेजी में होते हैं। लेकिन हमारा दृष्टिकोण यह है कि उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों में क्षेत्रीय और स्थानीय भाषाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। रिजीजू ने यहां 18वें अखिल भारतीय विधिक सेवा प्राधिकरणों के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। केंद्रीय कानून मंत्री ने देश की अदालतों में लंबित मामलों की बड़ी संख्या पर चिंता जताते हुए कहा कि न्यायपालिका और सरकार को मिलकर इस दिशा में कदम उठाने की जरूरत है।

रिजीजू ने कहा कि न्याय का द्वार सबके लिए समान रूप से खुला होना चाहिए। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि सरकार और न्यायपालिका के बीच बहुत अच्छा तालमेल होना चाहिए, ताकि आम आदमी की सेवा करने, उसे न्याय दिलाने के लक्ष्य में कोई विलंब नहीं हो और कोई न्याय से वंचित नहीं रहे। कानून मंत्री ने कहा कि संसद के अगले सत्र में 71 अलग-अलग कानून निरस्त किए जाएंगे।

अदालतों में लंबित मामलों की संख्या पर चिंता जताते हुए रिजीजू ने कहा, आजादी के अमृत महोत्सव काल में देश की अदालतों में कुल लंबित मामलों की संख्या लगभग पांच करोड़ हो गई है।

इन पांच करोड़ लंबित मामलों के समाधान के लिए न्यायपालिका और सरकार के बीच तालमेल से हर संभव कदम उठाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, कोई भी अदालत सिर्फ विशिष्ट लोगों के लिए नहीं होनी चाहिए। अगर कोई भी कारण आम आदमी को न्यायालय से दूर करता है तो वह हमारे लिए बहुत चिंता का विषय है। मैं हमेशा मानता हूं कि न्याय का द्वार सबके लिए खुला हो और सबके लिए बराबर हो।

राजनीति

**रमेश: प्रधानमंत्री की राजनीतिक प्रतिशोध वाली मशीन उन लोगों को भी नहीं छोड़ती जो उनके राजनीतिक विरोधी रहे।**

## अहमद पटेल के खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे और मनगढ़ंत : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि गुजरात पुलिस के विशेष जांच दल की ओर से दिवंगत नेता अहमद पटेल के खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे और मनगढ़ंत हैं तथा यह 2002 के सामूहिक हत्या मामले में अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक व्यवस्थित रणनीति का हिस्सा है। एसआईटी ने तीस्ता सीतलवाड़ की जमानत याचिका का विरोध करते हुए गुजरात की अदालत के समक्ष दावा किया कि वह 2002 के दंगों के बाद राज्य में भाजपा सरकार को बर्खास्त करने की मंशा संबंधी दिवंगत कांग्रेस नेता अहमद पटेल के इशारे पर की गई बड़ी साजिश का हिस्सा थीं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान जारी कहा, कांग्रेस दिवंगत अहमद पटेल के खिलाफ गढ़े गए शरारतपूर्ण आरोपों को पुरजोर तरीके से खारिज करती है। यह प्रधानमंत्री की उस व्यवस्थित रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत वह 2002 में उनके मुख्यमंत्री रहने के दौरान हुई सांप्रदायिक सामूहिक हत्या को लेकर किसी भी जिम्मेदारी से खुद को बचाना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया, इस सामूहिक हत्याकांड को नियंत्रित करने की उनकी अनिच्छा और अक्षमता के कारण ही तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने उस वक्त के मुख्यमंत्री को राजधर्म की याद दिलाई थी। रमेश ने कहा, प्रधानमंत्री की राजनीतिक प्रतिशोध वाली मशीन उन लोगों को भी नहीं छोड़ती जो उनके राजनीतिक विरोधी रहे और अब इस दुनिया में नहीं रहे। यह एसआईटी अपने राजनीतिक आकाओं की धुन पर नाच रही है और उसे जो कहा जाएगा वही करेगी। हम जानते हैं कि पहले के एक एसआईटी प्रमुख को राजनयिक जिम्मेदारी से नवाजा गया क्योंकि उन्होंने मुख्यमंत्री को क्लीन चिट दी थी। उन्होंने दावा किया, न्यायिक प्रक्रिया के चलने के दौरान अपनी कठपुतली एजेंसियों के जरिए अनर्गल आरोप लगाकर प्रेस के माध्यम से फैसला सुनाना मोदी-शाह की तरकीबों की वर्षों से पहचान रही है।

### भारत ने श्रीलंका को मदद जारी रखने का आश्वासन दिया

**कोलंबो।** भारत ने श्रीलंका में अभूतपूर्व राजनीतिक संकट और आर्थिक बदहाली के बीच शनिवार को उसे आश्वस्त किया कि वह देश के लोकतंत्र, स्थिरता और आर्थिक बहाली में सहयोग करता रहेगा। श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले ने संसद अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धने को एक मुलाकात में यह आश्वासन दिया। यह मुलाकात ऐसे समय हुई जब एक दिन पहले अभयवर्धने ने गोटबाया राजपक्षे का राष्ट्रपति पद से इस्तीफा मंजूर कर लिया था। भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट किया कि बैठक में उच्चायुक्त बागले ने खासतौर से ऐसे अहम मोड़ पर लोकतंत्र तथा संवैधानिक ढांचे को बनाए रखने में संसद की भूमिका की सराहना की। उन्हें यह बताया कि हम श्रीलंका के लोकतंत्र, स्थिरता और आर्थिक बहाली में सहयोग करते रहेंगे।

## अमेरिकी संसद के निचले सदन में गर्भपात कानून को मंजूरी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में गर्भपात संबंधी कानून बहाल करने को लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी के कांग्रेस के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में शुक्रवार को गर्भपात संबंधी कानून को लेकर पेश किए गए दो विधेयकों को मंजूरी मिल गई। सुप्रीम कोर्ट पिछले महीने गर्भपात पर रोक लगा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसला का अमेरिका में तीखा विरोध हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट के 1973 के रो बनाम वेड केस को पलटने के बाद सदन ने शुक्रवार को गर्भपात संबंधी कानून के दो विधेयक पारित किए। गर्भपात अधिनियम तक पहुंच सुनिश्चित करने वाला दूसरा बिल 205 के मुकाबले 223 मतों से पारित हुआ। यह कानून उन महिलाओं की सुरक्षा प्रदान करता है जिनका गृह राज्य इसकी अनुमति नहीं देता और वह गर्भपात के लिए दूसरे राज्य की यात्रा करती हैं। रिपब्लिकन सहित तीन जीओपी सांसदों ने इस विधेयक का समर्थन किया। एडम किंजिंगर, फ्रेड और कुएलर ने इस विधेयक के पक्ष में मतदान किया। हाउस मेजारिटी लीडर स्टेनी होयर ने घोषणा की है कि अगले सप्ताह सदन गर्भनिरोधक के अधिकार अधिनियम पर मतदान करेगा।उल्लेखनीय है कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के रो बनाम वेड मामले से संबंधित फैसले को पलटते की राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी निंदा की है। कुछ दिन पहले राष्ट्रपति जो बाइडन ने गर्भपात के अधिकार की रक्षा के उद्देश्य से नए कदमों की घोषणा करते हुए एक कार्यकारी आदेश पारित कर दिया था। जो बाइडन ने कहा था- यह आदेश गर्भपात देखभाल और गर्भ निरोधकों तक पहुंच की रक्षा करेगा। आदेश के मुताबिक गर्भपात कराने के लिए राज्य की सीमाओं को पार करने वाले लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए निजी और निशुल्क वकीलों की व्यवस्था की जाएगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।)
RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129